ईश्वर में हमारा विश्वास

सत्यमेव जयते

# राष्ट्रीय नवीन मेल

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

महेंद्र सिंह धोनी की याचिका पर... पेज 10 पर



www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 04 ● विक्रम संवत 2080 ● शनिवार, 16 दिसंबर 2023 ● वर्ष-24 ● अंक- 310 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

# अबुआ आवास योजना के तहत देंगे तीन कमरों का आवास : हेमंत सोरेन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची/खूंटी**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य में वर्ष 2021 से 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन शुरू हुआ है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ खूंटी के इस पावन भूमि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जन्म स्थल उलिहातु से हुआ था। वर्ष 2022 में भी इसका आयोजन किया गया और अब 2023 में तीसरे चरण के तहत राज्य के सभी पंचायत और गांव में इसका आयोजन उत्सव के रूप में किया जा रहा है।





मुख्यमंत्री शुक्रवार को खूंटी के कचहरी मैदान में आयोजित 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान सभी की जरूरत है। इसके बिना जीवन यापन मुश्किल है लेकिन झारखण्ड के जरूरतमंदों के लिए आठ लाख आवास की स्वीकृति केंद्र सरकार ने नहीं दी। अब हमारी सरकार राज्य संपोषित अबुआ आवास योजना के तहत अर्हता प्राप्त जरूरतमंद को योजना से आच्छादित कर रही है। यह तीन कमरों का सुसज्जित आवास होगा। केंद्र सरकार की अनदेखी के बाद यहां के लोगों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करना राज्य सरकार के लिए जरूरी था। पूर्व में 11 लाख राशन कार्ड रद्द कर दिया गया लेकिन आपकी सरकार ने 20 लाख लोगों को हरा राशन कार्ड से आच्छादित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2020 से पूर्व आखिर ऐसा क्या कार्य हुआ था कि ये विगत दो चरणों में हमें समस्याओं के लाखों आवेदन प्राप्त हुए। बुजुर्गों, दिव्यांगों, छात्र-छात्राओं, युवाओं, महिलाओं सभी की अपनी-अपनी समस्याएं थी। इससे प्रतीत हुआ कि पूर्व में प्रखंड में कार्यरत पदाधिकारी और कर्मी एवं जिला मुख्यालय में कार्यरत अधिकारियों और कर्मियों ने कभी गांव-पंचायत का रुख नहीं किया और न ही पूर्व में इन समस्याओं को दूर करने के प्रति संवेदनशीलता दिखाई गई लेकिन आज अर्हता प्राप्त सभी जरूरतमंदों को राज्य सरकार पेंशन दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्वजन पेंशन योजना लागू करने वाला झारखंड देश का पहला राज्य है। सभी जरूरतमंदों को सामाजिक सुरक्षा से जोड़ना हमारा कर्तव्य है। हमारी सरकार आने वाले समय में भी जनहित का कार्य निरंतर करती रहेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब ऐसा कोई घर नहीं जहां सरकार की योजना का लाभ नहीं मिला हो। अब स्थिति बदल गई है। पदाधिकारी और कर्मी अब पूरे ब्लॉक ऑफिस के संसाधनों के साथ आपके द्वार पर बैठे हुए हैं। अब हाथों-हाथ आय प्रमाण पत्र ,जाति प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, सावित्रीबाई फुले किशोरी योजना, साइकिल वितरण योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ मिल रहा है। हमारी सरकार का प्रयास है कि योजनाओं का लाभ लेने के लिए आपको ब्लॉक या जिला कार्यालय जाने की जरूरत न पड़े। इसलिए इन्हें आपके द्वार में बैठा दिया है। यदि इस कार्य में कोई भी बिचौलिया सामने आता है, तो इसकी जानकारी दें। उस पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब परिवार की सभी बेटियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ मिलेगा। 12वीं के बाद भी उच्च शिक्षा में सरकार झारखंड की बेटियों को आर्थिक सहयोग करेगी। बेटियां सिर्फ डिग्री नही लेंगी, बल्कि इससे आगे इंजीनियरिंग, डॉक्टर, लॉ आदि समेत अन्य उच्च शिक्षा की ओर भी अग्रसर हो सकेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार यहां के छात्र-छात्राओं को गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत आर्थिक मदद करेगी। साथ ही यदि आप ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### सीएम की प्रधान सचिव 16 से छुट्टी पर, अजय सिंह को अतिरिक्त प्रभार

**रांची।** मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना दादेल 16 से 28 दिसंबर तक अवकाश पर रहेंगी। उनके अवकाश पर रहने की स्थिति में ग्रामीण कार्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह को मंत्रिमंडल सचिवालय एवं संबंध में विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इस संबंध में शुक्रवार को कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

### हथियार के साथ दो अपराधी गिरफ्तार



**रांची।** अरगोड़ा थाना पुलिस ने हथियार के साथ दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में ठाकुर धमेन्द्र सिंह उर्फ बबलू सिंह और रविन्द्र सिंह उर्फ बिट्टू सिंह शामिल है। इनके पास से एक देशी पिस्टल, दो मैग्जीन, छह जिंदा गोली, एक खोखा, दो स्मार्ट फोन और एक बुलेट बरामद किया है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया गुप्त सूचना मिली थी कि इमली चौक से वीर कुवर सिंह चौक जाने के कम में जनता फ्लैट 17/1 के पास दो व्यक्ति काले रंग की बुलेट से आकर पिस्टल लहरा रहे है। साथ ही इनके जरिये फायरिंग भी की गई है। दोनों किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने के फिराक में है।

### आईपीएस अधिकारी को धोनी ने भेजवाया जेल

**बेंगलुरु।** मद्रास हाई कोर्ट ने महेंद्र सिंह धोनी के पक्ष में एक बड़ा फैसला सुनाया है। आईपीएस ऑफिसर संपत कुमार को हाई कोर्ट ने 15 दिन जेल की सजा सुनाई है। आईपीएस ने धोनी को फिक्सिंग में शामिल बताया था। मद्रास हाई कोर्ट ने अवमानना के केस में अपना फैसला सुना दिया।

(खबर पेज 10 पर देखें)

# बोकारो में 500 बेड का बनेगा मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल

## रांची के केतारी बागान में आरओबी सहित कैबिनेट में 23 प्रस्ताव को मिली मंजूरी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट भवन में हुई कैबिनेट की बैठक में 23 प्रस्तावों पर चर्चा के बाद सहमति प्रदान की गई। बैठक में जो महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित हुए उसमें बोकारो में 6 अरब 88 करोड़ 49 लाख 42 हजार 200 रुपये की लागत से 500 बेडेड मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल बनाने का प्रस्ताव शामिल है। रांची में केतारी बागान से नामकुम रेलवे स्टेशन के बीच आरओबी के निर्माण के लिए राशि स्वीकृत दी गयी। कैबिनेट में जमशेदपुर औद्योगिक नगरी की गठन की स्वीकृति भी प्रदान कर दी गयी। इसके अलावा राज्य में झारखंड राज्य उद्योग प्रोत्साहन नीति 2021 में आंशिक संशोधन के प्रस्ताव को कैबिनेट से मंजूरी दी गयी। अब इसके तहत एससी-एसटी को 05 प्रतिशत अनुदान अतिरिक्त होगा। झारखंड पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण अधिनियम में





संशोधन को स्वीकृति दी गयी है। अन्य प्रस्तावों में सावित्री बाई फुले योजना में दो बेटियों तक लाभ मिलने की कैपिंग समाप्त, अब माता की सभी पुत्रियों को मिलेगा योजना का लाभ। विधानसभा में हुई अनियमित नियुक्ति मामले में विक्रमादित्य कमिटी की रिपोर्ट की जटिलता दूर करने के लिए बनी जस्टिस रख मुखोपाध्याय की रिपोर्ट विधानसभा सचिवालय को समर्पित करने के प्रस्ताव पर सहमति दी गयी। 2021 में मैत्री क्रिकेट मैच में हुए खर्च 41.98 लाख की राशि को कैबिनेट मंजूरी।

बोकारो और गिरिडीह में गैरमजरूआ जमीन को क्षतिपूर्ति वनरोपण के लिए इएसएल वेदान्ता को देने की सहमति, प्रज्ञान नेशनल विश्वविद्यालय निरस्त किया गया, 2016 में इस निजी विश्वविद्यालय को अनुज्ञप्ति मिली थी। शाइन नेशनल विश्वविद्यालय के गठन के प्रस्ताव को मिली सहमति। जमशेदपुर में इंडस्ट्रियल टाउनशिप बनेगा, जो 15725 एकड़ में होगा। इसके लिए 10 सदस्यीय कमिटी के गठन होगा, जिसमें सरकार, टाटा और स्थानीय लोग शामिल होंगे। गुमला नगर परिषद, वंशीधनर नगर परिषद और दुमका नगर परिषद में सॉलिड वेस्टेज मैनेजमेंट के लिए राशि की स्वीकृति। अलग अलग क्षेत्रों में एनएच चौड़ीकरण और मजबूतीकरण के लिए राज्यांश की सहमति। सूचना एवं ई गवर्नेंस के लिए राशि स्वीकृत कर दी गयी। वित्त विभाग में नियोजन पदाधिकारी के ग्रेड पे और वेतनमान संशोधन को मंजूरी दी गयी। विनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी में भवन निर्माण और अन्य कार्य के लिए 77 करोड़ 72 लाख की स्वीकृति के साथ झारखंड राज्य सिविल सर्विस परीक्षा नियमावली में आंशिक संशोधन सहित कुल 23 प्रस्तावों को कैबिनेट में मंजूरी मिली।

# राजस्थान के 14वें सीएम बने भजनलाल

## दीया कुमारी-प्रेमचंद बैरवा ने ली उप मुख्यमंत्री पद की शपथ

**एजेंसी। जयपुर**

अल्बर्ट हॉल (रामनिवास बाग) के बाहर शुक्रवार को भजनलाल शर्मा ने अपने जन्मदिन पर ही राजस्थान के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। मनोनीत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और दो उप मुख्यमंत्रियों दीया कुमारी व प्रेमचंद बैरवा ने भी शपथ ग्रहण की। राज्यपाल कलराज मिश्र ने तीनों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत कई केन्द्रीय मंत्री, कई राज्यों के मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्रियों की मौजूदगी रही।



शपथ समारोह में भाग लेने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी पहुंचे। उनके बगल में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत बैठे। समारोह स्थल पर दो मंच तैयार किए गए थे। एक मंच पर देशभर से आए साधु-संतों को बिठाया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दोपहर बाद कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। दोपहर 1.04 बजे भजनलाल शर्मा ने सीएम पद की शपथ ली। 16 केंद्रीय मंत्री और विभिन्न राज्यों के 17 मुख्यमंत्री व उप मुख्यमंत्री इस समारोह के साक्षी बने।

भजनलाल शर्मा जयपुर की सीट से जीतकर मुख्यमंत्री बनने वाले पहले मुख्यमंत्री है। शपथ लेने के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और दोनों उप मुख्यमंत्रियों ने सचिवालय जाकर पदभार ग्रहण किया। राजस्थान में नई सरकार की ताजपोशी के अवसर पर अल्बर्ट हॉल में एंट्री को लेकर हंगामा हो गया। कई लोग बेरिकेड्स पर गिरे और कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की।

शपथ समारोह में भाग लेने के लिए मप्र के सीएम मोहन यादव, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी, गोवा के सीएम प्रमोद सावंत, महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे सहित कई वरिष्ठ नेता जयपुर पहुंचे। शपथ समारोह में शामिल होने के लिए जगदगुरु रामभद्राचार्य समेत देश के कई प्रमुख संत भी जयपुर पहुंचे। समारोह में केंद्रीय मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी, स्मृति ईरानी, पीयूष गोयल, धर्मेंद्र प्रधान, प्रहलाद जोशी, अश्विनी वैष्णव, गजेन्द्र सिंह शेखावत, भूपेन्द्र यादव, हरदीप सिंह पुरी, अनुराग ठाकुर, अर्जुनराम मेघवाल, नित्यानंद राय, एसपी सिंह बघेल, मनसुख मांडविया शामिल हुए।

इसके अलावा उत्तर प्रदेश के योगी आदित्यनाथ, गुजरात के भूपेन्द्रभाई पटेल, हरियाणा के मनोहर लाल खट्टर, मध्यप्रदेश के मोहन यादव, छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव साय, महाराष्ट्र के एकनाथ शिंदे, अरुणाचल प्रदेश के पेमा खांडू, असम के हिमंता बिस्वा सरमा, गोवा के प्रमोद सांवत, त्रिपुरा के माणिक साहा और मणिपुर के एन बीरेन सिंह, उत्तर प्रदेश के केशव प्रसाद मौर्या व ब्रजेश पाठक, अरुणाचल प्रदेश के चौना मीन, महाराष्ट्र के देवेंद्र फड़नवीस और नगालैंड के यानथुंगो शामिल हुए।

# केंद्रीय विद्यालयों ने देश के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई : पीएम मोदी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को केंद्रीय विद्यालय की हीरक जयंती के अवसर पर छात्रों, कर्मचारियों, सहायक कर्मचारियों और पूर्व छात्रों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय विद्यालयों ने देश के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि केन्द्रीय विद्यालय परिवार के सभी छात्रों, कर्मचारियों, सहायक कर्मचारियों और पूर्व छात्रों को उनकी हीरक जयंती पर बधाई। यह इस प्रतिष्ठित शैक्षिक समुदाय की उल्लेखनीय उपलब्धियों का जश्न मनाने और प्रशंसा करने का अवसर है। पिछले कुछ वर्षों में, केंद्रीय विद्यालयों ने कई छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करके हमारे देश के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### पीएम कल सूरत में

प्रधानमंत्री कल सूरत आएंगे। प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने चाक-चौबंद तैयारी करते हुए निषेधाज्ञा जारी की है। पुलिस आयुक्त अजय कुमार तोमर ने सूरत के डायमंड बुर्स क्षेत्र के 2 किलोमीटर क्षेत्र में ड्रोन उड़ाने पर मनाही की है। पीएम कल नवनिर्मित सूरत हीरा बुर्स का उद्घाटन करेंगे। साथ ही सूरत हवाईअड्डा के नए विस्तृतीकरण योजना की भी शुरूआत कराएंगे।

### 18 को स्वर्वेद मंदिर का करेंगे उद्घाटन

प्रधानमंत्री 18 को उत्तर प्रदेश में वाराणसी के उमराहा क्षेत्र में स्वर्वेद महामंदिर का औपचारिक उद्घाटन करेंगे। वीवाईएस की स्थापना की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर 25,000 कुंडों में यज्ञ के बीच समारोह आयोजित किया जाएगा।

# पैसा फर्म का आयकर को देंगे हिसाब : सांसद



**रांची।** कांग्रेस सांसद धीरज साहू ने आयकर की छापेमारी और उनके ठिकानों से कैश की बरामदगी पर पहली बार अपनी प्रतिक्रिया दी है। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा है कि आज जो हो रहा है, उससे वे दुखी हैं। उन्होंने कहा कि वे स्वीकार करते हैं कि बरामद पैसा उनकी फर्म का है। जो नकदी बरामद की गई है। वह उनकी शराब फर्मों से संबंधित है। इस पैसे का कांग्रेस या किसी अन्य राजनीतिक दल से कोई लेना-देना नहीं है। यह सारा पैसा उनका नहीं है। यह उनके परिवार और अन्य संबंधित फर्मों का है। आयकर ने छापेमारी की है। वे हर बात का हिसाब देंगे।

# पीएलएफआई के खिलाफ झारखंड सहित 4 राज्यों में राष्ट्रीय जांच एजेंसी की छापेमारी

## दो गिरफ्तार, गोला-बारूद बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) उग्रवादी संगठन के खिलाफ झारखंड सहित चार राज्यों में शुक्रवार को छापेमारी की। इस दौरान एनआईए ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। साथ ही हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है।

अधिकारिक जानकारी के अनुसार एनआईए ने पीएलएफआई उग्रवादी संगठन से जुड़े झारखंड, बिहार, मध्य प्रदेश और नई दिल्ली में कुल 23 स्थानों की तलाशी ली। इनमें झारखंड में 19 स्थान (गुमला, रांची, खूंटी, सिमडेगा, पलामू और पश्चिमी सिंहभूम जिले), बिहार (पटना जिला) और मध्य प्रदेश (सिद्धि जिले) में एक-एक स्थान और नई दिल्ली में दो स्थान शामिल हैं।

एनआईए ने जिन आरोपितों और संदिग्धों के खिलाफ कार्रवाई की, वे सभी झारखंड में पीएलएफआई के कैडर और समर्थक थे। वे हिंसक वारदातों और आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश में शामिल थे। छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किए गए दो लोगों की पहचान बिहार के रमन कुमार सोनू उर्फ सोनू पंडित और दिल्ली के दक्षिण-पश्चिम जिले के निवेश कुमार के रूप में हुई। तलाशी के दौरान दो पिस्तौल, जिंदा कारतूस (7.86 मिमी) तीन लाख रुपये समेत अन्य सामान बरामद किया गया है।

एनआईए की अब तक की जांच से पता चला है कि पीएलएफआई के कैडर झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ और ओडिशा में विभिन्न कोयला ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप के पांच ठिकानों पर एनआईए की छापेमारी



राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम शुक्रवार को जेल में बंद पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप के राज्य के खूंटी स्थित पांच ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। एनआईए की टीम जहां छापेमारी कर रही है, वे सभी दिनेश गोप के उग्रवादी गतिविधि से जुड़े हैं। उग्रवादियों और नक्सलियों के एक बड़े नेटवर्क पर मिले इनपुट के बाद के एनआईए ने यह कार्रवाई की है। इसके अलावा बिहार, दिल्ली और मध्यप्रदेश में कुल 26 ठिकानों पर एनआईए की रेड जारी है। उल्लेखनीय है कि पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप को एनआईए ने 21 मई को दिल्ली से गिरफ्तार किया था।

# देश आगे बढ़ रहा है और झारखंड में खेती किसानी पिछड़ रही है



सुनील बादल

**झारखंड** को सदियों से जंगल पहाड़ों के बाद खनिज और सस्ते ईमानदार मजदूरों के लिए जाना जाता है। आजादी के पहले जमशेदपुर में टाटा के कारखाने के बाद स्वतंत्र भारत में बोकारो, एचईसी जैसे बड़े कारखानों के बाद खनिज आधारित खनन उद्योग पनपा जिससे झारखंड एक समृद्ध राज्य माना जाता है पर यहां के आदिवासियों और मूल निवासियों का दर्द यही रहा कि बच्चे भूखे न रहें इसलिए यूपी,बिहारम,पंजाब और हरियाणा जैसे राज्यों ईंट भट्ठों से लेकर कृषि कार्य के लिए तो दिल्ली से लेकर



दक्षिण के राज्यों तक अन्य उद्योग धंधों में काम करने के लिए मौसमी से पलायन होता रहा है। असम,भूटान और अंडमान में लाखों की संख्या में स्थायी पलायन कर गए झारखंडियों ने अपनी भाषा संस्कृति तो बचा कर रखी है पर उन्हें अभी भी आरक्षण की सुविधा बाहरी मानकर नहीं मिली। इसकी जड़ में जाएं तो इसका बड़ा कारण खेती-किसानी का पिछड़ना है। झारखंड में मात्र 24 कृषि विज्ञान केंद्र हैं और मात्र एक कृषि विश्वविद्यालय है। राज्य में कुल बुवाई का क्षेत्र लगभग 1.57 लाख हेक्टेयर है जिसमें से 8 प्रतिशत क्षेत्र में ही सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो पाती है। झारखंड में स्थापित विद्युत क्षमता 2,590 मेगावाट है जो अभी भी अपर्याप्त है जिस कारण पीक आवर में लोड शेडिंग आम है। एक बड़ी समस्या और भी है वह है गलत लोगों को सरकारी योजनाओं से लाभ पहुंचाना जिससे लोग खेती करना नहीं चाहते और बिचौलिए के रूप में उन्हें अधिक कमाई होती है। झारखंड से प्रति वर्ष हजारों लोग काम की तलाश में दूसरे राज्यों में पलायन करने वालों की संख्या कितनी है इसका पता कोविड के समय जब आठ से नौ लाख लोगों की वापसी हुई तब पता चला। जब यह मानव संसाधन झारखंड वापस लौटा और कामों में हाथ बंटाया तो रिकार्ड उत्पादन हुआ। यह परिवर्तन कृषि व संबद्ध क्षेत्र में तो और भी सहज है, क्योंकि कृषि व संबद्ध क्षेत्रों के लिए किसी बड़ी तकनीकी योग्यता की आवश्यकता नहीं होती। पर राज्य के बहुत बड़े हिस्से में पुरानी तकनीक से ही खेती ही रही है। कृषि व संबद्ध क्षेत्र के मानकों पर झारखंड निचली पंक्ति में खड़ा दिखाई देता है। संभावनाएं हैं जिसे ईमानदार प्रयास का इंतजार है। राज्य में न तो कृषि योग्य भूमि की कमी है और न ही मानव संसाधन की। सरकारी योजनाओं की भरमार तो है ही। झारखंड में 38 लाख हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि है।खरीफ में अधिकतम 28 लाख हेक्टेयर में खेती की जाती है और रबी में महज 11 लाख हेक्टेयर तक तमाम प्रयास दम तोड़ देते हैं। यह आंकड़े इस बात की भी पुष्टि कर रहे हैं कि खरीफ में ही करीब 6.86 लाख हेक्टेयर भूमि परती रह जाती है। खाली पड़ी कृषि योग्य भूमि को उपयोग में लाने के कुछ प्रयास पिछले एक दशक में हुए भी हैं लेकिन उन्हें पर्याप्त नहीं कहा जा सकता। सिंचाई की सुविधाओं में विस्तार के साथ ग्रामीण क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में प्रयास काफी कुछ बदल सकते हैं। अमृत सरोवर जैसी योजनाओं को भी गंभीरता से लेना होगा। बिचौलियों को दूर कर किसानों तक सिर्फ बीज की आपूर्ति ही सुनिश्चित नहीं करनी होगी बल्कि उन्हें आधुनिक कृषि से जोड़ने के लिए कृषि उपकरण उपलब्ध कराने होंगे। किसानों के उत्पादों के लिए ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### घर में बंद युवक पर अपराधी कर रहे थे फायरिंग

# पुलिस ने खदेड़कर दो को दबोचा

## गाली-गलौज का बदला लेने असित के घर पहुंचे थे अपराधी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के हरमू जनता फ्लैट स्थित घर में बंद युवक पर बाइक सवार अपराधी फायरिंग करने लगे। इसकी सूचना मिलने के बाद अरगोड़ा पुलिस पहुंची और दोनों अपराधियों को खदेड़कर दबोच लिया। गिरफ्तार अपराधियों ने हरमू हाउसिंग कॉलोनी के रहने वाले ठाकुर धर्मेंद्र सिंह उर्फ बब्लू सिंह और रविंद्र सिंह उर्फ बिट्टू सिंह शामिल है। दोनों अपराधी पेशेवर हैं। इन अपराधियों के पास से पुलिस की टीम ने देसी पिस्टल, दो मैगजीन, छह गोली, एक खोखा के अलावा बाइक बरामद की है। मामले का खुलासा करते हुए सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि जनता फ्लैट में रहने वाले असित मिश्रा की हत्या करने के लिए दोनों अपराधी पहुंचे थे। असित ने खाने-पीने के दौरान अपराधियों के साथ गाली-गलौज की थी।

सिटी एसपी के अनुसार असित मिश्रा, बबलू सिंह और बिट्टू सिंह तीन दिन पहले एक स्थान पर खाना-पीना किया था। इस दौरान असित के साथ अपराधी की कहा-सुनी हुई थी। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### शातिर अपराधी है बब्लू

अपराधी ठाकुर धर्मेंद्र सिंह उर्फ बब्लू शातिर है। 2019 में हत्या के मामले में अरगोड़ा पुलिस ने उसे जेल भी भेजा था। इसके अलावा आरोपी पर कई मामले दर्ज हैं।

# माओवादियों को विस्फोटक सप्लाई का मामला, अहम सुराग हाथ लगे



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
माओवादियों के मगध जोन के कुख्यात नक्सली रहे 25 लाख के इनामी प्रद्युमन शर्मा के बेटे तरुण कुमार से रिमांड पर पूछताछ में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) को लेवी-रंगदारी, हथियार व विस्फोटक सप्लाई से संबंधित स्रोत की विस्तृत जानकारी दी है। तरुण कुमार दो दिन पहले ही एनआइए के हाथों गिरफ्तार हुआ था, जिसने बताया था कि पिता प्रद्युमन शर्मा की हजारीबाग पुलिस के हाथों पिछले साल अगस्त महीने में गिरफ्तारी के बाद कमजोर पड़ रहे माओवादी के मगध जोन को फिर से मजबूत करने में वह जुटा हुआ था और जेल में बंद अपने पिता के इशारे पर ही वह माओवादी संगठन को धार देने की कोशिश कर रहा था। तरुण कुमार से पूछताछ के बाद अब एनआइए माओवादियों के विस्फोटक सप्लाई का तार ढूढ़ रहा है। इसी सिलसिले में एनआइए ने बुधवार को रांची के तुपुदाना ओपी क्षेत्र के डुंडीगढ़ा निवासी सलीम खान उर्फ डब्बू खान के अलावा खूंटी के तिरला में भी छापेमारी की।

**डब्बू खान को पूछताछ के लिए एनआइए ने बुलाया :** एनआइए ने तुपुदाना के डुंडीगढ़ा निवासी डब्बू खान के आवास में छापेमारी की। उनसे माओवादी बोयदा पाहन व बिरसा पाहन को विस्फोटक सप्लाई किए जाने के मामले में जानकारी ली, जिसे डब्बू खान ने इंकार किया। डब्बू खान ने यह स्वीकार किया कि पहले वह पत्थर खदानों को लाइसेंसी अमोनियम नाइट्रेट सप्लायर से विस्फोटक लेकर अवैध पत्थर खदानों को सप्लाई करता था। चार साल से वह खदानों से पत्थर खरीदकर बेच रहा है।

# परमवीर अल्बर्ट एक्का गौरव रक्षा समिति ने पीएम को किया आमंत्रित



रांची। परमवीर अल्बर्ट एक्का गौरव रक्षा सम्मान समिति ने अल्बर्ट एक्का के जन्मदिन पर प्रधानमंत्री को उनके गांव आने का निमंत्रण दिया है। समिति के मुख्य संरक्षक चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि मैं खुद गुमला जिले से संबंधित हूं। अब इस समिति की ईच्छानुसार अल्बर्ट एक्का के व्यक्तित्व को देश के जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। जारी गांव जो आज विकास से काफी दूर है। हमलोग चाहते है कि प्रधानमंत्री स्वयं उस गांव में आये, जिससे कि उस क्षेत्र का विकास हो सके। कार्यक्रम के दौरान लवली चौबे, निशिकांत पाठक, अंसुता टोपनो, डॉ अटल पांडे, मनोहर टोपनो, प्रवीण मिश्रा,सुनील बहादुर, चंदा बड़ाइक, आदित्य मल्होत्रा, परेश गट्टानी, शैलेश अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, स्वामी दिव्यज्ञान और राजीव प्रकाश चौधरी आदि उपस्थित थे।

# हत्या करने के पहले ही पुलिस ने दो अपराधी को धर दबोचा



रांची। संजीत मिश्रा नाम के व्यक्ति की हत्या करने जा रहे दो युवकों को पुलिस ने धर दबोचा। एसएसपी को मिली गुप्त सूचना पर सिटी एसपी राजकुमार मेहता के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए दो बदमाशों को अरगोड़ा थाना क्षेत्र के इमली चौक के पास से हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। जिनके पास से एक पिस्तौल और जिंदा गोली भी बरामद किया गया। गिरफ्तार अपराधियों में ठाकुर धर्मेंद्र सिंह और रविन्द्र सिंह शामिल हैं। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि इमली चौक के जनता फ्लैट के पास संजीत मिश्रा की हत्या की नियत से दो अपराधी हथियार के साथ पहुंचे हैं, और फायरिंग की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। जिसके बाद पुलिस ने खदेड़ कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

# सीजीएल परीक्षा के 85 हजार से अधिक अभ्यर्थियों के आवेदन रद्द



**रांची।** जेएसएससी ने सीजीएल परीक्षा के 85023 अभ्यर्थियों के आवेदन को रद्द कर दिया है। इसको लेकर आयोग ने 297 पन्नों का नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया है। इन अभ्यर्थियों के आवेदन को रद्द करने का कारण विभिन्न त्रुटियों को बताया गया है। इस परीक्षा के लिए लगभग साढ़े 6 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। जेएसएससी ने अपने नोटिफिकेशन में आवेदन रद्द करने की कई वजह बताया है। जिसमें क्षेत्रीय भाषा का चयन नहीं करना। कुछ लोगों ने आरक्षण कोटि और दिव्यांगता के कॉलम में परिवर्तन किया। लेकिन शुल्क का भुगतान नहीं किया। इसके अलावा अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन से आगे की प्रक्रिया पूरी ही नहीं की। ज्ञात हो कि आयोग ने जेएसएससी सीजीएल परीक्षा के लिए नई तिथि 21 जनवरी और 28 जनवरी 2023 तय की है। तिथि में बदलाव को लेकर छात्रों का विरोध शुरू हो गया है।

# गुड न्यूज सेंटर ने मनाया प्री क्रिसमस गैदरिंग



**रांची।** गुड न्यूज सेंटर ने वाईएमसीए कांटा टोली के प्रांगण में प्री क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया। संस्था के निदेशक डॉ राकेश पॉल ने संदेश दिया कि प्रभु यीशु मसीह का जन्म सारे मानव जाति के लिए हुआ है। प्रभु यीशु मसीह का जन्म मानव जाति के उद्धार के लिए हुआ है। कार्यक्रम में ब्राजील से आयी हुई कैरोल सिंगिंग सिस्टर लिव ने प्रस्तुतिकरण रहा। गीत और नाटक के द्वारा यीशु मसीह का जन्मदिवस मनाया गया। कार्यक्रम में आशीष, ऋषि पूर्ति, शक्ति, सोनू, पवन और सागर शामिल थे।

# मॉनसून की बेरुखी से पैदावार प्रभावित, तलाशने होंगे वैकल्पिक उपाय : बादल

## मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत कांके में पशु पक्षी मेला सह प्रदर्शनी का उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
जलावायु परिवर्तन की वजह से राज्य के किसान बीते दो वर्षों से लगातार प्रभावित हो रहे है। खेती किसानी और बाड़ी पर हमारे राज्य के किसानों की आजीविका निर्भर है। ऐसे में मॉनसून की बेरुखी की वजह से कृषि की पैदावार प्रभावित हुई है। यह बातें कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री बादल पत्रलेख ने क्षेत्रीय निदेशक कार्यालय, कॉके में आयोजित मुख्यमंत्री पशुधन विकास के तहत पशु पक्षी मेल सह प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए कही। मंत्री श्री बादल ने कहा कि मौसम और बारिश के भरोसे खेती के बजाय किसानों को खेती के साथ साथ बाड़ी पर भी फोकस करने की जरूरत है। श्री बादल ने कहा कि हमें वैकल्पिक उपाय तलाशने होंगे। इसके



लिये पशुधन से बेहतर विकल्प और कोई नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि किसानों को अपनी आमदनी बढ़ानी है और अपने सपने को साकार करना है। तो आपको पशुओं की देखभाल, उनसे होने वाली आमदनी और उनके पोषण के बारे में पूरी जानकारी लेनी होगी। मतलब साफ है कि आपको उस क्षेत्र में प्रशिक्षित भी होना होगा। मंत्री ने कहा कि अगर एक किसान प्रशिक्षित होता है, तो वह किसान अपने गांव और क्षेत्र में 50 किसानों को व्यवहारिक तौर पर शिक्षित कर सकता है। विभाग ने कई स्तर पर प्रयास किये हैं और इसके सकारात्मक नतीजे भी सामने आये हैं। हमने जीर्ण-शीर्ण पशुधन केन्द्रों को पुनर्जीवित करने का काम किया है और आज इसकी शुरूआत हो चुकी है।

स्थानीय सूचना
प्रपत्र VI 'क'

## झारखण्ड सरकार, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
### (भू-अर्जन निदेशालय) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

### प्रारंभिक अधिसूचना
(अधिनियम–30 / 2013 की धारा–11(1) के अधीन)

संख्या–963 / भू0अ0 — दिनांक–13 / 12 / 2023

चूंकि झारखण्ड सरकार / समाहर्त्ता, कोडरमा को यह प्रतीत होता है, कि ग्राम–डोमचाँच थाना–डोमचाँच, थाना सं0–68, अंचल–डोमचाँच, जिला–कोडरमा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा बगडो से महेशपुर चौक सड़क चौडीकरण निर्माण हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है।

अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–डोमचाँच थाना–डोमचाँच, थाना सं0–68 अंचल–डोमचाँच, जिला–कोडरमा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–0.8740 एकड़ यानि– 0.3537 हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है............

मौजा–डोमचाँच थाना नं0–68, थाना–डोमचाँच, अंचल–डोमचाँच, जिला–कोडरमा।

| क्रम सं0 | खाता नं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | सर्वे किस्म (भूमि का प्रकार) | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 / द0 / पू0 / प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1239 | 10174 | रैयती | मकान–मय–सहन | 0.0150 | शम्भु मेहता पिता– बबुनी मेहता वो मसो0 यशोदा देवी पति–जीतन मेहता वो रामी मेहता वो काली मेहता पिता–हेमलाल महतो वो उपेन्द्र मेहता पिता–किशोर मेहता वो सुबोध मेहता वो संजय मेहता पिता–बिहारी मेहता वो युगली देवी पति–डेगन मेहता वो बाबुलाल मेहता वो मनोज मेहता पिता–कृष्णलाल मेहता वो रामजी मेहता वो आनन्दी मेहता पिता–कार्तिक मेहता | उ0–अंश भाग द0–प्लॉट–10175 पू0–रास्ता प0–अंश भाग |
| 2 | 1002 | 10175 | रैयती | मकान–मय–सहन 3 | 0.0180 | बैजनाथ महतो वो नन्दकिशोर महतो पिता–स्व0 पोखन महतो | उ0–प्लॉट–10174 द0–प्लॉट–10176 पू0–रास्ता प0–अंश भाग |
| 3 | 1002 | 10176 | रैयती | टांड एक | 0.0090 | राधा देवी पति– राजकुमार सिंह वो देवेन्द्र सिंह पिता– महराज सिंह वो इन्दु देवी पति–राजेन्द्र सिंह वो वैजन्ती देवी पति–अरूण | उ0–प्लॉट–10175 द0–प्लॉट–10177 पू0–रास्ता प0–अंश भाग |
| 4 | 1002 | 10177 | रैयती | टांड | 0.0080 | सिंह वो सकलदेव सिंह वो रामदेव सिंह पिता– जोबराज सिंह वो कामख्या नारायण सिंह वो उपेन्द्र नारायण सिंह सुरेन्द्र नारायण सिंह वो ओमप्रकाश सिंह पिता–जिवी सिंह | उ0–प्लॉट–10176 द0–प्लॉट–10182 पू0–रास्ता प0–अंश भाग |
| 5 | 327 | 10182 | रैयती | टांड दो | 0.0220 | शान्ति देवी पति–स्व0 सत्यनारायण मेहता वो मनोज वो पिन्दु पिता– कार्तिक मेहता वो गोपी मेहता वो रामनारायण मेहता वो प्रदीप मेहता वो राजदीप मेहता पिता– अशोक मेहता वो संजीत वो रंजीत पिता–गणेश मेहता वो सदानन्द मेहता पिता– श्यामकिशुन मेहता | उ0–प्लॉट–10170 द0–प्लॉट–10183 पू0–रास्ता प0–अंश भाग |
| 6 | 156 | 10183 | रैयती | टांड दो | 0.0040 | माधुरी देवी पति– सुबोध मेहता वो सुलोचना देवी पति– संजय मेहता | उ0–प्लॉट–10182 द0–प्लॉट–10184 पू0–रास्ता प0–अंश भाग |
| 7 | 963 | 10184 | रैयती | टांड दो | 0.0060 | सुबोध मेहता वो संजय मेहता पिता–बिहारी | उ0–प्लॉट–10183 द0–प्लॉट–10185 पू0–रास्ता प0–अंश भाग |
| 8 | 437 | 10185 | रैयती | पु0प0का0आ0 | 0.0080 | प्रकाश मेहता पिता–श्यामकृष्ण मेहता वो सरस्वती देवी पति–अनुप लाल मेहता वो गोरा देवी पति–बासदेव मेहता वो | उ0–प्लॉट–10184 द0–प्लॉट–10188 पू0–रास्ता प0–अंश भाग |
| 9 | 437 | 10188 | रैयती | टांड दो | 0.0110 | सहदेव मेहता पिता– अकल मेहता वो राजकुमार मेहता वो देवेन्द्र वो संजय मेहता पिता–विश्वनाथ मेहता वो सुरेन्द्र | उ0–प्लॉट–10185 द0–प्लॉट–10189 पू0–रास्ता प0–अंश भाग |
| 10 | 437 | 10189 | रैयती | टांड दो | 0.0100 | मेहता वो सुरेश मेहता पिता–सुखदेव मेहता वो नन्दकिशोर मेहता पिता–प्रेमचन्द मेहता वो हिरा मेहता | उ0–प्लॉट–10188 द0–प्लॉट–10190 पू0–रास्ता प0–अंश भाग |
| 11 | 437 | 10190 | रैयती | टांड दो | 0.0090 | पिता–सुखदेव मेहता वो हेमलाल मेहता वो युवराज मेहता वो हरी मेहता वो सहदेव मेहता पिता–छतरी मेहता वो चौधरी | उ0–प्लॉट–10189 द0–प्लॉट–10191 पू0–रास्ता प0–अंश भाग |
| 12 | 437 | 10191 | रैयती | टांड दो | 0.0130 | मेहता वो नारायण मेहता पिता–रूदो मेहता वो देवन्ती देवी पति–टुकी मेहता वो उमा देवी पति–प्रकाश मेहता वो अर्जुन मेहता वो बाबुलाल मेहता पिता–मेघलाल मेहता वो त्रिवेणी पिता–रूपलाल मेहता | उ0–प्लॉट–10190 द0–प्लॉट–10321 पू0–रास्ता प0–अंश भाग |
| 13 | 392 | 10321 | रैयती | टांड एक | 0.0130 | केदार शर्मा वो जागेश्वर शर्मा वो महेश शर्मा पिता–नाथो ठाकुर वो धनेश्वरी देवी पति–छाटेन शर्मा | उ0–प्लॉट–10191 द0–प्लॉट–10322 पू0–रास्ता प0–अंश भाग |
| 14 | 24 | 10322 | रैयती | पु0प0का0आ0 | 0.0070 | महेश शर्मा वो दिलचन्द शर्मा पिता– सोमर शर्मा | उ0–प्लॉट–10321 द0–प्लॉट–10324 पू0–रास्ता प0–अंश भाग |
| 15 | 1040 | 10324 | रैयती | टांड एक | 0.0060 | राजेश कुमार श्रीवास्तव पिता–भुनेश्वर प्रसाद | उ0–प्लॉट–10322 द0–रास्ता पू0–रास्ता प0–अंश भाग |
| 16 | 454 | 10327 | रैयती | टांड एक | 0.0020 | राजु मेहता पिता– ज्ञानचन्द मेहता वो रौशन कुमार पिता–राजू मेहता | उ0–प्लॉट–10326 द0–प्लॉट–10333 पू0–रास्ता प0–अंश भाग |
| 17 | 163 | 10333 | रैयती | मकान मै सहन | 0.0070 | रामेश्वर मेहता वो देवनारायण मेहता वो राजु मेहता पिता– स्व0 चमन मेहता वो कार्तिक मेहता वो बबुनी मेहता वो छोटन मेहता वो छोटी मेहता पिता–खरगधारी मेहता वो बैजनाथ मेहता वो नन्दकिशोर मेहता वो लाटो मेहता पिता– सोमर मेहता | उ0–प्लॉट–10327 द0–प्लॉट–10334 पू0–रास्ता प0–अंश भाग |
| 18 | 334 | 10334 | रैयती | टांड एक | 0.0030 | गोविन्द मेहता वो लल्लु मेहता वो तालेश्वर मेहता वो बाबुलाल मेहता पिता–मंगर मेहता वो लक्ष्मण मेहता वो सरोज मेहता वो छोटु मेहता पिता–मदन मेहता वो पंकज कुमार पिता–युवराज मेहता। | उ0–प्लॉट–10333 द0–प्लॉट–10481 पू0–रास्ता प0–अंश भाग |
| 19 | 175 | 10481 | रैयती | टांड दो | 0.0040 | युवराज मेहता वो पिता–स्व0 डेगलाल मेहता वो लक्ष्मण मेहता पिता–स्व0 लाल बिहारी मेहता वो किशोर मेहता वो अर्जुन मेहता वो महेश मेहता पिता–स्व0 रामप्रसाद मेहता | उ0–प्लॉट–10334 द0–प्लॉट–10482 पू0–रास्ता प0–अंश भाग |
| 20 | 285 | 10482 | रैयती | टांड दो | 0.0040 | अजय मेहता पिता– बबुनी मेहता वो लालो मेहता पिता–चेतलाल मेहता | उ0–प्लॉट–10481 द0–प्लॉट–10483 पू0–रास्ता प0–अंश भाग |
| 21 | 285 | 10483 | रैयती | टांड दो | 0.0020 | नुनुलाल मेहता वो अर्जुन मेहता वो सुरेश मेहता पिता–गिरधारी मेहता | उ0–प्लॉट–10482 द0–प्लॉट–10485 पू0–रास्ता प0–अंश भाग |
| 22 | 805 | 10485 | रैयती | टांड दो | 0.0030 | भरत मेहता वो मुंशी मेहता पिता–टुकलाल मेहता वो वीणा देवी पति–स्व0 सोमा मेहता वो लालमूनी मेहता पिता–टुकलाल मेहता | उ0–प्लॉट–10483 द0–प्लॉट–10486 पू0–रास्ता प0–अंश भाग |
| 23 | 363 | 10486 | रैयती | टांड दो | 0.0030 | कोकिल मेहता वो जगदीश मेहता वो गणपत मेहता पिता– श्री कार्तिक मेहता | उ0–प्लॉट–10485 द0–प्लॉट–10493 पू0–रास्ता प0–अंश भाग |
| 24 | 1330 | 10493 | रैयती | टांड दो | 0.0010 | कोकिल मेहता वो जगदीश मेहता वो गणपत मेहता पिता– श्री कार्तिक मेहता | उ0–प्लॉट–10486 द0–प्लॉट–10494 पू0–रास्ता प0–अंश भाग |
| 25 | 1041 | 10494 | रैयती | टांड दो | 0.0030 | अज्ञात | उ0–प्लॉट–10493 द0–प्लॉट–10570 पू0–रास्ता प0–अंश भाग |
| 26 | 426 | 10572 | रैयती | मकान–मय–सहन | 0.0060 | बसंती देवी पति–नथन मेहता वो बिहारी मेहता वो अयोध्या मेहता वो श्यामकिशोर मेहता वो कृष्णमुरारी मेहता पिता–जगदीश मेहता वो मसो0 जमुनी पति–भुनेश्वर मेहता वो मसो0 प्रभा पति–कमल मेहता | उ0–रास्ता द0–प्लॉट–10573 पू0–रास्ता प0–अंश भाग |
| 27 | 474 | 10573 | रैयती | टांड एक | 0.0210 | अशोक कुमार मेहता वो प्रदीप मेहता पिता–लालजीत मेहता वो सीता देवी पति– शिवनारायण मेहता वो सुमा देवी पति–विजय | उ0–प्लॉट–10572 द0–प्लॉट–10574 पू0–रास्ता प0–अंश भाग |
| 28 | 474 | 10574 | रैयती | मकान–मय–सहन | 0.0090 | मेहता वो भरत मेहता वो मुंशी मेहता वो लालमन मेहता पिता–टुकलाल महतो वो मीना देवी पति–स्व0 शोभा मेहता वो | उ0–प्लॉट–10573 द0–प्लॉट–10774 पू0–रास्ता प0–अंश भाग Cont... |
| | | | | | | सकुन देवी पति–स्व0 तारकेश्वर मेहता वो सत्यनारायण मेहता पिता–दौलत महतो वो बालेश्वर मेहता वो लालो मेहता वो उमेश मेहता पिता–तालेश्वर महतो वो विजय मेहता वो शिबु मेहता उर्फ शिवनारायण मेहता पिता–कुन्जबिहारी महतो। | |
| 29 | 607 | 10576 | रैयती | टांड दो | 0.0460 | कार्तिक मेहता वो हेमनारायण मेहता पिता– ज्ञानचन्द मेहता वो वो राजू मेहता वो राजेश मेहता पिता–भीखो मेहता वो मुकेश मेहता वो अशोक मेहता पिता– प्रमेश्वर मेहता वो भोला मेहता पिता–झरी मेहता वो पुरन मेहता पिता– दौलत मेहता | उ0–प्लॉट–10596 द0–प्लॉट–10622 पू0–अंश भाग प0–रास्ता |
| 30 | 1262 | 10596 | रैयती | टांड दो | 0.0180 | रामचन्द्र मेहता पिता– भूपत मेहता वो अशोक मेहता वो महेन्द्र मेहता पिता–हेमलाल मेहता वो जगदीश मेहता पिता– सोमर मेहता वो बंधन मेहता पिता–भूपत मेहता वो शिवशंकर मेहता पिता–हरदयाल मेहता | उ0–प्लॉट–10597 द0–प्लॉट–10576 पू0–अंश भाग प0–रास्ता |
| 31 | 159 | 10597 | रैयती | टांड | 0.0330 | रामेश्वर मेहता पिता– चमन मेहता वो लक्ष्मी देवी पति–महावीर मेहता वो फुलकुमारी देवी पति–प्रमेश्वर मेहता वो श्री मेहता पिता–कोदन मेहता | उ0–प्लॉट–10611 द0–प्लॉट–10596 पू0–अंश भाग प0–रास्ता |
| 32 | 59 | 10611 | रैयती | टांड दो | 0.0180 | अरूण मेहता पिता– केदार मेहता वो प्रमिला देवी पति– संजय मेहता वो पुष्प कुमार पिता–केदार मेहता वो सुनिल मेहता पिता–राधे मेहता | उ0–प्लॉट–10612 द0–प्लॉट–10597 पू0–अंश भाग प0–रास्ता |
| 33 | 59 | 10612 | रैयती | टांड दो | 0.0160 | प्रकाश मेहता वो मनोज मेहता वो राधे मेहता पिता–छोटी मेहता | उ0–प्लॉट–10614 द0–प्लॉट–10611 पू0–अंश भाग प0–रास्ता |
| 34 | 838 | 10614 | रैयती | टांड दो | 0.0440 | मुन्नी देवी पति–राजेन्द्र मेहता वो हेमनारायण मेहता पिता–ज्ञानचन्द मेहता वो शान्ति देवी पति–गोविन्द लाल बर्णवाल वो बसंती देवी पति–दशरथ प्रसाद बर्णवाल वो उमेश चन्द्र बर्णवाल वो सुरेश प्रसाद बर्णवाल पिता–बासुदेव मोदी वो प्रमिला देवी पति–बिरेन्द्र प्रसाद बर्णवाल वो जगदीश मोदी पिता–बाढो मोदी वो ओमप्रकाश बर्णवाल वो रामप्रकाश बर्णवाल वो हिरालाल बर्णवाल वो अरूण कुमार बर्णवाल वो अशोक कुमार बर्णवाल पिता–भुनेश्वर मोदी उर्फ छोटेलाल बर्णवाल | उ0–प्लॉट–10632 द0–प्लॉट–10612 पू0–अंश भाग प0–रास्ता |
| 35 | 426 | 10632 | रैयती | टांड एक | 0.0510 | बसंती देवी पति–नथन मेहता वो बिहारी मेहता पिता–जगदीश मेहता वो अयोध्या मेहता वो श्यामकिशोर मेहता वो कृष्णमुरारी मेहता पिता– जगदीश मेहता वो मसो0 जमुनी पति–भुनेश्वर मेहता वो मसो0 प्रभा पति– कमल मेहता | उ0–रास्ता द0–प्लॉट–10614 पू0–अंश भाग प0–रास्ता |
| 36 | 327 | 10722 | रैयती | टांड दो | 0.0370 | लाटो मेहता पिता–चमन मेहता वो छोटन मेहता पिता–खरगधारी मेहता वो मनोज मेहता पिता–स्व0 डेगन मेहता वो यशोदा देवी पति–आनन्द मेहता वो फुलचन्द मेहता वो अशोक मेहता पिता–लक्ष्मण मेहता वो लीला देवी पति–कृष्णा मेहता | उ0–प्लॉट–10576 द0–प्लॉट–10723 पू0–अंश भाग प0–रास्ता |
| 37 | 327 | 10723 | रैयती | टांड दो | 0.0240 | महादेव मेहता पिता– गोबर्धन मेहता वो शान्ति देवी पति–सत्य नारायण मेहता वो सुरेन्द्र मेहता वो देव मेहता पिता–शम्भु मेहता | उ0–प्लॉट–10722 द0–प्लॉट–10749 पू0–अंश भाग प0–रास्ता |
| 38 | 438 | 10749 | रैयती | मकान–मय–सहन | 0.0150 | प्रकाश मेहता पिता– श्यामकृष्ण मेहता वो सरस्वती देवी पति–अनुपलाल मेहता वो गौरा देवी पति– बासदेव मेहता वो सहदेव मेहता पिता– अकल मेहता वो राजकुमार मेहता वो देवेन्द्र मेहता वो संजय मेहता पिता–विश्वनाथ मेहता वो सुरेन्द्र मेहता वो सुरेश मेहता पिता– सुखदेव मेहता वो नन्दकिशोर मेहता पिता–प्रेमचन्द मेहता | उ0–प्लॉट–10723 द0–प्लॉट–10750 पू0–अंश भाग प0–रास्ता |
| 39 | 607 | 10750 | रैयती | टांड एक | 0.0170 | लक्ष्मण मेहता वो राजकुमार मेहता पिता–स्व0 छोटी मेहता | उ0–प्लॉट–10749 द0–प्लॉट–10772 पू0–अंश भाग प0–रास्ता |
| 40 | 427 | 10768 | रैयती | मकान–मय–सहन | 0.0210 | लक्ष्मण मेहता पिता– स्व0 लालबिहारी मेहता वो बिरेन्द्र कुमार पिता–स्व0 शम्भु मेहता | उ0–अंश भाग द0–प्लॉट–10972 पू0–अंश भाग प0–रास्ता |
| 41 | 427 | 10769 | रैयती | टांड एक | 0.0120 | युवराज मेहता वो लालजीत मेहता पिता–डेगलाल मेहता वो वकील कुमार पिता–द्वारिका नारायण मेहता वो विरेन्द्र कुमार पिता–शम्भु मेहता वो किशोर मेहता वो अर्जुन मेहता वो महेश मेहता पिता–स्व0 रामप्रसाद मेहता | उ0–प्लॉट–10772 द0–प्लॉट–10768 पू0–अंश भाग प0–रास्ता |
| 42 | 427 | 10772 | रैयती | टांड एक | 0.0280 | ज्ञानचन्द मेहता पिता– ठाकुर मेहता वो भातु ठाकुर पिता–देवी ठाकुर वो मसो0 कलवा पति–छोटु शर्मा वो सुन्दरी देवी पति– बासदेव मेहता | उ0–प्लॉट–10750 द0–प्लॉट–10769 पू0–अंश भाग प0–रास्ता |
| 43 | 161 | 10775 | रैयती | मकान–मै–सहन | 0.0130 | अजय सिंह वो प्रकाश सिंह पिता–दुर्गा सिंह | उ0–प्लॉट–10774 द0–प्लॉट–10778 पू0–रास्ता प0–अंश भाग |
| 44 | 1320 | 10973 | रैयती | टांड एक | 0.0060 | राजकुमार ठाकुर वो लक्ष्मण शर्मा वो हरिशंकर शर्मा वो सीताराम शर्मा पिता–स्व0 रामेश्वर शर्मा | उ0–अंश भाग द0–प्लॉट–10972 पू0–अंश भाग प0–प्लॉट–10972 |
| 45 | 1320 | 10979 | रैयती | टांड दो | 0.0010 | शुकर मेहता पिता–तालो महतो | उ0–प्लॉट–10974 द0–प्लॉट–10980 पू0–अंश भाग प0–प्लॉट–10972 |
| 46 | 1320 | 10980 | रैयती | टांड दो | 0.0030 | बिरेन्द्र मेहता पिता– एतवारी मेहता वो राजकिशोर मेहता वो अशोक मेहता पिता–एतवारी मेहता | उ0–प्लॉट–10979 द0–प्लॉट–10989 पू0–अंश भाग प0–प्लॉट–10972 |
| 47 | 1292 | 10989 | रैयती | टांड दो | 0.0050 | बबुनी मेहता पिता–हीरामन मेहता वो उमा देवी पति–लक्ष्मण मेहता वो शान्ति देवी पति–बाबुलाल मेहता | उ0–प्लॉट–10972 द0–प्लॉट–10972 पू0–अंश भाग प0–प्लॉट–10972 |
| 48 | 863 | 11024 | रैयती | धान एक | 0.0220 | अज्ञात | उ0–प्लॉट–11027 द0–प्लॉट–11023 पू0–अंश भाग प0–प्लॉट–11021 |
| 49 | | 11027 | रैयती | धान दो | 0.0150 | अज्ञात | उ0–प्लॉट–11028 द0–प्लॉट–11024 पू0–अंश भाग प0–प्लॉट–11021 |
| 50 | 1075 | 11086 | रैयती | टांड दो | 0.0560 | कृष्ण कुमार मेहता पिता–युगल किशोर मेहता वो मसो0 आशा पति–जय प्रकाश महतो वो निर्मला देवी पति–बैजनाथ मेहता | उ0–प्लॉट–11468 द0–प्लॉट–11085 पू0–अंश भाग प0–प्लॉट–11021 |
| 51 | 551 | 11124 | रैयती | टांड दो | 0.0570 | भातु ठाकुर पिता–देवी ठाकुर वो कलवा देवी पति–छोटु शर्मा | उ0–अंश भाग द0–प्लॉट–11090 पू0–अंश भाग प0–प्लॉट–11021 |
| 52 | 551 | 11129 | रैयती | धान दो | 0.0010 | भातु ठाकुर पिता–देवी ठाकुर वो कलवा देवी पति–छोटु शर्मा | उ0–प्लॉट–11130 द0–प्लॉट–11130 पू0–अंश भाग प0–रास्ता |
| 53 | 1224 | 11086 / 11468 | रैयती | टांड दो | 0.0880 | प्रवीण कुमार वो संजय कुमार पाण्डेय वो रंजन कुमार पाण्डेय पिता–शान्ती पाण्डेय वो रीता देवी पति–अजय कुमार पाण्डेय वो महेश मोदी वो लालो मोदी वो अजय मोदी पिता–रामप्रसाद मोदी | उ0–प्लॉट–11089 द0–प्लॉट–11086 पू0–अंश भाग प0–प्लॉट–11021 |
| | | | | कुल:– | 0.8740 | एकड़ | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम–30 / 2013 की धारा–11(1) के उपबंधो के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, कोडरमा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार / समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, कोडरमा और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय / विक्रय नही करेगा या ऐसा कोई अन्तरण नही करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, कोडरमा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0 / –
समुचित सरकार–सह–
उपायुक्त, कोडरमा

PR 313561 Land Reforms (23-24)_D

## एक नजर

### इंजीनियर जय किशोर की अग्रिम बेल हाईकोर्ट में रद्द

**रांची।** खूंटी जिला में हुए मनरेगा घोटाला के जरिए अर्जित किए गए पैसों की मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी तत्कालीन इंजीनियर जय किशोर चौधरी को झारखंड हाईकोर्ट ने अग्रिम जमानत देने से इंकार कर दिया है। शुक्रवार को ईडी और बचाव पक्ष की ओर से बहस सुनने के बाद हाईकोर्ट ने जय किशोर चौधरी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। जय किशोर चौधरी की अग्रिम जमानत अर्जी निचली अदालत खारिज कर चुका है। दरअसल मनरेगा घोटाला मामले में ईडी ने कोर्ट में जो चार्जशीट दाखिल की है। उसमें जय किशोर चौधरी का भी नाम शामिल है। ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए अदालत ने जय किशोर चौधरी के खिलाफ समन जारी किया था।

### मुफ्ती नजरे तौहीद बने अमीर ए शरीयत



**रांची।** झारखंड मोमिनीन अधिकार मंच और लोक सेवा समिति के केंद्रीय अध्यक्ष मोहम्मद नौशाद, अताउल, मकसूद आलम, हाफिज अनस सहित कई लोगों ने कहा है कि मुफ्ती नजरे तौहीद से बेहतर झारखंड के अमीर ए शरीयत नहीं हो सकता था। इनकी काबिलियत को हम सब सलाम करते हैं और दिल से आमिर ए शरीयत बनने पर बधाई देते है। मुफ्ती नजरे तौहीद झारखंड के अमीर ए शरीयत बने। जिनके लिए सभी लोगों ने मुबारकबाद दिये है। मो नौशाद ने कहा कि एक प्रोग्राम कर इनका स्वागत किया जाएगा।

### उषा मार्टिन के एमडी राजीव झंवर को हाईकोर्ट से राहत

**रांची।** मनी लॉउंड्रिंग के आरोपी उषा मार्टिन के एमडी राजीव झंवर की अग्रिम जमानत याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने अगली सुनवाई तक उनके खिलाफ किसी भी तरह की पीड़क कार्रवाई पर रोक का आदेश दिया है। इससे पहले 9 अक्टूबर को रांची प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की स्पेशल कोर्ट ने राजीव झंवर को राहत नहीं देते हुए उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। जिसके बाद राजीव झंवर ने ईडी कोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की है। प्रवर्तन निदेशालय ने उषा मार्टिन के खिलाफ 190 करोड़ रुपए से जुड़े आयरन ओर के केस में चार्जशीट दायर कर दी है। उषा मार्टिन ग्रुप और उसकेअधिकारियों के खिलाफ आयरन ओर की खदान में गड़बड़ी करने को लेकर शुरूआत में सीबीआई ने केस दर्ज किया था। जिसे टेकओवर करते हुए दो अक्टूबर 2021 को ईडी ने प्राथमिकी दर्ज की थी। यह केस घाटकुरी माइंस में लीज से ज्यादा आयरन ओर के खनन से जुड़ा हुआ है। इसी मामले में उषा मार्टिन के जीएम प्रमोद कुमार फतेपुरिया समेत अन्य लोग आरोपी हैं। इससे पहले राजीव झंवर ने ट्रायल कोर्ट में व्यक्तिगत पेशी से छूट के लिए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी, जिसे हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया था।

# जेएसएससी सीजीएल परीक्षा रद्द होने पर छात्रों का गुस्सा फूटा, आयोग का घेराव

## नाराज युवक ने पेट्रोल डाल कर की आत्महत्या की कोशिश, पुलिस ने रोका

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** जेएसएससी द्वारा बार बार नियुक्ति परीक्षा का विज्ञापन निकालने और फिर स्थगित करने के रवैये से राज्य के छात्रों में आक्रोश है। रविवार से शुरू होने वाले जेएसएससी सीजीएल परीक्षा एक बार फिर रद्द किये जाने से आक्रोशित सैकड़ों छात्रों ने जेएसएससी कार्यालय का घेराव किया। छात्रों ने जेएसएससी व सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। इस दौरान एक छात्र ने अपने शरीर पर पेट्रोल डालकर आत्महत्या करने की कोशिश की। लेकिन मौके तैनात पुलिस के जवानों ने उस छात्र को पकड़ लिया। जिससे हादसा टल गया। छात्रों का कहना है कि इस छात्र महाआंदोलन की सबसे बड़ी विशेषता है कि यह विशुद्ध रूप से छात्रों का आन्दोलन है। इसमें नेता या छात्र नेता की कोई भूमिका नहीं है। आन्दोलन 1942 की भारत छोड़ो आन्दोलन के तर्ज पर छात्रों का स्वतःस्फूर्त आन्दोलन है। इसमें अंग्रजों भारत छोड़ो की तरह ही हेमंत कुर्सी छोड़ो के नारा दिया गया।

धरना प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने कहा कि हेमंत सोरेन ने 2019 के विधानसभा चुनाव से पहले झारखंड के युवाओं को दो वर्ष के अंदर पांच लाख नौकरी देने का वादा किया था। समय-समय पर युवाओं द्वारा नौकरी की मांग उठने लगी। छात्रों के दबाव को देखते हुए हेमंत सरकार ने आनन-फानन में 2021 को नियुक्ति वर्ष घोषित कर दिया। जो पूरी तरह असफल रहा। छात्रों द्वारा जब भी नियुक्ति की मांग की गई सरकार एक महीने में 20 हजार, दो महीने में 30 हजार नियुक्ति करने की बात करती रही और आश्वासन पर आश्वासन देकर चार वर्ष गुजार दी। बहुत से छात्र नेता इन मुद्दों को भंजा कर नेता बन गये। लेकिन छात्रों की मुद्दे जस के तस है। उसकी भविष्य अंधकारमय होती चली गई।

### जेपीएससी व जेएसएससी पूरी तरह निष्क्रिय

छात्रों का आरोप है कि जेपीएससी व जेएसएससी पूरी तरह निष्क्रिय हो चुकी है। समय पर कोई परीक्षा नहीं ले रही है। कोई परीक्षा होती भी है तो विवादित हो जाती है और अंत में रद्द कर दी जाती है। परीक्षा के इंतजार में लाखों छात्र की उम्र खत्म हो रही है या हो गई है।

### वर्ष 2016 से कई बार रद्द की जा चुकी है परीक्षा

पिछले दिनों जेएसएससी सीजीएल जो वास्तव में 2016 की वैकेंसी है, वह कई बार रद्द हो चुकी है। 16 एवं 17 दिसंबर को परीक्षा होने वाली थी। परीक्षा से कुछ दिन पहले आयोग ने परीक्षा लेने में असमर्थता जताई और परीक्षा स्थगित कर दिया। जिससे आक्रोशित हजारों छात्रों ने 15 दिसंबर को कार्यालय घेराव की रणनीति बनाई और शुक्रवार को कार्यालय की घेराबंदी की। छात्रों ने जेएसएससी की सभी परीक्षा अविलंब व पारदर्शी तरीके से करने की मांग की।

### घेराव में ये छात्र रहे शामिल

जेएसएससी कार्यालय के घेराव कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजेश ओझा, विशाल पाल, प्रकाश पोद्दार, काजल मंडल, कुणाल प्रताप, सत्यनारायण शुक्ला, विनय मेहता, अरुण अग्रवाल, भारती खुशवाहा, अनुज शंकर, इमाम सफी, अनिल मिश्र, संजय तिवारी, पवन झा, स्मृति ऐश्वर्या, राजा दास, रामशरण सहित अन्य छात्र व अभ्यर्थी शामिल थे।

## कॉलेजों में चला मतदाता जागरूकता कार्यक्रम



**रांची।** कुलप्रकाश मेमोरियल नर्सिंग कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम एवं उषा मार्टिन यूनिवर्सिटी में मतदाता पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को लोकतंत्र में मतदान की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में शिक्षित करना है। साथ ही युवाओं को मतदान की प्रक्रिया में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को सारी जनकारी देने के बाद क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहॉ विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता के माध्यम से निर्वाचन प्रक्रिया एवं कई आवश्यक जानकारियां हासिल की। कार्यक्रम के अंत में कुछ विद्यार्थियों को पुरुस्कार दे कर सम्मानित किया गया। इसके बाद कॉलेज की अध्यापिका शशि तिर्की ने विद्यार्थियों को अपने सबसे बड़े अधिकार अपने मत का इस्तेमाल करने की अपील की।

## 24 की डीलिस्टिंग महारैली को रद्द करने की मांग

**रांची।** ऑल इंडिया क्रिश्चियन माइनॉरिटी फ्रंट ने आरएसएस और वनवासी कल्याण केंद्र द्वारा 24 दिसंबर को रांची में आयोजित डीलिस्टिंग महारैली को रद्द करने की मांग की है। झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम को पत्र देकर यह मांग की गयी। शुक्रवार को फ्रंट का एक प्रतिनिधिमंडल आलम के आवास पर मिलकर उन्हें इस संबंध में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि 24 दिसंबर को ईसाई और मुसलमानों को लक्ष्य करते हुए भाजपा नेता कड़िया मुंडा द्वारा मोरहाबादी मैदान में उलगुलान आदिवासी डिलिस्टिंग महारैली का आयोजन किया गया है। ज्ञात हो कि 24-25 दिसंबर को ईसाई समुदाय का मुख्य त्यौहार है, जो पूरी दुनिया में मनाया जाता है। 24 को ही रैली में लाखों लोगों के शामिल होने की बात कही गई है। इससे ईसाई समुदाय मेंआक्रोश है। हिंदू, सिख, जैन और बौद्ध समुदाय के त्योहारों में सरकार व प्रशासन शांति और उल्लास के साथ त्यौहार मनाने के लिए समान रूप से अवसर प्रदान करता आया है। रैली में ईसाई और मुस्लिम धर्म अपनाने वाले आदिवासियों को जनजाति कोटे से बाहर करने और उनका आरक्षण रद्द करने की मांग की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में प्रवीण कचछप, कुलभूषण डुंगडुंग, अजीत बाखला, अलेक्स लकड़ा समीर हेंब्रम आदि शामिल थे।

# इंडियन डेंटल एसोसिएशन के राष्ट्रीय समन्वयक बने डॉ विवेक



**रांची।** डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया ने डॉ विवेक कुमार को नेशनल लोक हेल्थ प्रोग्राम इंडियन डेंटल एसोसिएशन का राष्ट्रीय समन्वयक बनाया गया। इस पर डॉक्टर विवेक कुमार ने कहा कि समर्पित दांत पेशेवरों की संयुक्त सदस्यता के साथ वर्ल्ड लेवल पर सबसे बड़े पेशेवर दंत चिकित्सा निकायों में से एक है। इंडियन डेंटल काउंसिल के प्रति सराहनीय व उल्लेखनीय कार्य के लिए डॉ विवेक कुमार को नेशनल ओरल हेल्थ प्रोग्राम इंडियन इंटेल एसोसिएशन का राष्ट्रीय समन्वयक के रूप में सम्मानित किया गया। डॉ विवेक कुमार ने डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया की कार्यकारी समिति के सदस्य से लेकर झारखंड राज्य के अध्यक्ष के साथ देशभर में गुणवत्तापूर्ण दंत चिकित्सा सेवाओं में सुधार के लिए कई महत्वपूर्ण समितियां के सदस्य रहे है। डॉ विवेक कुमार डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया के लिए पूर्व में भी कई महत्वपूर्ण कार्य कर चुके हैं।

# जीइएल चर्च में फादर गोस्सनर की 250 वीं जयंती मनी

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** जीइएल चर्च में जर्मन मिशनरी फादर गोस्सनर की 250 वीं जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर सुबह जीइएल चर्च में धन्यवादी आराधना का आयोजन हुआ। आराधना का संचालन और उपदेश रेव्ह नीरल बागे ने किया। उन्होंने फादर गोस्सनर के झारखंड की कलीसिया की शुरूआत और योगदान पर चर्चा किया। इसके बाद दोपहर डेढ़ बजे शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा गोस्सनर कंपाउंड स्थित मॉडरेटर बंग़ला के पास से निकलकर जीइएल चर्च होते हुए मीडिल स्कूल मैदान में पहुंचकर खत्म हो गयी। इसके बाद गोस्सनर मीडिल स्कूल मैदान में ही क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि साउथ ईस्ट डायसिस के बिशप मार्शल केरकेट्टा ने सभी को शुभकामनाएं दी। जीइएल चर्च के माडरेटर जोहन डांग, बिशप लोलस मिंज, बिशप पारादिस, बिलुंग महासचिव ए कंडुलना उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि बिशप मार्शरल केरकेट्टा ने कहा कि यह फादर गोस्सनर का दर्शन था कि उन्होंने चार प्रारंभिक मिशनरियों को झारखंड में भेजा। वे मिशनरी रांची के उस स्थान पर ठहरें जिसे हम बेथेसदा के नाम से जानते हैं। इससे पूर्व प्रार्थना बिशप लोलस मिंज के नेतृत्व में की गयी। मौके पर बेथेसदा प्राइमरी टीचर ट्रेनिंग की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। एलिजाबेथ गर्ल्स स्कूल, बेथेसदा गर्ल्स स्कूल सहित अन्य शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थियों ने क्रिसमस कैरोल, गीत व जन्मपर्व पर आधारित नाटकों का मंचन किया।

# गोपाल श्रीवास्तव की हत्या के विरोध में टायर कारोबारियों ने बंद रखी दुकानें

## पुलिस से हत्यारों को अविलंब गिरफ्तार करने और कारोबारियों के लिए सुरक्षा की मांग

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** अपराधियों की गोलियों से घायल टायर कारोबारी गोपाल श्रीवास्तव की रिम्स में गुरूवार को मौत हो गयी। गोपाल की हत्या को लेकर शहर के टायर कारोबारी आक्रोश में है। मौत के बाद शुक्रवार को अपर बाजार स्थित सभी टायर की दुकानों को कारोबारियों ने खुद ही बंद कर दीं। रांची टायर डीलर एसोसिएशन के आह्वान पर टायर कारोबारी गोपाल श्रीवास्तव की हत्या के विरोध में राजधानी की सभी टायर दुकानों को बंद कर दिया गया। ज्ञात हो कि सोमवार को टायर कारोबारी गोपाल श्रीवास्तव को अज्ञात अपराधियों के द्वारा गोली मार दी गई थी। इलाज के दौरान गुरुवार देर रात उनकी मौत हो गई।



गोपाल की मौत से आक्रोशित टायर डीलर एसोसिएशन के संगठन के अंतर्गत आने वाले सभी दुकानों को स्वतः बंद रहीं। रांची टायर डीलर एसोसिएशन के सेक्रेटरी पंकज जैन ने बताया कि हमारे साथी गोपाल की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उसके विरोध स्वरूप हमने अपनी सारी दुकानें बंद रखी हैं। इसके साथ ही प्रशासन से यह मांग की गई है कि जल्द से जल्द हत्यारों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए। कोतवाली थाना के ठीक सामने वंश इंटरप्राइजेज नाम की टायर की दुकान मारे गए कारोबारी गोपाल श्रीवास्तव की थी। गोपाल के हथियारों का अब तक पुलिस कोई सुराग नहीं लगा पाई है। यही वजह है कि कारोबारी इस मामले को लेकर बेहद आक्रोशित हैं।

### अब तक पुलिस को नहीं मिला सुराग

गोपाल श्रीवास्तव को गोली वालों के बारे में जानकारी जुटाने में पुलिस जुटी हुई है। लेकिन अब तक इस मामले में कोई सफलता हाथ नहीं लग पायी है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में पुरानी दुश्मनी के कारण ही हत्या की घटना को अंजाम देने की बात सामने आयी है। पुलिस को अपने जांच में यह पता चला है कि गोपाल का एक युवक के साथ कुछ दिनों से विवाद चल रहा था। पुलिस को आशंका है कि उसी युवक ने गोपाल पर गोली चलायी है। मामले में सुखदेवनगर थाना में गोपाल की पत्नी के बयान पर अज्ञात के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करवाई गई थी।

# उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की टीम ने एक्सआईपीटी में किया शैक्षणिक दौरा

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ पॉली टेक्निक एंड टेक्नोलॉजी (एक्सआईपीटी) बरगावां नामकुम में एशियन डेवलपमेंट बैंक का उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग और झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सहयोग से शैक्षणिक दौरा हुआ। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य झारखंड में तकनीकी संस्थान में कौशल विकास एवं तकनीकी शिक्षा में गुणवत्ता का अध्ययन करना था।

मौके पर प्रवीण कुमार मानिकपुरी सीनियर प्रोजेक्ट ऑफिसर एशियन डेवलपमेंट बैंक ने विस्तारपूर्ण चर्चा की। जिसमें डॉ डीके सिंह जेयूटी के कुलपति, उच्च शिक्षा एवं तकनीकी विभाग के सचिव डॉ स्नेह कुमार, विभाग के सहायक निदेशक एस आर अहमद, सहायक उपनिदेशक विभा पाण्डेय, सुरेश तिवारी तथा एक्सआईपीटी के सहायक समन्यवक फास्वर्ण तिग्गा, प्रभारी प्राचार्य राजकुमार एवं नोडल अधिकारी अवतार कृष्णा शामिल थे। मौके पर जेयूटी के कुलपति डॉ डीके सिंह एक्सआईपीटी के आधारभूत संरचना एवं उपलब्ध संसाधनों को देख कर काफी प्रभावित हुए। संस्थान के समन्यवक डॉ प्रदीप केरकेट्टा एसजे को उच्च तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में अग्रसर होने के लिए हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

## हजारीबाग की डीसी नैंसी सहाय ने छात्र-छात्राओं के बीच बांटे पुरस्कार

# जेवीएम श्यामली के 321 प्रतिभावान छात्रों को किया गया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** छात्रों की उपलब्धियों को सम्मानित करने एवं उनमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करने उद्देश्य से जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली में उच्च माध्यमिक छात्र-छात्राओं के बीच पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन, विद्यालय गान व स्वागत गान से किया गया। समारोह में शैक्षणिक विषयों में विषयवार श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 62 छात्रों, लघुनाटिका, गायन, वादन, संगीत, वाद-विवाद एवं काव्य-पाठ में सफल होने वाले 111 छात्रों को सम्मानित कियाग गया। इसके साथ ही विज्ञान सह कला प्रदर्शनी 'अभिज्ञान-2023' में अपने मॉडलों एवं मेधा से अचंभित करने वाले 101 छात्रों, छात्र परिषद के 44 छात्रों एवं सतर्कता जागरूकता सप्ताह में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में सफल 3 छात्रों को मंच पर मैडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि हजारीबाग की डीसी श्रीमती नैंसी सहाय जिन्होंने 2007 में जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली से बारहवीं की कक्षा पास की थी और वर्तमान में हजारीबाग जिले में उपायुक्त के रूप में सेवारत हैं। प्राचार्य समरजीत जाना ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए उन्हें विद्यालय का उदीयमान सितारा और छात्रों के लिए महत्त्वपूर्ण प्ररेणा का श्रोत बताया। वहीं श्रीमती नैंसी सहाय ने अपने विद्यालय में बिताए यादगार पलों को साझा करते हुए पसंदीदा गीत गाया और बताया कि मेरे भाई, मेरे पति और परिवार के कई लोग इसी विद्यालय से शिक्षा ग्रहण की है। विद्यालय के छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष अमित रॉय ने धन्यवाद किया। इस मौके पर उपप्राचार्य एसके झा, बीएन झा, संजय कुमार, ट्रेंनिग नोडल अधिकारी एलएन पटनायक, प्रभाग प्रभारी अनुपमा श्रीवास्तव, शीलेश्वर झा और अन्य शिक्षक एवं छात्र-छात्राएॅ मौजूद थे।

# डीएवी गांधीनगर स्कूल के बच्चों ने कांके गौशाला का किया भ्रमण



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता युवा मोर्चा कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर एवं रिलेशनस के संयुक्त तत्वावधान में कांके रोड स्थित डीएवी गांधीनगर स्कूल के बच्चों ने कांके गौशाला का भ्रमण कर गौ माता को भोजन कराया। इस अवसर पर बच्चों ने अपने अपने घरों से एकत्रित हरी सब्जी, गुड़ रोटी, फल एवं भोजन आदि कई सामग्रियां गायों को खिलाकर उनकी सेवा और पूजा की। बच्चो कों शैक्षणिक यात्रा के माध्यम से प्रकृति और जानवरों से जुड़ने और बदले में उनकी वास्तविक जड़ों से जुड़ने में मदद करने को लेकर इस यात्रा का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में डीएवी गांधीनगर स्कूल के प्राचार्य एसके सिन्हा, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, निराकार आचार्य, बीके सिन्हा, प्रमोद सहाय, डीएवी गांधीनगर स्कूल के शिशु विहार की इंचार्ज जया जायसवाल, के के प्रसाद, लक्ष्मी सिन्हा, जौली सेन, शिक्षा शर्मा और आयुश कुमार आदि उपस्थित थे।

# स्पीकर ने वापस किये गये खतियान आधारित स्थानीय नीति पर राज्यपाल की टिप्पणी पढ़ा

- शीतकालीन सत्र के पहले दिन दिवंगत आत्माओं के प्रति रखा गया दो मिनट का मौन
- सदन की कार्यवाही 18 दिसंबर की सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड विधानसभा में शीतकालीन सत्र की कार्यवाही शुक्रवार से शुरू हो गई जो 21 दिसंबर तक चलेगी। सदन की कार्यवाही के शुरू होने पर विधानसभा स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने सदन को संबोधित किया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी को मिली जिम्मेदारी के लिए स्पीकर सहित पूरे सदन ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। स्पीकर ने उम्मीद जताते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष और पक्ष-विपक्ष के विधायक राज्य के हित में सदन चलाने में अपना सहयोग देंगे। सदन में स्टीफन मरांडी, रामचंद्र चंद्रवंशी, सीता सोरेन, रामचंद्र सिंह और निरल पूर्ति को शीतकालीन सत्र के लिए सभापति की जिम्मेदारी दी गई। इस बीच कार्यमंत्रणा समिति का भी गठन हुआ। सदन की कार्यवाही के बाद कार्यमंत्रणा समिति की बैठक होगी। संबोधन के दौरान स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति को लेकर पारित बिल को राज्यपाल द्वारा सरकार को वापस किए जाने का राज्यपाल का संदेश पढ़ा। इस बिल को लेकर राज्यपाल द्वारा जताई गई आपत्ति से सदन को अवगत कराया गया। इस बीच संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने सदन में एटीआर पेश किया। इधर, सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले भाजपा के विधायकों ने सदन के बाहर धीरज साहू कैश कांड को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा के विधायक हाथों में तख्तियां लेकर कुछ देर तक नारेबाजी और प्रदर्शन किये।

शीतकालीन सत्र के पहले दिन सदन में शोक प्रकाश शुरू हुआ। जिसमें राज्य समेत देश में बीते सत्र से अब तक दिवंगत हुए राजनेता, सामाजिक कार्यकर्ता खिलाड़ी, कलाकार समेत अन्य गणमान्य के प्रति सदन में शोक व्यक्त किया गया। विधानसभा स्पीकर और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत कई विधायकों ने शोक प्रकाश पेश किया। इस दौरान सदन में दिवंगत आत्माओं के प्रति दो मिनट का मौन रखा गया। इसके बाद स्पीकर ने सदन की कार्यवाही सोमवार 18 दिसंबर की सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।



### शीतकालीन सत्र का शेड्यूल

- 16 दिसंबर को बैठक नहीं होगी
- 17 दिसंबर को नहीं होगी बैठक
- 18 दिसंबर को प्रश्नकाल, द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरण रखा जाएगा
- 19 दिसंबर को प्रश्नकाल, द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरण पर सामान्य वाद-विवाद, मतदान, विनियोग विधेयक उपस्थापन
- 20 दिसंबर को प्रश्नकाल, राजकीय विधेयक व कार्य
- 21 दिसंबर को प्रश्नकाल, राजकीय विधेयक और कार्य, गैर-सरकारी सदस्यों का कार्य

### झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र की शुक्रवार से हुई शुरुआत

## स्पीकर रवींद्रनाथ महतो का सीएम ने किया स्वागत





**पंचम** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र की शुरूआत शुक्रवार से हुई। सत्र की कार्यवाही शुरु होने से पूर्व झारखंड विधानसभा स्थित स्पीकर कक्ष में विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिवादन किया। इस अवसर पर झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को राज्य के मुख्य सचिव एल. ख्यांगिते, मंत्रिमंडल समन्वय सचिवालय विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल और प्रभारी सचिव झारखंड विधान सभा सैयद जावेद हैदर ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया।

## सीएम की प्रशंसा की क्योंकि वह ईडी से बहादुरी के साथ लड़ रहे हैं : सरयू



**झारखंड** विधानसभा के शीतकालीन सत्र का पहला दिन शोक प्रकाश के साथ सोमवार तक के लिए स्थगित हो गया। सदन से बाहर निकलें विधायकों ने राज्य की राजनीति और समस्याओं पर जमकर एक दूसरे की खिंचाई की। विधायक सरयू राय ने कहा कि बार बार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सम्मन देना प्रवर्तन निदेशालय की कमजोरी दर्शाता है। सरयू राय ने कहा कि अब तो ईडी को सोचना होगा कि क्या वह सम्मन देने वाली फैक्ट्री बनकर रह जाएगी। सरयू राय ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रवर्तन निदेशालय को अब अदालत में जाकर यह बताना चाहिए कि सम्मन के बाद भी अगर मुख्यमंत्री नहीं आ रहे हैं, तब आगे वह क्या करें। उन्होंने इसे प्रवर्तन निदेशालय की सुस्ती करार देते हुए कहा कि हो सकता है कि ईडी के पास मुख्यमंत्री से पूछे जाने के लिए गंभीर सवाल नहीं हो। पूर्व मंत्री और विधायक सरयू राय ने कहा कि उन्होंने स्थितियों का आकलन करते हुए कहा था कि यह सरकार दिसंबर महीने को पूरा नहीं करेगी। अब यह ईडी के ऊपर है कि वह कैसे आगे बढ़ती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री इस लड़ाई को बहादुरी से लड़ रहे हैं। हमें महाभारत काल के दो घटनाओं को नहीं भूलना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक पात्र शिशुपाल का था, अब जब ईडी सम्मन पर सम्मन भेज रही है। तब अंतिम सम्मन कब होगा यह तो ईडी को तय करना है। सरयू राय ने कहा कि दूसरा प्रकरण कर्ण का है जो अपने पक्ष से लड़ते रहे। मुख्यमंत्री की प्रशंसा इसलिए होनी चाहिए क्योंकि वह बहादुरी से लड़ रहे हैं। बिना इसकी परवाह किए कि इसकी परिणति क्या होगी।

## 21 तक झारखंड विस क्षेत्र में धारा-144 लागू



**झारखंड** विधानसभा का शीतकालीन सत्र 21 दिसंबर तक चलेगा। यह सत्र छह दिनों का होगा। झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र को लेकर 15 से 21 दिसंबर तक विधानसभा परिसर के एक किलोमीटर के दायरे पर धारा-144 लागू की गई है। सत्र के दौरान सुबह 6 बजे से रात 11:30 बजे तक निषेधाज्ञा लागू रहेगी। इस संबंध में सदर एसडीएम ने आदेश जारी कर दिया है। निषेधाज्ञा के कारण सत्र के दौरान किसी प्रकार के धरना-प्रदर्शन, रैली और सभा पर रोक लगा दी गयी है। साथ ही उक्त क्षेत्र में पांच से अधिक व्यक्तियों का एक जगह जमा होने पर भी पाबंदी लगा दी गई है। किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र लेकर चलने, जुलूस निकालने पर पूरी तरह से पाबंदी लगा दी गयी है। इस दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्र के व्यवहार करने पर रोक रहेगी।

## सुरक्षा में तैनात रहे '1000 जवान' विधायकों के वाहनों की भी जांच

### बिना पास के किसी को भी गेट के अंदर प्रवेश करने नहीं दिया गया







**दिल्ली** में संदन में सत्र के दौरान कुछ लोगों के प्रवेश करने की घटना को झारखंड पुलिस ने गंभीरता से लिया है। झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र के दौरान सुरक्षा के पुख्ता व्यवस्था की गयी है। विधानसभा की कार्यवाही शुक्रवार को सुबह 11 बजे से शुरू हुई। सत्र के दौरान विधानसभा में आने वाली सभी गाड़ियों की जांच की गयी। सुरक्षा के मद्देनजर बिना पास के किसी को भी प्रवेश करने नहीं दिया गया। सुरक्षा में तैनात जवानों ने विधायक, अधिकारी और मंत्रियों के भी वाहनों की चेकिंग की। इस मामले पर सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों सहमत रहे। कई बड़े अधिकारियों को गेट नंबर 4 से जाम के कारण पैदल अंदर जाते देखा गया। पास के लिए यूट्यूबर और पोर्टलवाले अधिकारियों पर दबाव बनाते रहे। रांची एडीएम, लॉ एंड ऑर्डर राजेश्वर नाथ आलोक ने खुद सुरक्षा व्यवस्था का निगरानी कर रहे थे। जानकारी हो कि झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये है। विधानसभा परिसर और आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा के लिए 1000 से ज्यादा सुरक्षा बल के जवानों को लगाया गया है।

## केंद्रीय एजेंसियों में भाजपा अपने नेताओं को नियुक्त कर दे : मंत्री



**विधानसभा** का शीतकालीन सत्र की शुरुआत के दिन ही भाजपा के द्वारा सदन के बाहर धीरज साहू प्रकरण को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। भाजपा के विरोध प्रदर्शन पर पत्रकारों के पूछे गये सवाल पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि इनकम टैक्स विभाग ने अब तक मामले में कुछ भी स्पष्ट नहीं कहा है। उधर भाजपा धीरज साहू की गिरफ्तारी की मांग कर रही है। इनकम टैक्स, ईडी, सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियां तो केंद्र की भाजपा सरकार के नियंत्रण में है। ऐसा लग रहा है कि अब तो भाजपा को इन एजेंसियों पर भी भरोसा नहीं है। इसका एक ही रास्ता है, भाजपा दिल्ली से लेकर रांची तक इन केंद्रीय एजेंसियों के डायरेक्टर और अधिकारियों के पद पर अपने नेताओं को नियुक्त कर दे।




## धीरज साहू के ठिकानों से मिली संपत्ति के विरोध में भाजपा ने किया प्रदर्शन

**झारखंड** विधानसभा का शीतकालीन सत्र के आज शुरू होने से पहले ही सदन के बाहर धीरज साहू के ठिकानों से मिली अकूत संपत्ति का मामला गरमा रहा। विधासनभा के मुख्य गेट पर भारतीय जनता पार्टी के विधायकों ने हाथों में तख्तियॉं लेकर प्रदर्शन किया। भाजपा विधायकों ने कहा कि जनता जानना चाहती है कि ये पैसे कहां से आए। कहा कि लोग कह रहे हैं कि धीरज साहू खानदानी बिजनेसमैन हैं। क्या कोई खानदानी बिजनेसमैन इतना पैसा अपने घर में रखता है। भाजपा नेताओं ने हेमंत सोरेन सरकार पर भ्रष्टाचार और युवाओं के साथ वादाखिलाफी का भी आरोप लगाया है। महिला सुरक्षा का सवाल भी मुख्य विपक्षी दल के विधायकों ने उठाया है। विरोधी दल के मुख्य सचेतक विरंची नारायण ने कहा है कि राज्यसभा सांसद धीरज साहू के मामले में कांग्रेस पार्टी सवालों से भाग नहीं सकती। उन्होंने पूछा कि धीरज साहू ने 38 करोड़ की संपत्ति घोषित की है। उनके पास 400 करोड़ रुपए कहां से आए। इसका जवाब पार्टी को सदन में देना होगा। अगर यह उनकी वैध कमाई भी है, तो भी कोई व्यक्ति इतनी बड़ी रकम अपने घर में नहीं रख सकता। यह कांग्रेस की काली कमाई है। उन्होंने कहा कि यह साबित करता है कि राज्य में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा है कि भ्रष्टाचार के मामलों सरकार का पदार्फाश किया जाएगा। इस सरकार ने युवाओं को अब तक ठगने का काम किया है। युवा रोजगार के लिए वर्षों से परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, लेकिन परीक्षा हो ही नहीं रही।

**नेता प्रतिपक्ष बाउरी ने कहा भ्रष्टाचार के मामलों पर सरकार का पदार्फाश किया जाएगा**

## आचार्य धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम की इजाजत नहीं देना गलत : दुल्लू



**विधानसभा** सत्र में शामिल होने आये भाजपा विधायक दुल्लू महतो ने कहा कि आचार्य धीरेंद्र शास्त्री का कार्यक्रम की इजाजत नहीं देना गलत है। इस मुद्दे को मैं सदन में उठाउंगा। उन्होंने कहा कि हमारे यहां रामराज मंदिर चिताही धाम में जहां धीरेंद्र शास्त्री का कार्यक्रम होना था। वहां रास्तों की कोई दिक्कत नहीं थी, छह छह रास्ते थे। कितनी भी भीड़ हो जाती तब भी कोई दिक्कत नहीं होती। इसके बावजूद प्रशासन ने कार्यक्रम की इजाजत नहीं दी। भाजपा के विधायक ढुल्लू महतो ने कहा कि बाबा बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री साक्षात भगवान हैं और सरकार को लगा कि उनके आने से तुष्टिकरण करने वाले लोगों की परेशानी बढ़ेगी। इस लिए उनके कार्यक्रम की इजाजत नहीं दी गयी। विधायक दुल्लू महतो ने कहा कि धीरेंद्र शास्त्री भगवान हैं और जो भगवान का विरोध करता है, उनका विनाश तय है। विधायक ने कहा कि विधानसभा के शीतकालीन सत्र में वह सदन में इस मुद्दे को जरूर उठाएंगे। विधायक ढुल्लू महतो के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी ने कहा कि भाजपा के लोगों को लगता है कि बाबा को पकड़कर वह विधायक बन जाएंगे।

## सरकार के चुनावी वादों को हम याद कराते रहेंगे : सुदेश महतो



**आजसू** के अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि हेमंत सरकार जो वादें कर सत्ता में आई थी। हमलोग उसकी याद दिलाते रहेंगे। सुदेश महतो ने कहा कि इस सरकार से कोई अपेक्षा नहीं है। लेकिन जो वादे यह सरकार जनता से कर के सरकार में आयी थी। उसकी वह याद आजसू दिलाते रहेंगी। आजसू की स्पष्ट मांग है कि चाहे युवाओं को रोजगार का मामला हो, ओबीसी आरक्षण की बात हो या फिर स्थानीय नीति की बात हो, जो वादें कर महागठबंधन सत्ता में आई है वह उसे पूरा करें।

## स्थानीय नीति विधेयक पर राज्यपाल की टिप्पणी विस स्पीकर ने पढ़ी





**झारखंड** विधानसभा का शीतकालीन सत्र के पहले दिन सदन की कार्यवाही 11 बजकर 07 मिनट में शुरू हुई। स्पीकर रविंद्रनाथ महतो ने विधानसभा की कार्य संचालन नियमावली के तहत इस सत्र के लिए सभापति, कार्य मंत्रणा समिति और विशेष आमंत्रित सदस्यों के नामों की घोषणा की। इसके बाद स्थानीय नीति विधेयक पर राज्यपाल की ओर से की गयी टिप्पणी को हुबहू सदन में पढ़ा गया। उसके बाद उन्होंने पिछले सत्र से इस सत्र के बीच दिवंगत हुए समाजसेवी, राजनेता, खिलाड़ियों और आम लोगों को श्रृद्धांजलि दी। स्पीकर के बाद सीएम हेमंत सोरेन, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, संसदीय कार्यमंत्री आलमगीर आलम ने शोक प्रस्ताव पढ़ा।

## यह सरकार सिर्फ दिग्भ्रमित कर रही है : नीरा यादव



**भाजपा** विधायक नीरा यादव ने सदन की कार्यवाही से बाहर निकल कर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि सांसद धीरज साहू के परिसर से बरामद पैसे अगले चुनाव को प्रभवित करने के लिए थे। यह सरकार सिर्फ दिग्भ्रमित कर रही है। नीरा यादव ने कहा कि वर्तमान सरकार से राज्य का विकास और रोजगार देने आदि की कोई उम्मीद नहीं है। जब भाजपा की सरकार राज्य में बनेगी तब विकास की गति तेज होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार युवाओं को सिर्फ छलने का काम कर रही है।

## झारखंड के अडानी-अंबानी हैं धीरज साहू : इरफान अंसारी



**कांग्रेस** विधायक इरफान अंसारी ने कैश कांड पर कहा कि धीरज साहू झारखंड के अडानी अंबानी है। धीरज बाबू वाला कोई मामला ही नहीं है। वह एक कारोबारी हैं और व्यावसायिक मामला अलग है। उन्होंने कहा कि वो मददगार है इसलिए वह दोषी नहीं है। पत्रकारों के सवाल क्या 300 करोड़ रखना उचित है। इस पर इरफान अंसारी ने जवाब दिया कि हमलोग को भी समझ नहीं आ रहा है। यह सवाल उनसे इनकम टैक्स वाला ना पूछेगा कि भाजपा वाला पूछेगा। इरफान ने कहा कि भाजपा वाला खुद को पाक साफ समझ रहे हैं। इरफान अंसारी ने कहा कि हम लोग धीरज साहू के साथ खड़े हैं, वो मददगार है। इसलिए लोहरदगा में हजारों लोग रो रहे हैं। आगे कहा कि देश जब कंगाली के कगार पर था, तब साहू परिवार ने देश की मदद की। भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं है। इसलिए वो इसको उठा रहे हैं। उन्होंने भाजपा को चुनौती देते हुए कहा कि सदन में आइये, आपके एक-एक सवाल का जवाब देंगे।

## सीजीएल परीक्षा स्थगित, विधायकों ने जतायी चिंता

### जेएसएससी सीजीएल का परीक्षा स्थगित होना गंभीर बात : अनूप सिंह



**झारखंड** राज्य कर्मचारी चयन आयोग की ओर से जेएसएससी सीजीएल परीक्षा-2023 आयोजित होने वाली थी। यह परीक्षा 16 और 17 दिसंबर को होने वाली थी, जिसे स्थगित कर दिया। अब यह परीक्षा नये साल में 21 और 28 जनवरी को ली जायेगी। परीक्षा को स्थगित करने पर कांग्रेस विधायक अनूप सिंह ने कहा कि जेएसएससी सीजीएल परीक्षा स्थगित करना गंभीर विषय है। उन्होंने कहा कि हमने इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री से बात कर आग्रह किया कि इस पर गंभीरतापूर्वक विचार किया जाये। अनूप सिंह ने कहा कि गवर्नमेंट सेंटर पर परीक्षा नहीं होते हैं। सभी परीक्षाएं प्राइवेट सेंटर पर होते हैं। कहा कि परीक्षा की तिथि निर्धारित कर दी गयी थी। लेकिन सेंटर उपलब्ध नहीं होने के कारण निर्धारित तिथि पर परीक्षा आयोजित नहीं हो सका। यदि सरकार का अपना सेंटर होगा तो हम इस समस्या से उबर पायेंगे और सभी परीक्षाएं समय पर हो सकेगा।

### परीक्षा स्थगित होने से एजेंसी पर भी सवाल उठते हैं : नेहा तिर्की



**कांग्रेस** विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि जेएसएससी का परीक्षा होना था। लेकिन अचानक जेएसएससी ने नोटिफिकेशन जारी कर कहा कि एजेंसी अभी परीक्षा नहीं ले सकती है। इसलिए परीक्षा को स्थगित कर दिया गया। कांग्रेस विधायक ने कहा कि परीक्षा स्थगित होने से कहीं न कहीं एजेंसी पर भी सवाल उठते हैं। विधायक ने कहा कि रोजगार और युवाओं से जुड़े मुद्दे पर हेमंत सरकार गंभीर है। कहा कि सीएम से इस मुद्दे पर बात की तो उन्होंने कहा है कि विधानसभा सत्र खत्म होने के बाद इस पर बात की जायेगी। जेएसएससी के साथ बैठक कर एक तिथि निर्धारित की जायेगी।

### जिला स्तरीय मध्याह्न भोजन स्टीयरिंग कम मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक

# बच्चों की नियमित रूप से कराएं स्वास्थ्य जांच



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को उनके कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय मध्यान भोजन स्टीयरिंग कम मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम जिला शिक्षा अधीक्षक के द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को वर्तमान में रामगढ़ जिला अंतर्गत सरकारी विद्यालयों में संचालित मध्यान भोजन व इस संबंध में सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के संबंध में जानकारी दी गई। जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में मध्याह्न भोजन के लिए सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से उपायुक्त ने रियल टाइम मॉनिटरिंग के मद्देनजर बीआरपी, सीआरपी सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों व कर्मियों द्वारा मध्यान भोजन से संबंधित निरीक्षण के क्रम में जानकारी के साथ प्रारूप अनुरूप विस्तृत रिपोर्ट को गूगल ड्राइव में अपलोड करना सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी विद्यालयों में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से अधिकारियों को विद्यालयों का निरीक्षण करते हुए पेयजल की व्यवस्था से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने विद्यालयों में किचन गार्डन विकसित करने हेतु ऐसे विद्यालय जिनमें किचन गार्डन के लिए जगह उपलब्ध है उन्हें चिन्हित करने का निर्देश दिया। वहीं, उन्होंने नियमित रूप से बच्चों का स्वास्थ्य जांच कराने एवं उन्हें आयरन की गोली खिलाने का भी निर्देश दिया। उपायुक्त ने शिक्षा विभाग द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में रसोइयों का आयुष्मान कार्ड बनाने एवं 60 साल से ज्यादा उम्र की रसोइयों का वृद्धा पेंशन शुरू करने का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को दिया। साथ ही उन्होंने सभी सरकारी विद्यालयों में एक निश्चित समय पर ही बच्चों को एमडीएम देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को एक महीने के अंदर संयोजिका समिति का पुनर्गठन करने का भी निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सभी बीइओ सहित अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर

### गाय से टकराई बाइक तीन घायल, रेफर

**बरही ।** ओल्ड जीटी रोड पर अचानक गाय के आ जाने से बुलेट चालक सहित दो अन्य सवार बुरी तरह से घायल हो गए. जिनका अनुमंडलीय अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद हजारीबाग रेफर कर दिया गया है. घायलों की पहचान अमन कुमार (२७ वर्ष) पिता विनय साव, धनबाद रोड बरही और दो मजदूर पप्पू यादव (४० वर्ष) पिता जगदीश यादव और जागेश्वर यादव पिता अमृत यादव दोनो शेखपुरा (बिहार) के रूप में हुई है. घटना की जानकारी देते हुए दोनो मजदूरों ने बताया कि वे दोनो उक्त युवक के साथ उनकी बुलेट गाड़ी से बरही बाजार लौट रहे थे. इसी क्रम में कोनरा डीवीसी के पास ओल्ड जीटी रोड पर एक गाय अचानक आ गई. जिससे बुलेट टकरा गया और वे तीनों घायल हो गए. बुलेट की गति तेज होने के कारण वेलोग कई बार पलटी खाते हुए सड़क किनारे गिर गए. इससे बुलेट चालक का सर फट गया तथा एक मजदूर बुरी तरह चोटिल हो गया वही दूसरे के पर का अंगुली टूट गया है. उनलोगों ने बताया कि हेलमेट रहने से संभवतः सर बचाया जा सकता था.

### एनएसएस ने किया रक्तदान जागरूकता शिविर का आयोजन

**हजारीबाग।** सदर प्रखंड के मंडई खुर्द ग्राम स्थित आईटीआई प्रांगण मे विनोबा भावे यूनिवर्सिटी के एनएसएस यू सेट विभाग के छात्र एवं छात्राओं द्वारा एक दिवसीय रक्तदान जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि निर्मल जैन ने रक्तदान से होने वाले फायदे के बारे में छात्रों को बताते हुए कहा कि रक्तदान करने से शरीर स्वस्थ रहता है और रोगों से लड़ने की क्षमता बढ़ती है। रक्तदान महादान कहलाता है क्योंकि यह एक ऐसा दान है जो लोगों की जान तो बचाता ही है, वक्त पडने पर ब्लड बैंक से रक्त लेकर जान बचाई जाती है, इसीलिए इसे महादान कहते हैं। रक्तदान करने पर किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती लोगों में भ्रांति है की रक्तदान करने पर कमजोरी आती है। लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं होता मैं स्वयं 90 बार रक्तदान कर चुका हूं मुझे किसी भी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं आती।

## श्रीश्री 108 श्री शतचंडी महायज्ञ के लिए ग्रामीणों ने की बैठक, समिति गठित



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत के ग्राम कोनहरा कला में श्री श्री 108 श्री शतचंडी महायज्ञ सह देवी प्राण प्रतिष्ठा को लेकर ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई। यज्ञ को सफलता पूर्वक संपन्न कराने हेतु समिति का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष ईश्वर यादव, उपाध्यक्ष मुकेश यादव, सचिव पंकज सोनी, उपसचिव राम अवतार यादव, कोषाध्यक्ष मुंशी पासवान उपकोषाध्यक्ष मुकेश सोनी को बनाया गया। वहीं महावीर यादव, श्यामलाल सिंह, जीवन यादव,मनी यादव, छोटी दास, संतोष दास,राजू यादव केदार प्रजापति, राजेन्द्र प्रजापति,कमल राणा, मनोज पासवान, महेंद्र ठाकुर समेत 25 लोगों को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। कार्यक्रम के विषय में जानकारी देते हुए समिति अध्यक्ष ईश्वर यादव ने बताया कि 27 मार्च को ध्वजारोहण किया जाएगा। वहीं 9 अप्रैल को कलशयात्रा के साथ यज्ञ का शुभारंभ किया जाएगा और 17 अप्रैल को पूर्णाहुति के साथ यज्ञ का समापन किया जाएगा। साथ ही 18 अप्रैल को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कि जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रसिद्ध कथावाचिका बाल विदुषी प्रभु प्रिया जी रामायणी उज्जैन यज्ञाचार्य पंडित गंगाधर शास्त्री वाराणसी यज्ञाधिष बिरेन्द्र शास्त्री अयोध्या के द्वारा यज्ञ को सम्पन्न कराया जाएगा। वहीं अंतरराष्ट्रीय वृन्दावन मथुरा की रासलीला टीम आदर्श बलराम कृष्ण लीला संस्थान के द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुति की जाएगी। मौके पर अशोक पाण्डेय, भुनेश्वर यादव,सोनू कुमार, कल्लू प्रजापति, लक्ष्मण यादव, सरयू प्रजापति,जागी यादव, नरेश प्रजापति, राजकुमार यादव, नरेश यादव, प्रमेश्वर यादव, आशीष कुमार, रामेश्वर रविदास, सुरेश रविदास, संतोष दास, फुसन सिंह, सुरेंद्र सिंह, महेंद्र ठाकुर, श्यामसुंदर ठाकुर समेत आदि लोग उपस्थित थे।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

## प्रियंका को मिला सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में राज्य के दूरदराज क्षेत्र में रह रहे लोगों को सरकार के कल्याणकारी योजना से आच्छादित करने के उद्देश्य से आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम अंतर्गत ऑन द स्पॉट आम लोगों की समस्याओं का समाधान करते हुए अन्य योजनाओं का लाभ भी दिया जा रहा है। इसी क्रम में पतरातू प्रखंड के लबगा पंचायत में आयोजित शिविर के दौरान प्रियंका कुमारी को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 5000 रुपये का स्वीकृति पत्र दिया गया। मौके पर प्रियंका कुमारी ने माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का धन्यवाद करते हुए कहा कि वर्तमान में मैं जहां रहती हूं वहां मेरे जैसी कई लड़कियों ने पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी है। कुछ के घर में आर्थिक परेशानियां है तो कुछ के यहां उनके माता-पिता ही अपनी बेटी को आगे पढ़ाने के इच्छुक नहीं है। बिना सही शिक्षा प्राप्त किया जीवन में सफल होना संभव नहीं है। सरकार द्वारा सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना लाए जाने से न केवल मैं और मेरे जैसी कई लड़कियां अपनी शिक्षा जारी रख सकेंगी बल्कि आने वाले समय में हम अपने साथ-साथ अपने क्षेत्र के विकास में भी सहभागी बन सकेंगे। मेरे माता-पिता भी सरकार द्वारा लाई गई सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से खुश हैं और मुझे मन लगाकर पढ़ने एवं जीवन में सफल होने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

## सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ लें ग्रामीण : सुधीर मंगलेश



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के सिरु पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के कार्यक्रम का शुक्रवार को आयोजन किया गया। मौके मुख्य रूप से दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, प्रभारी प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी राजेन्द्र सिंह, पार्षद प्रीति दीवान, प्रमुख रेणु देवी, सीओ मदन महली, जिला कृषि पदाधिकारी ,डालसा से दिलीप राजेश्वर तिर्की सहित अन्य अतिथियों द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का आयोजन राज्य सरकार द्वारा आम जनता को उनके पंचायत में आकर पदाधिकारी द्वारा उन्हें योजनाओं की जानकारी और लाभ पहुंचने के लिए में पंचायत स्तर पर आयोजन किया जा रहा है। जिसका जनता लाभ उठाए और अपने से संबंधित योजना का लाभ ले। साथ ही किसी भी प्रकार की दिक्कत होने पर मौके पर मौजूद पदाधिकारी या प्रतिनिधि से मदद ले। अतिथियों द्वारा कार्यक्रम में विभिन्न विभाग के स्टोल का निरीक्षण की एवं लाभुकों के बीच फुलो झानो योजना के तहत चेक, राशन कार्ड, जॉब कार्ड, कंबल, धोती-साड़ी, प्रधानमंत्री आवास, अम्बेडकर आवास, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का भी स्वीकृति पत्र, सामान और चेक का वितरण किया गया। मौके पर सीडीपीओ पुनम कुमारी, मुखिया वीणा देवी, राजीव मेहता, परमेश्वर पटेल, रंजू देवी, संजू चौधरी,राजू मेहता, सुनीता देवी, उमाशंकर महतो,शिवनाथ ठाकुर, पंचायत सेवक बासुदेव महतो, झमन लाल महतो, रोजगार सेवक कलाम अंसारी, आशीष कुमार, सुधीर महतो, सुमन देवी, मनेश्वर महतो आदि उपस्थित थे।

## देवरिया व चिकोर में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** भदानीनगर क्षेत्र अंतर्गत देवरिया व चिकोर गांव में 15 दिसम्बर को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कई कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। देवरिया में कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कृषि विज्ञान केंद्र रामगढ़ धर्मजीत खेरवार, सांसद प्रतिनिधि योगेश दांगी, मुखिया विकास नायक, उप मुखिया जितेंद्र मुंडा, पूर्व मुखिया राजेंद्र मुंडा, नोडल अधिकारी अनिल कुमार, बीईओ शाखा प्रबंधक प्रमोद कुमार सिंह व आरबीआईसीएफएल पतरातू को-ऑर्डिनेटर पम्मी कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर कार्यक्रम के संयोजक योगेश दांगी ने लोगों को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा विभिन्न योजनाओ व प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस दौरान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी विकसित भारत संकल्प यात्रा के बारे में लोगों को जागरूक करने का काम किया गया। साथ ही स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से डॉक्टर द्वारा दर्जनों लोगों का स्वास्थ्य जांच कर उचित परामर्श दिय गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि धर्मजीत खेरवार ने



गोद भराई व मुहजुट्ठी की रस्म पूरी की। इस दौरान मेरी कहानी मेरी जुबानी, पीएम आवास, हर घर जल योजना, पीएम कुसुम, पीएम मुद्रा, केसीसी योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, जेएसएलपीएस, स्वास्थ्य योजना का ऑन द स्पॉट लाभ दिया गया। साथ ही मुर्गी-बकरी पालन, राशन दुकान आदि के जरिये ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से दर्जनों ग्रामीणों का मुद्रा लोन के लिए फार्म भरा गया। मौके पर मुख्य अतिथि धर्मजीत खेरवार उपस्थित लोगों को कार्यक्रम के उद्देश्य की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा की सभी ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। जब तक सही से योजनाओं का क्रियान्वन नही होगा हम विकसित नहीं हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य लोगो में जागरूकता लाना है। साथ ही वंचित, शोषित, गरीब, दलित वर्ग जो छूट गए हैं, उनतक बिना भेदभाव, जाति-धर्म से अलग उठकर प्रधानमंत्री के योजनाओ का लाभ पहुंचाना है। कार्यक्रम के अंत में संकल्प लिया गया की 2047 तक भारत को पूर्ण रूप से विकसित बनाने की दिशा में हमसभी अपना बहुमूल्य योगदान देंगे। मौके पर रमेश कुशवाहा, रवि कुमार, जल सेवक जितेंद्र प्रसाद, जेई प्रवीण कुमार, विकास पटेल, उषा देवी, चमेली देवी आदि उपस्थित थे ।

### गरीबों के बीच कंबल का वितरण

**हजारीबाग ।** कटकमसांडी प्रखंड में नव झारखंड फाउंडेशन के केंद्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा ने दर्जनों गांव में गरीब असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। इस दौरान राणा ने कहा कि हमारे संस्था नव झारखंड फाउंडेशन हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कंबल वितरण कर रही है और आगे करती भी रहेगी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दिए गए कंबल काफी लोगों तक नहीं पहुंच पाता है, जिससे गरीब लोग वंचित रह जाते हैं। बेबस लोगों के बीच कंबल का वितरण करना हमारा मुख्य उद्देश्य है, ताकि लोगों को इस कप कपाती ठंढ से लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि नव झारखंड फाउंडेशन पिछले दस वर्षों से गरीब लोगों के प्रति सजग है और आगे भी रहेगी। साथ में शिवम पाण्डेय, रंजन सिंह, सतीश पाण्डेय आदि ग्रामीणों का भी योगदान रहा।

### रामगढ़ में कंबल का वितरण

**रामगढ़।** मारंग मरचा पंचायत अंतर्गत ग्राम सोंढ़ में 12 दिसम्बर को हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा के निर्देशानुसार जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कंबल वितरण में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि दीनबंधु पोद्दार, भाजपा युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष मिथिलेश तिवारी, भाजपा रामगढ़ जिला मंत्री एवं जिला सोशल मीडिया प्रभारी वासुदेव प्रजापति उपस्थित हुए और जरूरतमंद लोगों के बीच कम्बल का वितरण किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि दीनबंधु पोद्दार ने कहा की सांसद जयंत सिन्हा जरूरतमंद लोगों की मदद में हमेशा तत्पर रहते हैं। कहा की उनके निर्देश पर ही जरूरतमंद लोगों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। जबकि मंडल उपाध्यक्ष मिथिलेश तिवारी ने कहा की सांसद जयंत सिन्हा जरूरतमंद लोगों की हमेशा ध्यान रखते हैं और उनकी मदद करते हैं।

### 'एस- थैटिक्स' सौंदर्य विंग का उद्घाटन

**हजारीबाग ।** कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल परिसर में त्वचा उपचार एवं हेयर ट्रांसप्लांट की ब्रांड-न्यू 'एस- थैटिक्स' सौंदर्य विंग का दिन गुरूवार को उद्घाटन हुआ। सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने विधिवत पूजा-अर्चना कर शुभारंभ किया। सौंदर्य और स्वास्थ्य संबंधित देखभाल में एक नए अध्याय की शुरूआत हुई। बाल, चेहरे और पूरे शरीर के सौंदर्य के लिए संपूर्ण समाधान का केंद्र होगा। त्वचा उपचार एवं हेयर ट्रांसप्लांट की बेहतर सुविधाएं प्रदान की जाएगी। मौके पर सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि जरूरतमंदों की स्वास्थ्य एवं सौंदर्य संबंधित बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करने हेतु संकल्पित हूँ। 'एस- थैटिक्स' सौंदर्य विंग संस्थान में त्वचा उपचार एवं हेयर ट्रांसप्लांट में जरूरतमंदों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। विश्वसनीयता एवं बेहतर सुविधाओं के लिए हमारी सभी संस्थान जानी जाती है। उसी विचारधारा से प्रेरित होकर 'एस- थैटिक्स' सौंदर्य विंग भी कार्य करेगी।

### सशिविमं हजारीबाग में प्रभारी प्राचार्य के रूप में डॉ राजीव रंजन ने योगदान दिया

**हजारीबाग।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली, हजारीबाग में डॉक्टर राजीव रंजन, प्रभारी प्राचार्य के रूप में योगदान दिया। विद्यालय के सचिव, संजय उपाध्याय ने आचार्यबंधु- भगिनी के साथ बैठक में प्रभारी प्राचार्य के रूप में डॉक्टर राजीव रंजन का परिचय करवाया। मौके पर विद्यालय के सचिव, संजय उपाध्याय ने कहा -आप सभी आचार्य बंधु- भगिनी पूरे मनोयोग से शिक्षण कार्य करें, जिससे कि भैया- बहनों का सर्वाधिक विकास हो सके। वही प्रभारी प्राचार्य, डॉ राजीव रंजन ने कहा- मैं लगन, ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ कार्य करूंगा। हम सभी टीम भावना के साथ कार्य करें । इसके लिए हम सभी को अनुशासन के साथ अपने कार्य को करने होंगे। मौके पर विद्यालय के आचार्य बंधु -भगिनी उपस्थित थे।

### आरएनवाईएम महाविद्यालय सहित करियातपुर के विभिन्न विद्यालयों में पहुंची सॉफ्टेक की टीम

**बरही।** 26वें स्थापना दिवस कार्यक्रम के तहत साईबर सिक्योरिटी प्रशिक्षण अभियान को आगे बढ़ाते हुए सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन की टीम शुक्रवार रामनारायण यादव महाविद्यालय सहित करियातपुर पंचायत के सनराइज अकादेमी और गांधी उच्च विद्यालय विद्यालय पहुंची. जहां केंद्र निदेशक जयदीप कुमार सिन्हा ने विद्यार्थियों को साईबर क्राइम से बचने के कई महत्पूर्ण तरीको की जानकारी दिया. विद्यार्थियों को बताया गया कि साइबर क्राइम करने वाले सोशल मीडिया से फोटो डाउनलोड करके उसे एडिट करके ब्लैकमेलिंग भी करते है, ऐसे में हम सभी को अपना निजी फोटो की सोशल मीडिया या प्रोफाइल में लगाने से बचाना चाहिए. इसके अलावा किसी भी प्रकार के भुगतान या लॉन के नाम ओटीपी शेयर अथवा अन्य जानकारी किसी को नही देनी चाहिए. इस कार्यक्रम में केंद्र के पूर्ववर्ती छात्र बैजनाथ महतो, सोनू रविदास ने महती भूमिका निभाई.

### मोबाइल दुकान का उद्घाटन

**बरकट्ठा।** प्रखंड के जमुवा मोड़ स्थित सुजीत मोबाइल एवं इलेक्ट्रीक दुकान का उद्घाटन शुक्रवार को पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने फीता काट कर किया। मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि गाँव के लोग को मोबाईल व इलेक्ट्रीक समान खरीदने के लिए शहर जाना पड़ता था। इस तरह की सेवा अब लोगो को गांव में ही मिलेगा ।वंही संचालक सुजीत कुमार ने बताया कि सभी प्रकार के विभिन्न कंपनियों का मोबाईल, वाशिंग मशीन, टीवी, फ्रिज सहित कई इलेक्ट्रिकल समान उचित दामों मे मिलेगा, फाइनेंस की सुविधा भी उपलब्ध है. मौके पर प्रमुख रेनू देवी, 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, उप प्रमुख सुरजी देवी, स्थानीय मुखिया शंकर रविदास, पंसस डालेश्वर पंडित, यूसुफ अंसारी, रामचंद्र साव, संतोष ठाकुर आदि उपस्थित थे।

### रामगढ़ में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा प्रबंधन कमेटी का चुनाव आज

**रामगढ़।** राज्यपाल सचिवालय झारखंड रांची के कार्यालय पत्रांक 1937/रा स दिनांक 13,06,2023 के आलोक में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी रामगढ़ जिला शाखा का पुर्नगठन कर प्रतिवेदन मांगी गई है। जिसके आलोक में उपायुक्त सह अध्यक्ष इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी रामगढ़ द्वारा 18 दिसंबर को पूर्वाहन 11:00 बजे जिला शाखा का पुर्नगठन करने के लिए तिथि निर्धारित की गई है। इसलिए इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा रामगढ़ के सभी सरंक्षक सदस्यों को आजीवन सदस्यों से अनुरोध किया गया है की वे इसके लिए 16 दिसंबर को पूर्वाहन 11:00 बजे समाहरणालय सभा कक्ष में उपायुक्त की अध्यक्षता में 15 सदस्यीय जिला प्रबंधन कमेटी का चुनाव किया जाना है उसमें शामिल हो। जो मतदाता हैं वे शामिल होकर 15 सदस्यीय प्रबंधन कमेटी के चुनाव में मदतान में भाग लें और इसे सफल बनाएं।

**आरोग्यम हॉस्पिटल** | हजारीबाग में आरोग्यम आई केयर का उद्घाटन, बोले डाक्टर

## अब आंखों की बीमारी का भी होगा संपूर्ण इलाज

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हॉस्पिटल एचजेडबी आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में नवीनतम चिकित्सा सुविधा के साथ जहां एक ही कैंपस में कार्डियोलॉजी विथ कैथ लैब, न्यूरो सर्जरी, लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, मैक्सीलोफेशियल सर्जरी, पीडियाट्रिक, गायनेकोलॉजी, ऑर्थोपेडिक सर्जरी, इएनटी, यूरोलॉजी, फिजियोथैरेपी आईवीएफ यूनिट एवं एडवांस इमरजेंसी सर्विस 247 की समुचित व्यवस्था उपलब्ध है वहीं इन सुविधाओं में अब विस्तार के साथ एक सुविधा आई केयर की जुड़ गई । शुक्रवार को आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में आरोग्यम आई केयर का उद्घाटन हुआ। उद्घाटन हजारीबाग के प्रसिद्ध महिला रोग विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ.रंजना शरण, हॉस्पिटल निदेशक सह युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा, प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. रजत चक्रवर्ती, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.विवेक कुमार, आरोग्यम हॉस्पिटल की एडमिस्ट्रेटर जया सिंह और डॉ. शक्ति तिवारी सहित अन्य गणमान्य लोगों ने फीता काटकर और नारियल फोड़कर किया। आरोग्यम आई केयर डिपार्टमेंट में रिम्स, रांची के एसआर रहे एवं फाको एंड मेडिकल रेटीना के अनुभवी और विशेषज्ञ नेत्र चिकित्सक डॉ. विवेक कुमार अपनी सेवाएं देंगे। यहां आई डिपार्टमेंट में आई टेस्ट सेंटर, ऑपरेशन थिएटर, डॉक्टर रेस्ट रूम, रिफ्रीक्शन रूम को व्यवस्थित रूप से बनाया गया है। जहां प्रतिदिन नेत्र विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ.विवेक कुमार सुबह 10:00 बजे से 2:00 तक और पुनः संध्या 4:00 बजे से 6:00 तक अपनी सेवा प्रदान करेंगे। उद्घाटन के बाद डॉ.विवेक कुमार ने बताया की आंखों से संबंधित संपूर्ण बीमारियों और तकलीफों के बेहतर इलाज के लिए हम कटिबद्ध रहेंगे। उन्होंने कहा की आंखों की समस्या वर्तमान दौर में सामान्य हो गई है और हर उम्र के लोग आंख की समस्या से ग्रसित होकर इसे नजरअंदाज करके कई प्रकार के बीमारियों को आमंत्रित करते हैं और अपनी परेशानी और समस्या को बढ़ा जाते हैं ऐसे में अब हम आपकी आंखों की समस्या का संपूर्ण ख्याल रखेंगे।




### एसडीओ की अध्यक्षता में पर्यावरण लोक जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित

## रोजगार-प्रदूषण की समस्याओं पर गंभीर हो कंपनी : एसडीओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** डिवाइन स्टील्स प्राइवेट लिमिटेड की ओर से कोनरा पंचायत भवन में पर्यावरण लोक जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसकी अध्यक्षता अनुमंडलाधिकारी पूनम कुजूर ने किया. बैठक में पर्यावरण विभाग के अशोक कुमार, निदेशक जिला उद्योग विभाग, प्रमुख मनोज रजक, मुखिया यास्मीन तबस्सुम, डिवाइन फैक्ट्री के राजा छावड़ा आदि सहित कई जनप्रतिनिधि व प्रबुद्धजन शामिल थे. कंपनी प्रबंधन ने फैक्ट्री विस्तार की चर्चा करते हुए सहयोग का अपील किया. वही स्थानीय लोगो ने राज्य सरकार के नियमानुसार 75 फीसदी स्थानीय बेरोजगारों को नियोजन, फैक्ट्री क्षेत्र में धुलकण से बचने के लिए नियमित पानी का छिड़काव सहित त्रैमासिक स्वास्थ्य जांच शिविर लगाने की मांग किया. प्रमुख ने फैक्ट्री प्रबंधन को स्पष्ट कहा कि आप प्रतिमाह प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पैसे खर्च कर रहे है. परंतु आम जनता लाभान्वित नहीं हो रही है. इस कोष को जनहित के लिए उपयोग करे. अपने लाभ का कुछ हिस्सा जनहित के कार्यों के लिए भी उपयोग करे. कंपनी को स्थानीय लोगों से दूरी नही नजदीकी बनाने की आवश्यकता है. मुखिया ने प्रदूषण के लिए उपकरणों की नियमित जांच और पर्यावरण शुद्ध रखने हेतु आवश्यक कदम उठाने की मांग किया. फैक्ट्री प्रबंधन ने भी सभी की बातो को गंभीरता से लेते हुए हर संभव कार्य करने की बात कही. एसडीओ ने भी प्रबंधन को रोजगार के मामले और प्रदूषण के मामले में प्रबंधन को गंभीरता दिखाने की बात कही.

### जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान परिसर में टीएलएम मेले का आयोजन

# शिक्षक अध्यापन प्रक्रिया में करें बदलाव : एसपी



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सिमडेगा परिसर में शुक्रवार को टीएलएम मेला का आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि जिला पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा सौरभ कुमार, विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी, सिमडेगा मोहन जी झा, जिला योजना पदाधिकारी सिमडेगा, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद् सिमडेगा , पुलिस उपाधीक्षक सिमडेगा उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत में अतिथियों का स्वागत डायट संकाय सदस्यों के द्वारा पुष्प पौधा देकर किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा दीपप्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत उद्घाटन किया गया। स्वागत भाषण अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी - सह - प्राचार्य जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान सिमडेगा बादल राज के द्वारा दिया गया, उनके द्वारा टीएलएम का पठन - पठान प्रक्रिया में उपयोग और उसके महत्व को बतलाया गया। तत्पश्चात जिला शिक्षा पदाधिकारी सिमडेगा के द्वारा बताया गया कि शिक्षक पढ़ाने के दौरान अनुभवात्मक शिक्षण का कार्य करें जिससे बच्चे उस ज्ञान को आजीवन ना भूल सकें, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद् सिमडेगा



के द्वारा आधुनिकतम तकनीक का सहारा ले कर पढ़ाएंगे तो बच्चों का ज्ञान स्थाई होगा। पुलिस उपाधीक्षक सिमडेगा के द्वारा अपने पूर्व के अनुभवों को साझा किए और बच्चों के सीखने - सिखाने की प्रक्रिया में टीएलएम. एवं नवाचारों के महत्व बताए।पुलिस अधीक्षक सिमडेगा द्वारा कार्यक्रम उपस्थित सदस्यों को संबोधित आधुनिक समय की बदलती हुई दुनिया के साथ - साथ शिक्षकों को भी अपने अध्यापन प्रक्रिया में बदलाव लाने की बात कहीं साथ ही उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि बच्चों के साथ बात करना, मिलना कितना अच्छा महसूस कराता है और ऊर्जा से भर देता है तथा हरेक दिन कुछ नया सीखने को मिलता है इस संबंध में चर्चा किए। मेला में प्रथम स्थान राजकीयकृत कन्या उत्क्रमित उच्च विद्यालय कोलेबिरा की शिक्षिका जेनिफा किंडो, द्वितीय स्थान शिशु मंदिर सलडेगा के शिक्षक मनोज कुमार एवं तृतीय स्थान राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय जोकबहार के शिक्षिका प्रियदर्शी बाड़ा को प्राप्त हुआ।

## कांग्रेसियों ने सरदार वल्लभभाई पटेल की 72 वीं पुण्यतिथि मनाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरीतिलैया।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान की अगुआई में शुक्रवार को भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 72 वीं पुण्यतिथि मनाई गयी। पार्टी नेताओं और कार्यकताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। जिलाध्यक्ष पासवान ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल भारत के पहले उप प्रधानमंत्री और गृहमंत्री थे। उन्होंने कहा कि आजादी मिलने के बाद सरदार वल्लभ भाई पटेल की देश को एकता के सूत्र में पिरोने में महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रदेश सचिव नारायण बर्णवाल ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान प्रमुख हस्तियों में माना जाता था। राष्ट्र को एक साथ लाने में उनका बहुत बड़ा योगदान था। जिप सदस्य लक्ष्मण यादव ने कहा कि भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की स्वतंत्रता आंदोलन में पहले और बड़ा योगदान 1918 में खेड़ा संघर्ष में था। उन्होंने 1928 में हुई बारडोली सत्याग्रह में किसान आंदोलन का सफल नेतृत्व भी किया। प्रदेश आमंत्रित सदस्य बेबी सिन्हा ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल का भारत की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय स्वाभिमान के लिए योगदान हम सबों के लिए सदैव प्रेरणा स्रोत रहेगा। युवा नेता सईद नसीम ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल को नवीन भारत का निमार्ता कहा जाता है और उनके साहसिक कार्यों की वजह से ही उन्हें लौह पुरुष पुरुष और सरदार जैसी उपाधियों से नवाजा गया है। इसके अलावा जिला महासचिव राकेश पांडेय, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह,रामलखन पासवान,संजय शर्मा कोडरमा, नगर अध्यक्ष राजू सिंह, प्रदेश महिला कांग्रेस सचिव अर्चना सिंह,दशरथ पासवान,रोहित कुमार गिरी, मो गालिब,अशरफ अली, आकाश कुमार सिंह,मो सद्दाम अली, हृदय आनंद मिश्रा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में दिलीप राम, पुष्पा देवी, लखन यादव, कुंदन साहू, लाल मोहन साहू, मंतोष कुमार, सिकंदर कुमार, दिलीप साहू, अशोक साहू आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### 27 को कोडरमा लोस समन्वय समिति की बैठक होगीः अनवर

**कोडरमा।** लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी को लेकर लोकसभा समन्वय समिति के संयोजक सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष अनवर अहमद अंसारी शुक्रवार को कोडरमा परिसदन पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि 27 दिसंबर को कोडरमा में कोडरमा लोकसभा समन्वय समिति की बैठक होगी। इसमें बतौर मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कोडरमा लोकसभा समन्वय समिति के प्रभारी सह झारखंड सरकार के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, प्रदेश के नेता मौजूद रहेंगे। पार्टी जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान ने बताया कि बैठक में कोडरमा लोकसभा अंतर्गत पार्टी के सभी नेता, कार्यकर्ता शामिल होंगे। मौके पर पार्टी के कइ नेता मौजूद थे।

### कोडरमा : अवैध ढिबरा लदा वाहन जब्त, एक गिरफ्तार

**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र के बाईपास रोड में अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीणा के नेतृत्व में अवैध ढिबरा लोड 709 वाहन को जब्त किया गया. इस दौरान उन्होंने चालक और वाहन पर सवार एक व्यक्ति करमा निवासी धानु साव पिता कारू साव को पकड़ पुलिस के हवाले कर दिया. बता दें कि ढिबरा को जंगल क्षेत्र से अवैध उत्खनन कर झुमरीतिलैया स्थित गोदाम तक पहुंचाया जा रहा था. बहरहाल अवैध माइका ढिबरा का कारोबार खनन माफियाओं द्वारा पुनः चालू किया गया है.

### महिलाओं के बीच शॉल का वितरण

**डोमचांच।** आदर्श फाउंडेशन की पहल पर परिवार साड़ी सेंटर द्वारा ठंढ से बचाव के लिए उपलब्ध कराए गए शॉल को नगर पंचायत कोडरमा स्थित बिरहोर कॉलोनी फुलवरिया में महिलाओं के बीच वितरण किया गया। फाउंडेशन सचिव सुरेंद्र कुमार त्रिपाठी ने परिवार साड़ी सेंटर डोमचांच को धन्यवाद देते हुए कहा कि ठंड ने दस्तक से दिया है। बुजुर्ग व्यक्तियों के बीच ज्यादा से ज्यादा शॉल और कंबल वितरण के लिए सभी को सहयोग का हाथ बढ़ाना चाहिए, ताकि शीतलहर में बुजुर्ग व्यक्तियों को कोई दिक्कत न हो।

### सड़क सुरक्षा के लिए चलाएं जागरूकता अभियान : एसपी

**कोडरमा।** आरक्षी अधीक्षक सभागार में गुरूवार को एसपी अनुदीप सिंह की अध्यक्षता में अपराध समीक्षा बैठक हुई। बैठक में एसपी श्री ने विभिन्न थानों की समीक्षा किया। उन्होंने पूर्व की माह में प्रतिवेदित और लंबित कांडो की समीक्षा किया। एसपी ने थानों में वारंट और कुर्की के निष्पादन के लिए आवश्यक दिशा- निर्देश दिया। जबकि थानों में फरियाद लेकर आने वाले लोगों से अच्छा व्यवहार के साथ उनके मामलों पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। एसपी ने वांक्षित अपराधियों पर भी कार्रवाई करने का निर्देश सभी थाना प्रभारी को दिया। बैठक में सड़क सुरक्षा के संबंध में लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। इस दौरान पुलिस सभा का आयोजन किया गया।

# सिमडेगा में तामड़ा जतरा महोत्सव का आज

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** सिमडेगा का राजधानी कहा जाने वाले तामड़ा गांव की सबसे प्राचीन ऐतिहासिक जतरा मेला का 16 दिसंबर दिन शनिवार को विधिवत उद्घाटन होगी। दो दिवसीय ऐतिहासिक मेला की सभी प्रकार की तैयारी की जा चुकी है जहां पर दूर-दूर से खेल तमाशा, बच्चों के लिए मनोरंजन के साधन एवं मिठाई सहित अलग-अलग प्रकार की सामानों की दुकानें सज चुकी है। 16 दिसंबर को विधिवत पहान धर्मनाथ खड़िया के द्वारा ग्राम देवी की पूजन करने के पश्चात विधि विधान के साथ मेला की शुरूआत होगी। इसके बाद दिन में झारखंड मुक्ति मोर्चा सिमडेगा द्वारा रिबन काटकर मेले की शुरूआत की जाएगी। जिस प्रकार 110 सालों से अधिक वर्षों से मेला लगने का इतिहास है इस मेल के पीछे की कहानी बड़ी रोचक है। 1913 आसपास गांव के ही कुछ उत्साहित लोग जिसमे जागेश्वर सिंह महावीर साव, रामलाल साव,शिवलाल श्री साव,बबन श्रीवास्तव, दुर्गा साव,फिरू लोहरा सहित अन्य लोगों के द्वारा क्षेत्र में अच्छी फसल होने और लोगों को संगठित और एक सूत्र में बांधने का प्रयास हेतु छोटा मेला के रूप में आयोजन किया था।परन्तु दिन प्रतिदिन इसमें आसपास के गांव का सहयोग मिलने लगा और मेल बृहद रूप ले लिया और फिर यहां पर लोग मेला का आनंद लेते थे। तामड़ा जतरा मेला को लेकर शुरूआती दौर से ही झाली मांगने की परंपरा है ।जहां पर छोटे-छोटे बच्चे घर-घर जाकर पारंपरिक गीत गाकर धान चावल आदि चीजों का संग्रहण करते हैं और यह प्रथा 110 वर्षों से लगातार गांव में चली आ रही है। यहां आज भी गांव के छोटे-छोटे बच्चे घर-घर जाकर गीत गाकर शाम के समय धान चावल की मांग करते हैं जिसे जतरा मेला में ले जाकर मुरही एवं चूड़ा बदलकर यात्रा मेला का आनंद लेते हैं। गांव के लोग भी बड़े ही उत्साह के साथ घर में आए नई फसल को दान करते हैं। इस मेला का सबसे आकर्षक केंद्र की बात करें तो इस मेल में कठपुतली नाच का आयोजन किया जाता था जिसे देखने के लिए दूर-दूर से लोग पहुंचते थे यह कार्यक्रम बीरू के नायक समुदाय के लोगों के द्वारा यहां पर दिखाया जाता था और इसे देखने के लिए लोग बड़े ही उत्साह होते थे।

### समसेरा पंचायत में विशेष ग्राम सभा का किया गया आयोजन

**बोलबा।** प्रखंड के समसेरा पंचायत में विशेष ग्राम सभा का आयोजन पंचायत भवन सभागार में किया गया।जिसमें पंचायत के सभी वार्ड सदस्य,पंचायत समिति सदस्य अपने अपने संबंधित वार्ड के लोगों को सूचित कर अपने क्षेत्र से योजनाओ को लाया।मौके पर मुखिया सुरजन बड़ाईक ने कहा 9 थीम में कार्य करना है,उसमें पंचायत को पहले जल पर्याप्त ग्राम पंचायत का गठन या बनाने पर योजना ली गयी थी।इस बार भी पंचायतों में सभी जगह पीने का पानी सुलभ करना है।इसी उदेश्य से कूप निर्माण,कूप मराम्मति,चपाकल नव निर्माण, चपाकल मराम्मति, स्नानागार, स्नान घाट,अधिक से अधिक पानी को बचाने जैसा योजना का चयन प्राथमिकता से करना सुनिश्चित करना है।अधिक से अधिक पेयजल एवं स्वच्छता पर काम करना है एवं सभी प्रकार की योजनाओं को रजिस्टर पर दर्ज करना भी है। साथ ही पंचायत में प्राथमिकी करण कर सभी योजना को ग्राम वाइज लेना है।

### कुरडेग के डुमरडीह पंचायत में सरकार आपके द्वार के तहत शिविर का आयोजन



**कुरडेग।** प्रखंड के डूमरडीह पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शिविर लगाया गया। शिविर में सामग्री,परिसम्पति वितरण सहित कुल 3074 आवेदन जमा हुआ।जिसमें 150 कंबल,524 धोती साड़ी, 554 जाति प्रमाण पत्र,95 पौधा वितरण शामिल है।अबुआ आवास में 430 ,सामाजिक सुरक्षा में 47,स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के लिए 26, एवं अन्य आवेदन जमा किये गये साथ ही ओपीडी में 295 लोगों का स्वस्थ्य जांच किया गया।फूलो झानों के तहत 5 लाभुकों को 125000 रू की राशि वितरित किया गया।मौके पर जिप उपाध्यक्ष सोनी पैंकरा,जिला बीससूत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल,प्रमुख सरस्वती देवी,प्रखंड बीससूत्री अध्यक्ष वाल्टर टोप्पो,मुखिया महेश्वर साय,कृष्णकांत सिंह, रोशन रंजन वर्मा,श्रवण बड़ाईक सहित अन्य उपस्थित थे।

### सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि



**सिमडेगा।** जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जॉनसन मिंज की अध्यक्षता में शुक्रवार को लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर जिला कार्यालय में श्रद्धांजलि अर्पित की गयीं मौके पर जोनसन मिंज ने कहा कि सरदार पटेल ने भारत की एकता और अखंडता के लिए उनका हर कदम हमेशा हमारा मार्गदर्शन करता रहेगा ।उन्होंने आजादी के लिए संघर्ष काने और आजाद के बाद रियासतों में बटे हुए देश को उन्होंने अपनी सुझबुझ से एक सूत्र में बंधा है आज पूरा देश के साथ जिला कांग्रेस कमिटी उन्हें नमन कर रहा है मौके पर प्रदेश महासचिव पुष्पा कुल्लू, प्रदेश सचिव नॉमिता बा, पीसीसी डेलिगेट्स प्रदीप केशरी एवम शांतिबला केरकेट्टा, सिमड़ेगा जिला उपाध्यक्ष देवनिष खलखो ,शिशिर मिंज, जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन, विजय बेग नगर अध्यक्ष अरसद हुसैन उर्फ अक्षण खान, विधायक प्रतिनिधि बिनोद दास एवम लुसियाना मिंज, जे पी जायसवाल, नगर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद, अरमान खान, मनीषा खलखो,डॉ इम्तियाल आलम उपस्थित थे।

### चक्रीय विकास संस्थान के कलाकारों ने गीत संगीत से योजनाओं की दी गयी जानकारी

**सिमडेगा।** झारखंड सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम आपकी योजना,आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिला जनसंपर्क कार्यालय सिमडेगा के सौजन्य से चक्रीय विकास संस्थान सिमडेगा के कलाकारों के द्वारा बोलबा प्रखंड के मालसाड़ा पंचायत, ठेठइटांगर प्रखंड के घुतबहार पंचायत,राजाबासा पंचायत,ठेठइटाँगर पंचायत, दुमकी पंचायत,सहित अन्य जगहों में नागपुरी लोक गीत नृत्य एवम नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशाखोरी, शिक्षा,सड़क सुरक्षा, डाईन बिसाही,सहित सरकार की लाभकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को दिया गया.मौके पर पंपप्लेट का भी वितरण किया गया.मौके पर चक्रीय विकास संस्थान के निदेशक सत्यव्रत ठाकुर, खिलेश्वेर सिंह, पुनीत दुबे, दयाल इंदवार,बिमला देवी, सोनिया कुमारी,सीमा कुमारी, सोनू बड़ाइक,दिनेश बिंझिया, पुष्पा तिर्की,रीना कुमारी सहित अन्य कलाकार उपस्थित उपस्थित थे।

## सिमडेगा में आज क्रिसमस कार्निवल उत्सव यात्रा



**सिमडेगाः** क्रिसमस कार्निवाल कमेटी ने 16 दिसंबर को होने वाले क्रिसमस उत्सव यात्रा के लिए पूरी तैयारी कर ली है। दिलीप तिर्की ने बताया कि प्रशानिक अनुमति एवं विधि व्यवस्था के साथ मुख्य अतिथि द्वारा आशीष पश्चात केक काटने के बाद, यात्रा 12 बजे कोर्ट ग्राउंड से शुरू होगी। जो कि प्रिंस चौक फिर नीचे बाजार से पुनः वापस कोर्ट ग्राउंड आएगी जहां सभा का समापन होगा। कमेटी ने इस क्रिसमस कार्निवाल में जिले के सभी लोगों का हार्दिक स्वागत करते हुए। सभों को सम्मिलित होने का आग्रह किया है। दिलीप ने यह भी बताया कि इस शोभायात्रा में चरनी झांकी, लाइव कैरोल के साथ नाचते झूमते हुए लोग जिले में क्रिसमस का शुभ संदेश देंगे। और यह इसी तरह निरंतर जारी रहेगा ।स्माइल केरकेट्टा, अंकित मिंज, जोलेन सांगा, कुलदीप मिंज, निहाल मिंज, गॉडविन कुजूर,अभिषेक, इमानुएल कुजूर, सोनिया मिंज, अंजलि बिलुंग, स्वीटी कुजूर, नीलिमा कुजूर मौजूद रहे।

### अवैध पत्थर लदे ट्रैक्टर जब्त

**कोलेबिरा।** सीओ अनुप कच्छप ने छापेमारी अभियान चलाते हुए अवैध पत्थर लदे एक ट्रैक्टर को नवाटोली पंचायत के गम्हारटोली से जब्त किया है। साथ ही ट्रैक्टर मालिक के उपर एफआईआर दर्ज करते हुई कारवाई की गई है। सीओ ने कहा कि क्षेत्र में अवैध उत्खन्न किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बता दें कि कोलेबिरा थाना क्षेत्र में इन दिनों अवैध पत्थर का कारोबार धड़ल्ले से जारी है। एक चालन में ही कई ट्रैक्टर चालक कई बार अवैध पत्थर की सप्लाई खुलेआम कर सरकार को राजस्व का नुकसान पहुंचा रहे हैं। कई वाहन चालक बिना कागजात के पत्थरों की तस्करी कर रहे हैं।

## एसएस स्कूल के 150 छात्राओं ने पॉलिटेक्निक कॉलेज में किया भ्रमण

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय सिमडेगा के वोकेशनल कोर्स में पढ़ने वाले 150 छात्र छात्राओं को गवर्मेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज सिमडेगा लेकर शुक्रवार को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। विद्यालय से बच्चों को रवाना करने के दौरान अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी बादल राज मौजूद थे उन्होंने बच्चों को वोकेशनल कोर्स में पढ़ने तथा डिप्लोमा कोर्स के बारे में जानकारी दी साथ ही बताया कि जब सिमडेगा में गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज है तो हमारे जिला के बच्चों का एडमिशन ज्यादा से ज्यादा होना चाहिए इसके लिए शिक्षकों को भी निर्देश दिया गया कि ऐसे कोर्स के बारे में बच्चों को जानकारी दें और ज्यादा से ज्यादा बच्चों को फॉर्म भरवाए। मौके पर विद्यालय के शिक्षक सत्यजीत कुमार ने बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के दौरान अनुशासन में रहने की नसीहत देते हुए विदा किया। शिक्षिका लिली सुमानी तिर्की एवं सोनी सुचिता मिंज मौजूद थी। विद्यालय की ओर से वोकेशनल ट्रेनर अजय कुमार मेहता और अमन राज छात्र छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण हेतु लेकर गए हैं। एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय सिमडेगा में इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर तथा इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी के दो वोकेशनल कोर्सेज संचालित होते हैं। गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज में बच्चों का करियर काउंसलिंग किया गया उनको पॉलिटेक्निक कॉलेज में एडमिशन की प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

### क्रिसमस गैदरिंग सह मिलन समारोह सम्मेलन आज

**ठेठईटांगर।** आल चर्चेस क्रिस्चियन कमेटी ठेठईटांगर के तत्वाधान में शनिवार को क्रिसमस गैदरिंग सह मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है ।जिसमें झारखंड के मसहुर सिंगर नितेश कच्छप,सुमन गुप्ता,प्रितम,ईग्नेस, आदि का जलवा दिखेगा कार्यक्रम सुबह 11बजे चर्च अराधना, एवं केक कटिंग के साथ प्रारंभ किया जाएगा ।मौके पर बताया गया कि पारम्परिक संस्कृति नाच गान का भी आयोजन किया गया है एवं संध्या को रांची से आए गायकों के द्वारा एक से बढ़कर एक क्रिसमस एवं आधुनिक गीतों का दौर चलेगा प्रखंड प्रमुख,सह क्रिसमस गैदरिंग कमेटी के संरक्षक बिपिन पंकज मिंज ने होने वाले गैदरिंग की तैयारी का निरीक्षण करते हुए जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया साथ उन्होंने कहा इसके लिए समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य दिन रात लगे हुए है।

**जागरूकता** — घरौंजा-मरकच्चो में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

# दर्जनों ग्रामीणों की समस्याओं का ऑन द स्पॉट निष्पादन

**नवीन मेल संवाददाता**



**कोडरमा।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत कोडरमा जिला के सतगावां प्रखंड के ईटाय, चंदवारा प्रखंड के बडकीधमराय, जयनगर प्रखंड के घरौंजा एवं मरकच्चो प्रखंड के डगरनवां पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया. आयोजित शिविर में बीडीओ व स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए. बीडीओ ने शिविर में आने वाले आमजनों से उनकी समस्याएं जानी और एक-एक कर सभी की समस्याओं का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया. वहीं बीडीओ ने कहा कि पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले शिविर में अधिक से अधिक संख्या में आकर अपनी समस्याओं को रखें, आपकी समस्याओं का निदान जल्द किया जाएगा. साथ ही उन्होंने कहा कि शिविर के माध्यम से राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ लें. इस दौरान स्कूली बच्चियों ने छात्रवृत्ति योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन दिये, उनके आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बच्चियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ देते हुए स्वीकृति पत्र दिया. साथ ही बुजुर्ग महिला/पुरुष को कंबल के साथ-साथ धोती साड़ी योजना से अच्छादित किया गया. शिविर में स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, कल्याण विभाग, सामाजिक सुरक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, आपूर्ति विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, श्रम विभाग समेत अन्य विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए थे. जिनमें पहुंचकर काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों ने योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन दिया.

## दुष्कर्म के आरोपी को 12 साल सश्रम कारावास की सजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय अजय कुमार सिंह की कोर्ट ने शुक्रवार को जिले के नवलशाही थाना कांड सं 8/ 2023, एसटी 64/ 2023 शारीरिक और मानसिक रूप से विकलांग युवती के साथ दुष्कर्म मामले की सुनवाई की। उन्होंने आरोपी रणजीत कुमार उर्फ.रंजीत ठाकुर,उम्र 32 साल, नवलशाही निवासी को दोषी पाते हुए 12 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही? 30 हजार रुपए जुमार्ना भी लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर छह माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। युवती की मां ने थाना को दिए बयान में कहा था कि उसकी बेटी को पेट में दर्द होने पर डॉक्टर के पास लेकर गई। इस दौरान पता चला कि वह पांच माह की गर्भवती है। तब से इसका इलाज करा रहे हैं। लेकिन उससे लगातार पूछने के बाद भी वह कुछ बता नहीं रही थी। 10 अक्तूबर 2022 को ऑपरेशन से सदर हॉस्पिटल में बच्ची को जन्म दिया। इस बीच कई बार अपनी बेटी से पूछते रहे। लेकिन वह कुछ नहीं बताती थी। कुछ दिन पहले बताई कि जब वह सुबह जंगल की तरफ बाथरूम करने जाती थी, तब बगल का लड़का रंजीत कुमार ने कई बार जंगल में उसके साथ दुष्कर्म किया। इससे मेरी पुत्री गर्भवती हो गई और बताया कि रंजीत ने धमकी दिया था कि किसी को बताई, तो जान से मार देंगे। इसी कारण वह कुछ नहीं बताई थी।

### मेंस एसोसिएशन के चुनाव : कर्मियों के बीच गठबंधन की राजनीति शुरू

# जनवरी में पुलिसकर्मियों के बीच होगा घमासान



नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद।** पुलिस मेंस एसोसिएशन की चुनाव तिथि की घोषणा हो चुकी है। धनबाद समेत सात जिलों में एक साथ चुनाव होना है, जिसमें लोहरदगा, जमशेदपुर रेल, सरायढेला केला समेत अन्य कई जिला शामिल है। सात जनवरी को धनबाद में मेंस एसोसिएशन जिला शाखा का चुनाव होगा। इसकी तैयारी में पुलिसकर्मी जुट गए हैं। चार जनवरी को नामांकन दाखिल करने व पांच जनवरी को नाम वापसी का अंतिम दिन तय है। चुनाव की वोटिंग सात जनवरी को पुलिस केंद्र में होना है। पुलिस मेंस एसोसिएशन के पुराने सभी पदाधिकारी चुनाव की तैयारी में जुट गए हैं। पुलिसकर्मियों के बीच चुनावी समीकरण अभी से ही तैयार होने लगा है। पुलिसकर्मियों के बीच गुटबाजी भी शुरू हो गई है। चुनाव लड़ने वाले पुलिसकर्मी आपसी तालमेल कर चुनाव लड़ने वाले पुलिसकर्मियों के पैनल बनाने में भी व्यस्त दिख रहे हैं। मेंस एसोसिएशन के पुराने पदाधिकारी भी चुनाव मैदान में पूरी ताकत के साथ उतरेंगे। ऐसी आशंका जताई जा रही है। इधर 5 दिसंबर को रांची मेंस एसोसिएशन के प्रांतीय पदाधिकारियों ने बैठक कर चुनाव कराने के लिए सर्व सम्मति से निर्णय लिए हैं। धनबाद समेत सात जिलों में एक साथ चुनाव कराने को लेकर प्रांतीय पदाधिकारियों ने पुलिस मुख्यालय के आलाधिकारियों को भी पत्रचार कर जानकारी दी है। यहां तक की चुनाव कराने के लिए चुनाव पदाधिकारियों की घोषणा हो चुकी है। धनबाद में झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन शाखा पीटीसी हजारीबाग के अध्यक्ष मुख्य चुनाव पदाधिकारी होंगे तथा चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष परमेश्वर महतो, प्रदेश संयुक्त महामंत्री संयुक्त महामंत्री कामेश्वर शर्मा एंव प्रदेश सहायक मंत्री तारेश्वर यादव को झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन केंद्रीय कार्यालय रांची को लगाया गया है। मालूम हो कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जिला में दिसंबर के अंतिम सप्ताह तक भारी संख्या में पुलिसकर्मियों की बदली हो सकती है, पर बदली सिपाही हवलदार की होगी या नहीं इसको लेकर जिला में संशय की स्थिति बनी है।

## झारखंड पुलिस के जवान की बिगड़ी तबियत, मौत

**धनबाद।** एसएसपी आवास के गेट पर तैनात झारखंड पुलिस के 45 वर्षीय अंबिका सिंह की गुरूवार की सुबह तकरीबन 9:00 बजे अचानक तबीयत बिगड़ गई. जिसके बाद उनके सहयोगियों के द्वारा उन्हें धनबाद के शहीद निर्मल महत्व अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया. जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया. वहीं मृत्यु का कारण ब्रेन हेमरेज बताया गया. पुलिस अधिकारियों के द्वारा इसकी सूचना जवान के परिजनों को दिया गया है और सूचना के बाद मृतक के बेटा और अन्य रिश्तेदार धनबाद पहुंचे हैं और पोस्टमार्टम के कागजी प्रक्रिया पूरी कर रहे है. पोस्टमार्टम के बाद उनके शव को उनके परिजनों को सौंप दिया जाएगा.

### झारखंड के सांसद ने की रेल मंत्री से मुलाकात, अश्विनी वैष्णव ने कहा

# हर हाल में शुरू होगी टाटा-बक्सर ट्रेन

नवीन मेल संवाददाता

**जमशेदपुर।** सांसद विद्युत वरण महतो ने गुरुवार को नई दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की, जिसमें उन्हें रेलवे संबंधी विभिन्न मांग पूरा करने का आग्रह किया। सांसद ने सबसे पहले टाटा-बक्सर रेल सेवा की लंबित मांग को पूरा करने को कहा, जिस पर रेल मंत्री ने कहा कि उनकी यह मांग हर हाल में पूरी होगी। निकट भविष्य में इसकी घोषणा कर दी जाएगी। सांसद ने बताया कि रेल मंत्री ने कहा कि इसकी सभी प्रक्रिया को पूरा करने के लिए दिशा-निर्देश दिए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त सांसद ने टाटा एनार्कुलम ट्रेन की समय सारणी में सुधार करने और फेरा बढ़ाने का भी आग्रह किया। सांसद ने टाटा एसएमवीटी ट्रेन का भी फेरा



बढ़ाने का आग्रह किया, जिस पर रेल मंत्री ने सकारात्मक आश्वासन दिया। सांसद ने टाटा से जयनगर व टाटा से जयपुर तक सीधी रेल सेवा चालू करने की भी मांग भी दोहराई। सांसद ने उत्कल एक्सप्रेस का राखामाइंस और गीतांजलि एक्सप्रेस का घाटशिला स्टेशन में ठहराव करने के लिए मांग की। सांसद की अन्य मांगों में कोविड पूर्व की भांति संतरागाछी-अजमेरशरीफ ट्रेन सेवा व शालीमार गोरखपुर ट्रेन का घाटशिला, इस्पात एक्सप्रेस, शालीमार-कुर्ला एक्सप्रेस व टाटा-खड़गपुर मेमू का गालूडीह और हटिया-हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस का चाकुलिया स्टेशन पर ठहराव करने की मांग की। इन सभी मांगों पर रेल मंत्री ने सकारात्मक आश्वासन दिया।

## एक नजर

### होटल बुक करने के नाम पर खाते से 84 हजार की ठगी, केस

**रांची।** रांची के डोरंडा गौरी शंकर नगर की रहने वाली लीली मुखर्जी से साइबर अपराधियों ने होटल बुक करने के नाम पर उनके खाते से 84 हजार रुपए की ठगी कर ली। घटना बुधवार की है। इस संबंध में लीली ने डोरंडा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। लीली ने पुलिस को बताया कि वह परिवार के साथ पुरी जाने वाली थी। इसी क्रम में पुरी के एक होटल में रूम बुक करने के लिए वेबसाइट से एक नंबर निकाला। फोनकर्ता शैलेंद्र सिंह ने रूम का रेंट आदि बताया। बातचीत तय होने के लिए उनके पति कल्याण कुमार मुखर्जी ने 13 दिसंबर को गूगल पे के जरीए खाते में तीन दिन का रूम रेंट के तौर पर 84 हजार रुपए का भुगतान किया। जब होटल में उन्होंने संपर्क किया तो पता चला कि उनका खाता बैंक में नहीं है। इसके बाद उन्हे समझ आया कि साइबर अपराधियों ने उन्हें ठगी का शिकार बनाया है। इसके बाद वह सीधे थाना पहुंची और मामला दर्ज कराया।

### बाइक लदे कंटेनर में लगी आग, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

**गिरिडीह।** गिरिडीह मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सिरसिया-सिहोडीह रोड पर आम बागान के समीप बाइक लदे कंटेनर में अचानक आग लग गई. कंटेनर हीरो कंपनी की 32 नई बाइक लेकर दिल्ली से देवघर स्थित शोरूम जा रहा था. आग शार्ट सर्किट से लगी. वाहन से निकलता धुआं देख ड्राइवर ने कंटेनर गाड़ी को आम बगान मैदान में खड़ा कर शोर मचाया. शोर सुन वहां भीड़ जुट गई. स्थानीय लोगों की सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत पहुंची और आग पर काबू पा लिया.

### पीरटांड़ में सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

**गिरिडीह।** डुमरी-गिरिडीह मुख्य मार्ग पर पीरटांड़ थाना क्षेत्र के हरलाडीह के समीप शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत हो गई. घटना के संबंध में बताया गया कि तेज रफ्तार बाइक असंतुलित होकर पलट गई, जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई. घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई. सूचना मिलते ही पीरटांड़ थाना प्रभारी गौरव भगत दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे. जांच-पड़ताल के बाद पुलिस शव को थाना ले गई. खबर लिखे जाने तक मृत युवक की पहचान नही हो पाई थी.

### मोबाइल दुकान से चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार

**बोकारो।** गोमिया पुलिस ने छापामारी कर मोबाइल दुकान में चोरी करने के 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. उनके पास से एंड्रॉयड मोबाइल और की-पैड समेत अन्य सामान बरामद किए गए हैं. यह जानकारी पुलिस इंस्पेक्टर महेश प्रसाद सिंह ने शुक्रवार को गोमिया थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी. उन्होंने बताया कि पिछले 1 नवंबर को गोमिया थाना क्षेत्र के तुलबुल सुंडी टोला स्थित सेवा साव की मोबाइल दुकान का एसबेस्टस शीट तोड़कर चोरों ने चोरी की थी. गुप्त सूचना के आधार पर बेलाटांड़ गांव में छापेमारी कर पीयूष कुमार पासवान को पकड़ा गया. उसके घर से चोरी के एंड्रॉयड और कीपैड मोबाइल व अन्य सामान जब्त किए गए.

### जिला बार एसोसिएशन का चुनाव कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न

# अध्यक्ष बने रामेश्वर प्रसाद महासचिव फादर अगस्टिन

नवीन मेल संवाददाता

**चाईबासा।** जिला बार एसोसिएशन का चुनाव गुरुवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार बार भवन में कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुआ. चुनाव पदाधिकारी एवं पर्यवेक्षक की उपस्थिति में पूरे पारदर्शिता के साथ 8:00 बजे से अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव ,संयुक्त सचिव प्रशासन ,सहित सचिव लाइब्रेरियन कोषाध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सदस्य के लिए मतदान का कार्य प्रारंभ हुआ. अधिवक्ताओं ने कतार बद्ध होकर बारी-बारी से अपने पसंद की उम्मीदवारों को वोट डालें. 273 मतदाताओं में से 252 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया. दोपहर 2 बजे तक मतदान हुआ. मतदान के पश्चात सभी प्रत्याशियों की उपस्थिति में मतपेटी को सील किया गया और उसके



पश्चात दोपहर 3 बजे से सभी प्रत्याशियों की उपस्थिति में बार भवन सभागार में वोटो की गिनती शुरू हुई. जिसमें लगातार दूसरी बार रामेश्वर प्रसाद जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चुनाव चुने गए. उन्होंने अपने निकटतम अंकुर कुमार चौधरी को मात्र 3 वोटो से पराजित किया. गुरुवार रात 10 बजे तक परिणाम जारी हुआ. अध्यक्ष पद को लेकर कांटे का मुकाबला था. जिसमें लगातार दूसरी बार रामेश्वर पासवान ने बाजी मारी और किस्मत ने उनके साथ दिया और मात्र 3 वोट से चुनाव जीते. मतदान के बीच एक बारगी रामेश्वर प्रसाद की सांस भी अटक गई थी. मगर रामेश्वर पासवान प्रसाद माहिर खिलाड़ी रहे हैं और विगत कई दशकों से जिला बार के महासचिव पद पर भी उनका कब्जा रहा है. जिला बार संगठन में एक तरफ उनकी चलती है. मगर इस चुनाव में उन्हें अंकुर चौधरी से भारीकांटे का मुकाबला हुआ टीम परिवर्तन ने उन्हें करी टक्कर दी. वहीं उपाध्यक्ष पद पर केसर परवेज चुनाव जीतने में कामयाब रहे. महासचिव पद पर रामेश्वर प्रसाद गुट के आशीष कुमार सिंह चुनाव हार गए. टीम परिवर्तन के वरिष्ठ अधिवक्ता फादर अगस्टिन कुल्लू महासचिव चुने गए. वहीं संयुक्त सचिव प्रशासन में अधिवक्ता विवेक शर्मा, संयुक्त सचिव लाइब्रेरियन में विमल विश्वकर्मा चुनाव जीतने में सफल रहे. कोषाध्यक्ष पद पर दुर्योधन को चुनाव जीत गए. उन्होंने कल्याण जी और केशव प्रसाद को हराया. कार्यकारिणी सदस्यों में अधिवक्ता हरीश साडिल , राकेश पांडे , धर्म सिंह हेससा, मनीष देवगन, जयंती कुमारी आदि चुनाव जीत गए हैं.

### अस्पताल में इलाज के दौरान महिला की मौत परिजनों का हंगामा

**गिरिडीह।** गिरिडीह शहर के नगर थाना क्षेत्र के बरमसिया स्थित विश्वनाथ नर्सिंग होम में इलाज के दौरान एक महिला किटिया देवी की मौत हो गयी. परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया. मृतका किटिया देवी अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के बांकी गांव निवासी सुभाष पासी की पत्नी थी. परिजनों ने बताया कि किटिया देवी को शनिवार को नर्सिंग में भर्ती कराया था, जहां उसका पथरी का ऑपरेशन हुआ. इसके बाद उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई. घर जाने के बाद महिला को पेट में दर्द की शिकायत पर सोमवार को उसे दोबारा अस्पताल में भर्ती कराया गया. डॉक्टरों ने कहा कि मरीज को डेंगू हो गया है. इसके बाद उसे ब्लड चढ़ाया गया, लेकिन उसकी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ और शुक्रवार की सुबह उसकी मौत हो गयी. परिजनों का आरोप है कि डॉक्टरों ने इलाज में घोर लापरवाही बरती. मरीज को कंपाउंडर के भरोसे छोड़ दिया गया, जिससे उसकी मौत हो गई. परिजनों ने बताया कि मरीज की मौत के बाद अस्पताल प्रबंधन बकाया 11 हजार रुपये जमा करने के बाद ही शव ले जाने की बात कही, जिससे परिजन उग्र हो गए और जमकर हंगामा किया.

## एक नजर

### अमन सिंह हत्याकांड : जेल में बंद आरोपियों को रिमांड में लेकर पुलिस कर रही पूछताछ



**धनबाद।** शूटर अमन सिंह हत्याकांड के जेल में बंद तीनों आरोपियों को रिमांड में लेकर सरायढेला थाना में पुलिस पूछताछ कर रही है। बता दें कि सुंदर महतो उर्फ रितेश यादव, हत्यारोपी की जेल में मदद करने वाले विकास बजरंगी और सतीश साव उर्फ गांधी को पुलिस न्यायालय के आदेश पर 3 दिनों के रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। वहीं सरायढेला थाना में इसे लेकर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इससे पहले सुंदर उर्फ रितेश को 5 दिन के रिमांड में लेकर पुलिस पूछताछ की थी. पूछताछ में हत्या में मदद करने हथियार उपलब्ध कराने की बात पुलिस को बताया था। जिसके बाद सहयोग करने वाले दोनों आरोपियों को रिमांड में लिया गया है।

### जमशेदपुर : जालियांवाला बाग एक्सप्रेस का परिचालन पुनः होगा शुरू, अधिसूचना जारी

**जमशेदपुर।** कोहरे के कारण तीन माह के लिए रद्द की गई टाटा-अमृतसर-टाटा जालियांवाला बाग एक्सप्रेस को पूर्व की तरह चलाने का आदेश रेलवे ने जारी किया है. इसको लेकर दक्षिण पूर्व रेलवे ने एक अधिसूचना जारी कर दी हैं. अधिसूचना के अनुसार टाटा-अमृतसर जालियांवाला बाग एक्सप्रेस 18 दिसंबर से टाटानगर से और अमृतसर-टाटा जालियांवाला बाग एक्सप्रेस अमृतसर से 20 दिसंबर से शुरू होने जा रही है. लोगों की मांग को देखते हुए रेलवे ने यह निर्णय लिया है. बता दें कि कोहरे को देखते हुए रेल प्रशासन ने चार दिसंबर से लेकर एक मार्च तक जालियांवाला बाग एक्सप्रेस को रद्द कर दिया गया था. इस ट्रेन को पुनः बहाल करने के लिए शहर के तमाम सिख संगठनों ने अंदोलन की चेतावनी दी थी. यही नहीं, इसको लेकर पिछले दिनों रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के जमशेदपुर आगमन पर सांसद विद्युत वरण महतो समेत विभिन्न सिख संगठनों ने इस ट्रेन को चलाने की मांग को लेकर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा था. सीजीपीसी के प्रतिनिधिमंडल ने भी हाल ही में डीआरएम को एक मांग पत्र सौंपा था. ट्रेन के शुरू होने से सिख समुदाय के लोगों में खुशी है.

### जमशेदपुर : मानगो जवाहरनगर के आइसक्रीम पार्लर में लगी आग, लाखों का नुकसान

**जमशेदपुर।** मानगो जवाहरनगर रोड नंबर 6 के समीप अल सैफ आइसक्रीम पार्लर में शुक्रवार की अहले सुबह आग लग गई. सूचना पाकर झारखंड अग्निशमन विभाग की एक दमकल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया. अल सैफ आइसक्रीम पार्लर में पहले भी कई बार चोरी की घटना घटित हो चुकी है. परंतु इस बार आग लग जाने से दुकानदार को काफी नुकसान हुआ है. कुछ लोगों ने दुकान से धुआं निकलता देखा जिसके बाद इसकी जानकारी दुकानदार शकील अहमद को दी. वे भागते हुए मौके पर पहुंचे और इसकी जानकारी अग्नि शमन विभाग को दी. शकील अहमद जब तक कुछ कर पाते तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था. इस संबंध में दुकान के मालिक शकील अहमद ने बताया कि सुबह दूरभाष के माध्यम से आग लगने की जानकारी उन्हें मिली. दुकान पहुंचने पर देखा कि उनकी दुकान में रखा सारा सामान बुरी तरह से जल चुका है. आग कैसे लगी उन्हें इसकी जानकारी नहीं है. अगलगी की इस घटना में दुकानदार को लगभग 40 से 50 लाख रुपए का नुकसान हुआ है.

### चाईबासा : जीवन आधारित कौशल विकास पर कार्यशाला में 30 छात्राएं हुईं शामिल

**चाईबासा।** जीवन आधारित कौशल विकास पर कार्यशाला का जिला स्कूल के सभागार में किया गया. इस कार्यशाला का उद्घाटन झारखंड शिक्षा परियोजना के एडीपीओ अमित मुखर्जी ने किया. इस कार्यक्रम का उद्देश्य किशोर-किशोरियों के बीच लैंगिक समानता और जीवन आधारित कौशल विकास पर जोर दिया गया. इस कार्यक्रम में चार कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की 30 छात्राएं और रसेल उच्च विद्यालय जगन्नाथपुर के10 छात्राओं ने कार्यक्रम में भाग लिया. विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं ने नाटक के माध्यम से जीवन में कौशल आधारित विषय पर नाटक प्रस्तुति दी और यह दशार्ने की कोशिश की कि जीवन में कौशल का ज्यादा ही महत्व है. पढ़ाई के साथ-साथ कौशल विकास का भी किया जाना जरूरी है. इस मौके पर परियोजना के एडीपीओ अमित मुखर्जी सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी अजय कुंडू दो प्रशिक्षक हरि नारायण सिन्हा और रानी पूनम तथा शिक्षकों ने बच्चों को जागरूक किया. इस कार्यक्रम के दौरान राज्य स्तर से आए परियोजना के दो प्रतिनिधि भी उपस्थित थे.

### किरीबुरु : जलमीनार का बकाया पैसा नहीं मिलने से ग्रामीणों में रोष

**चाईबासा।** छोटानागरा पंचायत अन्तर्गत जामकुन्डिया गांव के मुंडा टोला में 15वीं वित्त आयोग से वर्ष 2020-21 में निर्मित पाइप लाइन से जलापूर्ति योजना का पैसा आज तक विभाग द्वारा अभिकर्ता लाभुक समिति, जामकुंडिया को नहीं मिलने से ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी जा रही है. इस संबंध में गांव के मुंडा कुशो देवगम ने बताया कि उक्त योजना के तहत मुंडा टोला के 12 परिवारों को घर-घर पाइप लाइन से पानी का कनेक्शन देना था. इस कार्य की प्राक्कलन राशि 1,13,414 रुपये था. कार्य को करने की जिम्मेदारी जामकुंडिया लाभुक समिति को दी गई थी. लाभुक समिति ने अपना पैसा लगाकर कार्य को पूर्ण कर लोगों के घर-घर तक पानी पहुंचा दिया है, लेकिन विभाग द्वारा अब तक लाभुक समिति को मात्र 15 हजार रुपये ही दिया गया है. समिति बाकी के पैसा वर्षों से विभाग से मांग रही है, लेकिन आज तक पैसा नहीं मिला. इस मामले की जांच प्रशासन जल्द कर लाभुक समिति को बाकी के पैसे का भुगतान करने की मांग की है. मुंडा ने बताया कि गांव में एक अन्य जलमीनार बनाया गया है, जिससे पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रही है. जल मीनार में लगा लोहे का एंगल सड़ गया है. बांस बांधकर उसमें नल लगा दिया गया है.

## टायर कारोबारी के हत्या के विरोध में अपर बाजार में दुकानें बंद

रांची। वरीय संवाददाता

रांची के टायर कारोबारी गोपाल श्रीवास्तव की गोलीबारी में हुई हत्या का विरोध शुरू कर दिया है। हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने के विरोध में शुक्रवार को अपर बाजार समेत शहर के कई टायर दुकानदारों ने अपना प्रतिष्ठान स्वतः बंद रखा। इस दौरान पुलिस प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन भी किया। बता दें कि गोपाल की चार दिन पहले रातू रोड लाह फैक्ट्री में अपराधियों ने गोली मारकर घायल कर दिया था। इलाज के दौरान गुरुवार को गोपाल की रिम्स में मौत हो गई। इसी के विरोध में दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद रखी। इस दौरान पुलिस प्रशासन से अविलंब अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की है। रांची टायर डीलर एसोसिएशन के सेक्रेटरी पंकज जैन ने बताया कि हमारे साथी गोपाल की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उसके विरोध स्वरूप हमने अपनी सारी दुकानें बंद रखी हैं और साथ ही प्रशासन से यह मांग की गई है कि जल्द से जल्द हत्यारो को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए। इधर, पुलिस ने गोपाल के शव को शुक्रवार को रिम्स में पोस्टमार्टम कराने के बाद परिवार वालों को सौंप दिया। मामले में पुलिस ने सुखदेवनगर थाने में हत्या की प्राथमिकी दर्ज करायी है। बता दें कि रांची के कोतवाली थाना के ठीक सामने वंश इंटरप्राइजेज नाम की टायर की दुकान मारे गए कारोबारी पवन श्रीवास्तव की थी। पवन के हथियारों का अब तक पुलिस कोई सुराग नहीं लगा पाई है। यही वजह है कि कारोबारी इस मामले को लेकर बेहद आक्रोशित हैं। रांची पुलिस गोपाल श्रीवास्तव को गोली मारकर हत्या करने के मामले में जांच में जुटी हुई है। लेकिन अब तक पुलिस को इस मामले में कोई सफलता हाथ नही लग पाया है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में पुरानी दुश्मनी के कारण ही हत्या की घटना को अंजाम देने की बात सामने आयी है। पुलिस को अपने जांच में यह पता चला है कि गोपाल का एक युवक के साथ कुछ दिनों से विवाद चल रहा था।

### ताला तोड़कर चोरों ने तीन लाख के जेवरात की कर ली चोरी, केस

**रांची।** डोरंडा थाना क्षेत्र के न्यू अल्कापुरी डिबडीह की रहने वाली जोलेन तिग्गी के घर का ताला तोड़कर चोरों ने सवा तीन लाख रुपए के जेवरात की चोरी कर ली। घटना बुधवार की है। इस संबंध में जोलेन तिग्गा ने डोरंडा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। जोलेन तिग्गा ने पुलिस को बताया कि वह बुधवार को शाम में कार्यालय से घर लौटी। देखा कि उनके घर का ताला टूटा हुआ है। अलमीरा में रखा सामान बिखरा पड़ा है। अलमीरा में रखे सोने की चेन, झुमका, बूंदा, अंगुठी, लैपटाप समेत अन्य चीजें गायब है। इसके बाद वही सीधे डोरंडा थाना पहुंची और मामला दर्ज कराया। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। डोरंडा थाना क्षेत्र के डिबडीह दाउदनगर की रहने वाली जीतनी कुजूर के घर पर चोरों ने नगदी समेत दो लाख रुपए के जेवरात की चोरी कर ली। घटना मंगलवार की है। इस संबंध में जीतनी कुजूर ने डोरंडा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी।

## उड़ीसा कृषकों ने किया बीएयू के मशरूम उत्पादन यूनिट का भ्रमण



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** उड़ीसा के नयागढ जिले में मशरूम उत्पादन से जुड़े वुमेन सेल्फ हेल्प ग्रुप का 32 सदस्यीय दल झारखण्ड राज्य का 5 दिवसीय प्रशिक्षण सह भ्रमण पर है । जिसका मार्गदर्शन उपनिदेशालय उद्यान, झारखंड कर रहा है । कार्यक्रम के तहत दल ने शुक्रवार को कांके स्थित बीएयू के मशरूम उत्पादन ईकाई का भ्रमण किया । दल ने पूरे वर्ष विभिन्न प्रकार के मशरूम के स्पॉन (बीज) उत्पादन, विभिन्न तरह के मशरूम उत्पादन की आधुनिक तकनीकी, प्रबंधन, विपणन और लाभ के बारें में जाना । युनिट में चलाए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी ली । मशरूम कम्पोस्ट के बहु लाभकारी तकनीक को जाना । पौध रोग विभाग के वैज्ञानिकों ने दल को सभी तकनीकी जानकारियां दी । इस दल का नेतृत्व रांची के सहायक निदेशक उद्यान डा अस्मिता एवं एस भारती ने किया । यह दल नयागढ (उड़ीसा) के सहायक निदेशक उद्यान अजित कुमार नायक एवं यशोदा डेहरी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम में भाग ले रहे है । इस भ्रमण में झारखण्ड राज्य के 26 महिला किसान भी शामिल हुए । यह जानकारी मुनी प्रसाद ने दी ।

### मांगें पूरी हो | ग्रामीण डाक सेवकों का हड़ताल तीसरे दिन भी जारी, बोले

# नियमित कर्मचारियों को समान वेतन व भत्ता दें

नवीन मेल संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो थर्मल गिरिडीह डाक प्रमंडल के ग्रामीण डाक सेवकों का हड़ताल गुरुवार तीसरे दिन भी जारी रहा. अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ के बैनर तले डाक सेवकों ने बोकारो थर्मल स्थित डाकघर गेट के समक्ष धरना दिया. सात सूत्री मांगों को लेकर यह विरोध-प्रर्दशन किया जा रहा है. इस दौरान सभी ने मांगों को पूरा करने को लेकर प्रदर्शन कर सरकार विरोधी नारेबाजी भी की. डाक सेवकों ने कहा कि जीडीएस के जीवन के साथ सरकार खिलवाड़ कर रही है. हमारी मांगों की फाइल सरकार के पास निष्क्रिय पड़ी हुई है, उसे स्वीकृति प्रदान करने में अनदेखी की जा रही है. बाध्य होकर हमें हड़ताल का सहारा लेना



पड़ रहा है. कहा कि हमारी प्रमुख मांगों में 8 घंटे काम और पेंशन सहित सभी लाभ प्रदान करना, नियमित कर्मचारियों के समान वेतन एवं भत्ता, समूह बीमा कवरेज को 5 लाख रुपये तक बढ़ाना, विभागीय कर्मचारियों के साथ समानता में जीडीएस ग्रेच्युटी में वृद्धि, 180 दिनों तक की सवैतनिक छुट्टी को आगे बढाना और उसका नगदीकरण करना, जीडीएस और उनके परिवार के सदस्यों को चिकित्सा सुविधाओं का प्रावधान उपलब्ध करना, सभी सेवानिवृत्त जीडीएस को पेंशन प्रदान करना, समान कार्य के लिए समान वेतन के सिद्धांतों के तहत 5 घंटे के काम के लिए नियोजित नए कर्मचारियों को कार्यभार के आधार पर वार्षिक वेतन वृद्धि को बढ़ाने और तेज करने के लिए सभी शाखा कार्यालयों (बीओ) को लैपटॉप, प्रिंटर और ब्रॉडबैंड नेटवर्क सुविधा प्रदान करना शामिल है. विरोध-प्रर्दशन में गुंजन कुमार, उपेन्द्र शर्मा, जानकी महतो, जितेन्द्र महतो, मोहन कुमार, एके कर्ण, अशोक कुमार साव, दशरथ महतो, पवन कुमार, सुरेन्द्र कुमार, अशोक, दिनेश महतो, सरजू प्रसाद, महेन्द्र प्रसाद महतो, रामजी नायक, अभिषेक आनंद, पृथ्वीराज सिंह, अर्जुन कुमार पासवान, कृष्णा शर्मा, सनातन मुर्म, अरमान हुसैन, केदार नायक, अमर राजन मुर्मू, अरमान हुसैन, महेंद्र प्रसाद महतो सहित गोमिया, हजारी, पेटरवार, नरकी, खरकी, गोनियाटो, कंजकिरो, आरमो, फसरो, नारायणपुर शाखा के सैकड़ों डाक सेवक शामिल थे.

**देने के लिए दान, लेने के लिए ज्ञान व त्यागने के लिए अभिमान सर्वश्रेष्ठ है : अज्ञात**

# कार्यप्रणाली विकसित हो..

*झारखंड* सरकार हाल के दिनों में आम आदमी की समस्या के समाधान के लिए आतुर दिख रही है। यही कारण है कि आपकी योजना आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से समस्यों का निपटारा करने की कवायद जारी है। लेकिन सच्चाई यह है कि अधिकारी और कर्मचारी भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे हैं। ये लोग लापरवाही, टालमटोल, मनमानी करने के आदी हो चुके हैं। नतीजा यह कि गरीब और जरूरतमंद लोग अपने काम के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने को विवश हैं।

**अभियान और शिविरों में कुछ लोगों का काम हो जाता है,लेकिन अधिकांश की स्थिति यथावत बनी रहती है। यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। हालांकि लोगों में आज भी जागरूकता की भारी कमी है। इन्हें अपने हक के लिए जागरूक बनाना भी सरकार का काम है। अधिकारी अपनी कार्यशैली बदलें। इसके लिए बड़े पैमाने पर कार्य करने की जरूरत है। कारण हमारा समाज भ्रष्टाचार के दलदल में आकंठ डूबा हुआ है। इसकी बानगी पलामू के चैनपुर स्थिति रामगढ़ प्रखंड के सरहुआ ग्राम में देखी जा सकती है।**

अभियान और शिविरों में कुछ लोगों का काम हो जाता है,लेकिन अधिकांश की स्थिति यथावत बनी रहती है। यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। हालांकि लोगों में आज भी जागरूकता की भारी कमी है। इन्हें अपने हक के लिए जागरूक बनाना भी सरकार का काम है। अधिकारी अपनी कार्यशैली बदलें। इसके लिए बड़े पैमाने पर कार्य करने की जरूरत है। कारण हमारा समाज भ्रष्टाचार के दलदल में आकंठ डूबा हुआ है। इसकी बानगी पलामू के चैनपुर स्थिति रामगढ़ प्रखंड के सरहुआ ग्राम में देखी जा सकती है। यहां बसने वाले परहिया परिवार आज भी राशन कार्ड के लिए तरस रहे हैं। जबकि सरकार विलुप्त हो रहे ऐसे परिवारों के लिए अलग से पैकेज की घोषणा की है। दूसरी तरफ लातेहार के बेतला में भी परहिया परिवार सरकार की योजनाओं से वंचित हैं। ऐसे में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की प्रासंगिकता को जोड़े रखने के लिए अधिकारियों को आगे आना होगा। कोई भी सरकार कितनी भी अच्छी योजनाओं की शुरूआत करे,उसे जमीन पर उतारने की जवाबदेही अधिकारी ही करते हैं। ऐसी स्थिति में सरकार को भी चाहिए कि उनकी परेशानियों को सुने। आखिर क्या बात है कि इतनी बड़ी योजना के चलाये जाने के बाद भी गरीब सरकारी कार्यालयों का चक्कर लगा रहे हैं? अगर किसी अधिकारी को अपने कार्य को अंजाम देने में परेशानी हो रही है तो उसकी शिकायत सरकार से करें? दूसरी तरफ सरकार भी लचीला रवैया अपनाते हुए अधिकारियों की परेशानी को समझने का कार्य करे। तानाशाही रवैया कहीं भी जायज नहीं है। कुल मिलाकर समस्याओं के आकाश में सतरंगी इन्द्रधनुष भरकर समस्याओं की पड़ताल हो। यह सबके प्रयास से ही संभव है। बहरहाल हेमंत सोरेन सरकार राज्य की दिशा बदलने में जहां एक ओर लगी हुई है,वहीं उसके सहयोगी दलों की उदासीनता समझ से परे है। अगर बीमारी बढ़ जाये और भावनायें ज्यादा तेज हों,सब पर हावी हो जाये और रोजमर्रा की जिन्दगी पर असर करने लगे तो गंभीरता से उसका इलाज जरूरी हो जाता है। इस काम में एक बात का ध्यान रखना जरूरी है कि इलाज के दौरान आम आदमी को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। मसलन गठबंधन की सरकार में कई प्रकार की परेशानियां आती हैं। इस बात से इंकार भी नहीं किया जा सकता है। लेकिन इसका मतलब यह कतई नहीं होना चाहिए कि इससे आम आदमी को किसी प्रकार की परेशानी का सामना करना पड़े। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम सरकार के द्वारा लाई गयी अच्छी पहल है। इस कार्यक्रम को घर-घर तक पहुंचाने की जरूरत है। यह तभी संभव होगा जब अधिकारी मुस्तैदी से कार्य को अंजाम देगें।

इन दिनों

# संकल्प यात्रा में अव्वल उत्तर प्रदेश



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री



*पिछले* छह वर्ष में देश- दुनिया में उत्तर प्रदेश की सकारात्मक छवि का निर्माण हुआ है। लोक कल्याण की 50 से अधिक योजनाओं के क्रियान्वयन में उत्तर प्रदेश नंबर वन है। विकसित भारत संकल्प यात्रा में भी उत्तर प्रदेश की बढ़त कायम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 नवंबर को झारखंड के खूंटी से विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत की थी। इस यात्रा के माध्यम से सरकार अपनी महत्वाकांक्षी पहल और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रही है। इसका उद्देश्य सरकार और लोगों के बीच की दूरी को पाटना, समुदायों को सशक्त बनाना और एक समावेशी और विकासशील भारत की नींव रखना है। विकसित भारत संकल्प यात्रा में भागीदारी की दृष्टि से उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर है। करीब एक करोड़ प्रतिभागियों के साथ उत्तर प्रदेश अग्रणी है। उसके बाद महाराष्ट्र है। गुजरात तीसरे स्थान पर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह इन यात्राओं में सहभागी हो रहे हैं। योगी आदित्यनाथ का कहना है कि पहले जो सपने थे, वह आज साकार हो रहे हैं। प्रदेश में अब तक पचपन लाख गरीबों के लिए घर बनाये गये हैं। दस करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिल रहा है। हर गरीब को अगले पांच साल तक फ्री राशन की सुविधा दी जा रही है। ये सब मोदी की गारंटी है। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की मोदी की गारंटी है। ये शत-प्रतिशत क्रियान्वित होने वाली गारंटी है। इसके बाद हम सभी भारतीयों का संकल्प होना चाहिए कि हमारा देश, दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बने। इसके लिए आतंकवाद, नक्सलवाद, जातिवाद और भ्रष्टाचार को समाप्त करना होगा। विकास की बड़ी योजनाएं मूर्त रूप ले रही हैं और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के गांव, गरीब, किसान, महिला और नौजवानों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में शत-प्रतिशत जनता को योजनाओं का लाभ मिले। इसके लिए गांव-गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। योजनाओं से संबंधित स्टॉल, योजनाओं के फॉर्म और स्वास्थ्य मेला आदि का आयोजन हो रहा है। सभी लोगों को इस यात्रा में जुड़कर योजनाओं का लाभ लेना चाहिए। आजमगढ़ में योगी आदित्यनाथ ने विकास कार्यों का उल्लेख किया। विकास ने आजमगढ़ की छवि बदल दी है। यहां निर्माणाधीन महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य जनवरी में पूरा हो जायेगा। इसके अलावा पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे, संगीत महाविद्यालय, एयरपोर्ट जैसी योजनाएं आजमगढ़ को विकास की मुख्यधारा में जोड़ने वाली साबित होंगी। आजमगढ़ में आज भय और आतंक नहीं, बल्कि विकास और संगीत की सुंदर लहरियां गूंज रही हैं। डबल इंजन की सरकार पूरी मजबूती के साथ जनता के हितों की रक्षा करने के लिए आई है। प्रदेश में लाखों करोड़ रुपये का निवेश होने जा रहा है, जिससे रोजगार के नये अवसरों का सृजन होगा। जिन्हें योजनाओं का लाभ अब तक नहीं मिला है, उनके लिए ही इस विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा में लोगों की भागीदारी दो करोड़ के पार हो गई है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में पिछले सात दिनों में ही लोगों की भागीदारी दोगुनी हो गई है। एक हफ्ते पहले इन यात्राओं में एक करोड़ से अधिक लोगों ने भाग लिया था। लेकिन अब यह संख्या दो करोड़ हो गई है। यात्रा लगभग साठ हजार ग्राम पंचायतों तक पहुंच चुकी है। यात्रा की मेरी कहानी, मेरी जुबानी पहल के तहत डेढ़ करोड़ से अधिक लोगों ने अपने अनुभवों और आकांक्षाओं को साझा किया है। इस विकसित भारत संकल्प यात्रा में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किये जा रहे हैं, जिसमें अब तक बयालीस लाख से अधिक लोगों की जांच की जा चुकी है।

**विकसित भारत संकल्प यात्रा में भागीदारी की दृष्टि से उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर है। करीब एक करोड़ प्रतिभागियों के साथ उत्तर प्रदेश अग्रणी है। उसके बाद महाराष्ट्र है। गुजरात तीसरे स्थान पर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह इन यात्राओं में सहभागी हो रहे हैं। योगी आदित्यनाथ का कहना है कि पहले जो सपने थे, वह आज साकार हो रहे हैं। प्रदेश में अब तक पचपन लाख गरीबों के लिए घर बनाये गये हैं। दस करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिल रहा है। हर गरीब को अगले पांच साल तक फ्री राशन की सुविधा दी जा रही है। ये सब मोदी की गारंटी है। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की मोदी की गारंटी है। ये शत-प्रतिशत क्रियान्वित होने वाली गारंटी है। इसके बाद हम सभी भारतीयों का संकल्प होना चाहिए कि हमारा देश, दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बने। इसके लिए आतंकवाद, नक्सलवाद, जातिवाद और भ्रष्टाचार को समाप्त करना होगा। विकास की बड़ी योजनाएं मूर्त रूप ले रही हैं और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के गांव, गरीब, किसान, महिला और नौजवानों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में शत-प्रतिशत जनता को योजनाओं का लाभ मिले। इसके लिए गांव-गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। योजनाओं से संबंधित स्टॉल, योजनाओं के फॉर्म और स्वास्थ्य मेला आदि का आयोजन हो रहा है। सभी लोगों को इस यात्रा में जुड़कर योजनाओं का लाभ लेना चाहिए।**

## आप की बात

### सड़क-नाली की समस्या से ग्रामीण परेशान

चैनपुर थाना क्षेत्र के भड़गावा टोला चट्टी पार के ग्रामीण सड़क व नाली की समस्या से जूझ रहे है। परंतु जनप्रतिनिधि एक बार भी गांव में आकर ग्रामीणों की समस्या के बारे में जानकारी नहीं लेते हैं। यहां की मुख्य समस्या सड़क, पानी, नाली को लेकर है। इस गाँव मे जलनिकासी की उचित व्यवस्था न होने से गांव के मुख्य मार्ग पर जलजमाव की समस्या बनी रहती है। मुख्य मार्ग पर गंदा पानी भरा होने से लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत में न तो सड़क का निर्माण हो रहा है और न ही नाली का। थोड़ी सी बरसात हो जाने से रास्ते मे पूरा पानी भर जाता है क्योंकि यहां पर जलनिकासी के लिए कोई उचित व्यवस्था नहीं है। जल निकासी नही होने के कारण रास्ते पर जलजमाव से सड़क पर बड़े-बड़े गढ्डे बन गए हैं। इसमें लोग गिरकर आए दिन चोटिल हो रहे हैं। रास्ते पर हमेशा गंदा पानी बहता रहता है। ग्रामीणों के शिकायत के बाद भी जलनिकासी की कोई व्यवस्था नहीं हो पा रही है। सड़क के किनारे नाली तो बना हुआ है परंतु पानी निकासी का कोई साधन नहीं है। इसके वजह से थोड़ा भी बरसात होने पर पानी सड़क पर भरा रहता है। इससे मार्ग पर गुजरने वाले लोगों को काफी परेशानी हो रही है। कच्ची सड़क होने से रात के अंधेरे में कई लोग इस रास्ते से होकर आने जाने में गिर कर घायल भी हो चुके हैं। यहां की सुविधाओं को देखकर ऐसा लगता है कि ना ही ढंग की सड़क और ना ही जल निकासी की सुविधा। इस टोले में स्ट्रीट लाइट भी नहीं लगी है। इस कारण यहां पर रात में अंधेरा पसरा रहता है।

**- उपेन्द्र कुमार मेदिनीनगर**

प्रकृति

# सांसदों का असंसदीय आचरण व राजनीतिक सुचिता



प्रमोद भार्गव

*तृणमूल* कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा पैसे के बदले प्रश्न पूछने के मामले में अनैतिक और अशोभनीय आचरण के कारण सत्रहवीं लोकसभा की सदस्यता खो बैठी हैं। उनके निष्कासन की सिफारिश संसद की आचार समिति ने जांच के बाद की। कुछ समय से इस बात पर बहस हो रही थी कि मोइत्रा पर लगे आरोपों में कितनी सच्चाई है? दरअसल धन लेकर सवाल पूछने के आरोप भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने मोइत्रा पर लगाते हुए संसद में कहा था कि उन्होंने भारतीय उद्योगपति गौतम अडानी और उनकी कंपनियों को कठघरे में खड़ा करने के नजरिए से संसद में निरंतर 40 से ज्यादा प्रश्न पूछे। इसके बदले मोइत्रा ने घूस और कीमती उपहार लिए। यही नहीं उन्होंने लोकसभा पोर्टल की लॉग इन आईडी और पासवर्ड भी दुबई में रहने वाले भारतीय कारोबारी दर्शन हीरानंदानी से साझा किए। इस तथ्य को मोइत्रा ने भी स्वीकारा। सांसदों के असंसदीय आचरण संसद और संविधान की संप्रभुता को कैसे खिलवाड़ कर रहे हैं? इनके कारनामे पहले भी देखने में आते रहे हैं। नोट के बदले वोट देने से लेकर संसद में पैसे लेकर सवाल पूछने के स्टिंग ऑपरेशन भी हुए हैं। 1991 के आम चुनाव में कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरकर आई थी। कई क्षेत्रीय दलों के समर्थन से कांग्रेस ने पीवी नरसिंह राव के नेतृत्व में सरकार बनाई थी। जुलाई 1993 में इस जोड़तोड़ की सरकार के विरुद्ध मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने सदन में अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। यह प्रस्ताव आखिर में 14 मतों के अंतर से खारिज हो गया। इसके बाद 1996 में सीबीआई को एक शिकायत मिली, जिसमें आरोप लगाया गया कि राव की सरकार को जीवनदान देने के बदले में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कुछ सांसदों और जनता दल के अजीत सिंह गुट को रिश्वत दी गई थी। इस मामले में झामुमो प्रमुख शिबु सोरेन और उनकी पार्टी के चार सांसदों पर नोट लेकर वोट देने का आरोप लगा था। इन सांसदों के बैंक खातों में मिली धनराशि से भी यह पुष्टि हुई कि नोट के बदले वोट देने की कालावधि में ही यह राशि जमा हुई थी।

**सांसदों के असंसदीय आचरण संसद और संविधान की संप्रभुता को कैसे खिलवाड़ कर रहे हैं? नोट के बदले वोट देने से लेकर संसद में पैसे लेकर सवाल पूछने के स्टिंग ऑपरेशन भी हुए हैं।**

## फेसबुक वॉल से



## X- से

आग सोने को परखती है
और मुश्किल समय
इंसान को।

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# भारत सहित पूरी दुनिया में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर हर घर दिये जलेंगे



किशन भावनानी गोंदिया

*वैश्विक* स्तरपर दुनियां के कोने-कोने में बसे मूल भारतीयों की अपने वतन भारत के प्रति आध्यात्मिक आस्था उनके रग रग में समाई है, यही कारण है कि हजारों किलोमीटर सात समंदर पार अपने वतन से दूर रहने के बावजूद वहां अपने देश में विभिन्न भगवानों का मंदिर बनाकर नित्य नियम पूजा पाठ करते हैं, जिसका सटीक उदाहरण हम ब्रिटेन के पीएम द्वारा हिंदू त्योहार मनाने मंदिर जाने और जी-20 के समय भारत आने पर अक्षरधाम मंदिर का दौरा करना इस आस्था की पुष्टि करता है। भारत में दिनांक 22 जनवरी 2024 को प्रस्तावित प्रभु श्री राम मंदिर की संभावित प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन की घोषणा के उपरांत अमेरिका सहित पूरी दुनियां में मूल भारतीयों द्वारा वहां स्थित मंदिरों में तैयारियां शुरू की गई है। अमेरिका के शिकागो के एक समुदाय नेता ने प्रेस में बताया कि यह सपने सच होने जैसा है। वीएचपी ऑफ अमेरिका इन समारोहों में शामिल होने, हजार से अधिक मंदिरों और व्यक्तियों की भागीदारी की सुविधा के लिए वेबसाइट भी लॉन्च कर दी है। यह जानकारी अमेरिका के डॉक्टर साहब ने दी जो 22 जनवरी 2024 के मंदिर उद्घाटन समारोह में अमेरिकी अतिथियों में से एक है। चूंकि मंदिर उद्घाटन की तिथि घोषित की गई है, श्रद्धालियों के लिए एडवाइजरी जारी कर दी गई है और वीवीआईपी आमंत्रण में माननीय प्रधानमंत्री राष्ट्रपति से लेकर तमाम नेता शामिल होंगे, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे। भारत अमेरिका सहित पूरी दुनियां में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन धार्मिक रैलीयां दीप वंदन सहित अनेक कार्यक्रम कर देश खुशी मनायेगा। साथियों बात अगर हम प्रभु श्री राम मंदिर अयोध्या के उद्घाटन की करें तो, मीडिया में अयोध्या जिला प्रशासन की जानकारी आई कि 22 जनवरी 2023 को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए सात हजार से ज्यादा वीवीआईपी और वीआईपी को आमंत्रित किया गया है इनमें पीएम और राष्ट्रपति से लेकर कई बड़े नेता शामिल हैं।

**अमेरिका के शिकागो के नेता ने प्रेस में बताया कि यह सपने सच होने जैसा है। वीएचपी ऑफ अमेरिका इन समारोहों में शामिल होने, हजार से अधिक मंदिरों व व्यक्तियों की भागीदारी के लिए वेबसाइट भी लॉन्च कर दी है।**



बोधि वृक्ष

## ऋषि मार्कण्डेय की कथा

ऋषि मार्कण्डेय ने भगवान इंद्र से कहा कि 'जैसा मैं तुमसे कहता हूं, तुम पूजा करो, मैं तुम्हें 'ब्रह्मलोक' (जिसे महास्वर्ग भी कहा जाता है) ले जाऊंगा। वहाँ तुम्हारे जैसे करोड़ों इन्द्र हैं; जिन्होंने मेरे पैर छुए हैं। तुम ब्रह्मा, विष्णु और शिव की पूजा छोड़कर ब्रह्म-काल की पूजा करो। ब्रह्मलोक में साधक को युगों (कल्प) से मुक्ति मिलती है। स्वर्ग के राजा के इस सिंहासन को छोड़ दो'। परंतु भगवान इंद्र ने यह कहते हुए इंकार कर दिया कि 'ऋषि जी मुझे अभी सुखों का आनंद लेने दो, मैं बाद में देखूंगा'। ऋषि मार्कण्डेय ब्रह्म की तपस्या में थे और उसे श्रेष्ठ मान रहे थे। इसलिए उन्होंने इंद्र से कहा कि 'मैं तुम्हें ब्रह्म की पूजा बताऊंगा'। ब्रह्मलोक की तुलना में स्वर्ग के सुख बहुत कम हैं, एक कौवे की बीट के समान। **नोटः** गीता अध्याय 7 श्लोक 18 में पवित्र गीता का ज्ञान दाता ब्रह्म-काल कहता है कि उसकी उपासना भी अनुत्तम है। महर्षि मार्कण्डेय जी उस स्तर की भक्ति को ही श्रेष्ठ समझकर कर रहे थे और इन्द्र को भी वह पूजा करने की सलाह दे रहे थे।

**विचार करने योग्य**


इन्द्र को पता है कि मत्यु के उपरांत उसे गधे का जीवन मिलेगा, फिर भी वह उस क्षणिक सुख को त्यागना नहीं चाहता। उसने कहा कि फिर कभी देखूंगा। फिर कब देखेगा? गधा बनने के पश्चात तो कुम्हार देखेगा। कितना वजन गधे की कमर पर रखना है? कहाँ डण्डा मारना है? ठीक इसी प्रकार इस पृथ्वी पर कोई छोटे से टुकड़े का प्रधानमंत्री, मंत्री, मुख्यमंत्री या राज्य में मंत्री बना है या किसी पद पर सरकारी अधिकारी या कर्मचारी बना है या धनी है। उसको कहा जाता है कि आप भक्ति करो नहीं तो गधे बनोगे। वे या तो नाराज हो जाते हैं कि क्यों बनेंगे गधे? फिर से मत कहना।

(क्रमशः)

टेक वर्ल्ड

## जियों ने लॉच की नई डिवाइस

Jio Motive 2023 की, जिससे आपको अपनी कार की परफॉर्मेंस और अन्य चीजों के बारे में रियल टाइम की जानकारी मिलती है। कोई भी गड़बड़ी आने से पहले आप उसे महंगे रिपेयर से बचा सकते हैं हैं। ये डिवाइस आपको सेफ रखने के साथ कई स्मार्ट फीचर भी ऑफर करती है। अगर आप भी अपनी गाड़ी से सफर करते हैं तो जियो का ये नया प्रोडक्ट आपके लिए ही बना है।



जी हां बात कर रहे हैं Jio Motive 2023 की, जिससे आपको अपनी कार के परफॉर्मेंस और अन्य चीजों के बारे में रियल टाइम की जानकारी मिलती है। बता दें कि, तकनीकी रूप से ये एक प्ल इन प्ले ओबीडी डिवाइस है। ओबीडी डिवाइस का मतलब ऑन-बोर्ड डायग्रोस्टिक्स से है। इससे आपको अपनी गाड़ी के रियल टाइम की जानकारी मिलती है। इसका फायदा ये होता है कि आपको कार की परफॉर्मेंस से जुड़ी जानकारी मिलती है। कोई भी गड़बड़ी आने से पहले आप उसे महंगे रिपेयर से बचा सकते हैं हैं। ये डिवाइस आपको सेफ रखने के साथ कई स्मार्ट फीचर भी ऑफर करती है।

**Jio Motive के फीचर्स**

जब कभी भी आप इस डिवाइस को गाड़ी से अटैच करने के बाद Jio Things ऐप पर चौबीसों घंटे कार की मौजूदगी को ट्रैक किया जा सकता है। यूजर्स ऐप पर एक जियो फेंसिंग बना सकते हैं। ये किसी भी आकार की हो सकती है। जब आपकी कार इस जियो फेंसिंग में एंटर करती है या बाहर निकलती है तो आपको अलर्ट मिल जाता है। Jio Motive आपकी कार के हेल्थ को मॉनिटर करती है। इसका सबसे बड़ा फायदा है कि कार में कोई बड़ी गड़बड़ी आने से पहले आप सचेत हो जाते हैं। ये डिवाइस आपके ड्राइविंग बिहेवियर को भी नोटिस करती है।

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# आज का भारत सरदार पटेल के सपनों का भारत है : योगी आदित्यनाथ

### सरदार पटेल ने भारत के 563 रियासतों को भारत गणराज्य का हिस्सा बनाया : मुख्यमंत्री

एजेंसी

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को भारत के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की 74वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वाराणसी दौरे के दूसरे दिन मुख्यमंत्री ने मलदहिया स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये।

मुख्यमंत्री योगी ने देश के प्रति उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि लौह पुरुष एक महान स्वाधीनता संग्राम सेनानी थे। इसके साथ ही स्वतंत्र भारत में उनका योगदान नए भारत के शिल्पी के रूप में रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरदार पटेल ने भारत के 563 रियासतों को भारत गणराज्य का हिस्सा बनाया। आज का जो भारत है, वह सरदार वल्लभ भाई पटेल के सपनों का भारत है। इसलिए पूरा देश भारत की अखंडता के शिल्पी लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल का स्मरण करके उनके प्रति श्रद्धावनत होता है। योगी ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के इन्हीं मूल्यों और आदर्शों को ध्यान में रखकर काशी के सांसद और देश के प्रधानमंत्री ने केवड़िया गुजरात में सरदार सरोवर के तट पर नर्मदा नदी में दुनिया की सबसे बड़ी प्रतिमा स्थापित की है। आज वह एक तीर्थ बन गया है। सरदार पटेल के मूल्य और आदर्श हम सभी को एक नई प्रेरणा प्रदान करते हैं।



## कांकेर में शहीद जवान के परिवार को 50 लाख की मदद व सरकारी नौकरी देगी योगी सरकार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में बुधवार को आईईडी विस्फोट में बलिदान हुए बीएसएफ जवान अखिलेश कुमार राय के परिवार को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने अखिलेश कुमार राय के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और उनके गृह जिले गाजीपुर की एक सड़क का नामकरण बलिदान जवान के नाम पर करने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने एक बयान में गाजीपुर जिले के निवासी बीएसएफ जवान अखिलेश कुमार राय को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने बलिदान जवान के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि शोक की इस घड़ी में राज्य सरकार उनके साथ है। राज्य सरकार द्वारा दिवंगत जवान के परिवार को हर संभव मदद प्रदान की जाएगी।



## एक नजर

### मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सरदार पटेल की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शुक्रवार को देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री और गृहमंत्री भारतरत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर कहा महान स्वतन्त्रता सेनानी एवं भारत के प्रथम गृह मंत्री लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। अखंड भारत बनाने एवं देश को एक सूत्र में पिरोने के लिए किए गए आपके महान कार्य एवं एक भारत-श्रेष्ठ भारत के निर्माण में आपका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।

### विष्णुसाय ने राजस्थान के सीएम भजन लाल शर्मा को दी शुभकामनाएं

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजस्थान के नवनियुक्त मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को बधाई और शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा। मुख्यमंत्री साय ने भजन लाल को उनके जन्मदिन और मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के अवसर पर अपनी शुभकामनाएं देते हुए राजस्थान की जनता को नई सरकार चुनने के लिए बधाई दी है।


### सौ बोतल कोडिनयुक्त कफ सिरप के साथ दो गिरफ्तार कार व बाइक बरामद



एजेंसी

**अररिया।** फारबिसगंज थाना पुलिस ने कोडिनयुक प्रतिबंधित सौ बोतल कफ सिरप के साथ दो सौदागरों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने यह कार्रवाई गुप्त सूचना पर फारबिसगंज के अंसारी चौक पर यह कार्रवाई की। पुलिस को यह सूचना मिली थी कि अंसारी चौक पर प्रतिबंधित कोडिनयुक्त कफ सिरप का काम अवैध रूप से चलाया जाता है। सूचना के सत्यापन के तहत पुलिस ने छापेमारी की। पुलिस ने मामले में हरिपुर वार्ड संख्या आठ का रहने वाला 29 वर्षीय मो.नुरुल्ला पिता- कलाम हुसैन और रामपुर दक्षिण वार्ड संख्या तीन का रहने वाला 21 वर्षीय मो समीर पिता- मो.जमील को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके पास से एक दिल्ली नंबर की कार संख्या डीएल 3सीएबी 8601 और बिना नंबर की हीरो स्पलेंडर की मोटर साइकिल, सौ बोतल प्रतिबंधित कफ सिरप और एक मोबाइल बरामद किया। कार में सवार पुलिस को चकमा देकर फरार होने में कामयाब रहा। फारबिसगंज पुलिस की यह कार्रवाई थानाध्यक्ष आफताब अहमद, एसआई अमर कुमार, एसआई अमरेंद्र कुमार और क्विक मोबाइल पुलिस टीम के द्वारा की गई।

## तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा बोधगया पहुंचे



**पटना।** तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा शुक्रवार को स्पेशल फ्लाइट से बोधगया पहुंचे हैं। सड़क मार्ग से गुजरते समय बड़ी संख्या में लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। बोधगया के तिब्बती मंदिर में दलाई लामा करीब एक माह का प्रवास करेंगे। इस दौरान वे विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। धर्मगुरु दलाई लामा के बोधगया आगमन को लेकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। गया एयरपोर्ट से लेकर बोधगया तक चप्पे-चप्पे पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। बौद्ध गुरु दलाई लामा का प्रवचन सुनने के लिए दर्जनों देशों के लोग बोधगया पहुंचे हैं। दलाई लामा 20 दिसंबर को महाबोधि संस्कृति केंद्र में होने वाले कार्यक्रम में शामिल होंगे, जिसमें 30 देशों के हजारों श्रद्धालु हिस्सा लेंगे। दलाई लामा का टीचिंग कार्यक्रम भी होगा। बोधगया के कालचक्र मैदान में 29, 30 और 31 दिसंबर को यह कार्यक्रम होगा। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। इसे लेकर कालचक्र मैदान की पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

## सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग काशी पहुंचे, एयरपोर्ट पर हुआ भव्य स्वागत



**वाराणसी।** सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग शुक्रवार को वाराणसी पहुंचे। बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री अन्तरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर भारतीय जनता पार्टी( भाजपा ) के क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल के नेतृत्व में कार्यकताओं ने ढोल नगाड़े के थाप पर मुख्यमंत्री तमांग का गर्मजोशी से स्वागत किया। स्वागत करने वालों में सुरेश सिंह, शैलेंद्र किशोर पांडेय, शीतला प्रसाद, डॉक्टर जयप्रकाश दुबे, अवधेश सिंह सारथी, हिटलर सिंह, मनीष पाठक, अरविंद मिश्रा, अजय पटेल, अभिषेक राजपूत, प्रोटोकॉल प्रभारी भाजपा क्षेत्र उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा शैलेश पांडेय आदि शामिल रहे।

## कांग्रेस विधायक दल ने अपना नेता चुनने के लिए किया मल्लिकार्जुन खरगे को अधिकृत

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में कांग्रेस विधायक दल ने बृहस्पतिवार को अपना नेता चुनने के लिए एक पंक्ति का प्रस्ताव पारित कर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को अधिकृत किया। कांग्रेस विधायक दल का नेता ही मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बनेगा। कांग्रेस के मध्य प्रदेश प्रभारी महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने संवाददाताओं से कहा, ह्यह्यसभी विधायकों ने एक पंक्ति का प्रस्ताव पारित किया है जिसमें पार्टी अध्यक्ष को अपना नेता चुनने के लिए अधिकृत किया गया है। हमने फिर भी उनसे कहा कि हम इस मुद्दे पर व्यक्तिगत राय लेंगे और भंवर जितेंद्र सिंह और उन्होंने 61 विधायकों से मुलाकात की। सुरजेवाला ने आगे कहा, उन्होंने पार्टी को मजबूत करने पर भी अपने विचार व्यक्त किए। हमने उनसे विधानसभा के अंदर और बाहर सक्रिय भूमिका निभाने और यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा द्वारा जनता से किए गए सभी वादे पूरे हों। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मध्य प्रदेश के विकास के लिए भाजपा सरकार को सकारात्मक और रचनात्मक समर्थन देगी और और सरकार को उसके कर्तव्यों की याद दिलाएगी।

### पश्चिम बंगाल में सफलतापूर्वक बनाया गया एक इको सिस्टम

# बंगाल में टुकड़े-टुकड़े गैंग के लिए ममता ने बनाया सेफ माहौल : भाजपा

एजेंसी

**कोलकाता।** संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने के आरोपितों के मास्टरमाइंड और उसके सहयोगियों के कोलकाता से संबंधित होने को लेकर भाजपा सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस पर हमलावर हो गई है। ममता कैबिनेट में मंत्री तापस रॉय के साथ ललित झा की कई तस्वीरें सामने आने के बाद भाजपा लगातार निशाना साध रही है। नेता प्रतिपक्ष और वरिष्ठ भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि ममता बनर्जी ने बंगाल में शहरी नक्सलियों और टुकड़े-टुकड़े गैंग के लिए सेफ माहौल बनाया है। शुक्रवार को उन्होंने माइक्रो ब्लॉगिंग साइट एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में सफलतापूर्वक एक इको सिस्टम बनाया है जो शहरी नक्सलियों का पोषण करता है, टुकड़े-टुकड़े गैंग को प्रोत्साहित करता है, अवैध अप्रवासियों और घुसपैठियों को सुरक्षित मार्ग प्रदान करता है और दस्तावेज बनाने में मदद करके उनके रहने की सुविधा प्रदान करता है।

दुर्भाग्य से राज्य राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों का केंद्र और राष्ट्र-विरोधी हितों को आश्रय देने वालों के लिए सेफ प्लेस और कुनबा बढ़ाने का स्थल बन गया है। दूसरी ओर भाजपा आईटी सेल के प्रमुख और उत्तर बंगाल के प्रभारी अमित मालवीय ने कहा, ‘ममता बनर्जी अपनी पार्टी के वरिष्ठ नेता तापस रॉय के साथ ललित झा के संबंधों पर चुप नहीं रह सकती।

यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों के साथ अपनी पार्टी के संबंध उजागर होने से डरे तृणमूल सांसद हंगामा कर रहे थे। तृणमूल के निचले स्तर के हिसाब से भी यह एक नया निचला स्तर है।

मंत्री तापस रॉय के साथ ललित झा की कई तस्वीरें वायरल



### एकतरफा प्यार में युवती की गोली मारकर हत्या

**नरसिंहपुर।** जिले के गोटेगांव में गुरुवार देर रात सरेराह एक युवती की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई, जिसकी फुटेज प्राप्त कर पुलिस ने आरोपित की तलाश शुरू की। प्रारंभिक जांच में एकतरफा प्रेम में हत्या करने का मामला बताया जा रहा है। गोटेगांव थाना पुलिस के अनुसार, नगर के फुहारा चौक से रिपटा की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग और सिंधी कालोनी के बीच शीतल धर्मशाला के पास एक अज्ञात युवक ने गुरुवार की रात करीब 10 बजे राह चलती युवती की सरेराह गोली मार दी। घटना के बाद आस पास के लोगों ने तुरंत एम्बुलेंस बुलाकर घायल युवती को स्थानीय शासकीय अस्पताल पहुँचाया, जहां उपस्थित मेडिकल स्टाफ ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया गया है कि अज्ञात युवक एवं 20 वर्षीय युवती थोड़ी दूरी बनाकर स्टेशन तरफ से साथ-साथ चहलकदमी कर रहे थे। घटना की वायरल हो चुकी।

# हाईकोर्ट ने शुभेंदु अधिकारी की सुरक्षा पर बंगाल सरकार से मांगी रिपोर्ट

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के वरिष्ठ भाजपा विधायक और नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी की सुरक्षा को लेकर कलकत्ता हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से रिपोर्ट मांगी है। शुक्रवार को पश्चिम बंगाल सरकार के एक अधिकारी ने कहा है कि अगले साल फरवरी तक अधिकारी की सुरक्षा व्यवस्था पर कलकत्ता उच्च न्यायालय को एक विस्तृत रिपोर्ट सौंपी जाएगी। कलकत्ता उच्च न्यायालय की एकल-न्यायाधीश जय सेनगुप्ता के एक आदेश के बाद सरकार ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। हाई कोर्ट से राज्य सरकार को एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है कि विपक्ष के नेता किस प्रकार की सुरक्षा के हकदार हैं और फिलहाल उन्हें किस तरह की सुरक्षा मुहैया करायी जा रही है। न्यायमूर्ति सेनगुप्ता ने राज्य सरकार को रिपोर्ट सौंपने के लिए अगले साल पांच फरवरी की समय सीमा भी तय की है। कलकत्ता उच्च न्यायालय की एकल-न्यायाधीश पीठ ने अधिकारी द्वारा दायर एक मामले पर आदेश पारित किया, जिसमें राज्य सरकार पर सुरक्षा व्यवस्था में खामियों का आरोप लगाया गया था, जिसके वह हकदार हैं। उनके वकील ने शिकायत की कि जेड-श्रेणी की सुरक्षा के मामले में पायलट कार रूट-लाइनिंग के प्रावधानों की प्रक्रियाओं, जिसके वे हकदार हैं, का अक्सर सख्ती से पालन नहीं किया जाता है। राज्य सरकार के सूत्रों ने कहा कि चूंकि सरकार के नेता को पहले से ही केंद्र सरकार द्वारा प्रदान की गई केंद्रीय सशस्त्र बल सुरक्षा कवर प्राप्त है, इसलिए राज्य सरकार से समान व्यवस्था हमेशा आवश्यक नहीं होती है। लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि केंद्र द्वारा प्रदत्त सुरक्षा के बाद भी, विपक्ष के नेता राज्य-व्यवस्था सुरक्षा की मांग कर सकते हैं, इसके लिए वह कानूनी रूप से हकदार हैं। अधिकारी ने अतीत में कई बार शिकायत की थी कि राज्य सरकार न केवल उन्हें उनकी वैध सुरक्षा व्यवस्था से वंचित कर रही है, बल्कि कई मौकों पर प्रशासन का उपयोग करके उन्हें परेशान भी कर रही है।



### पश्चिम बंगाल विधानसभा की बढ़ाई जाएगी सुरक्षा, एंट्री को लेकर सख्त हुए नियम

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा के अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने कहा कि सदन की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई जाएगी। बनर्जी ने यह निर्णय लोकसभा की कार्यवाही के दौरान दो लोगों के दर्शक दीर्घा से कूद कर सदन में आने और केन के जरिए धुआं फैलाने की घटना के मद्देनजर लिया है। बनर्जी ने बृहस्पतिवार को कहा, ह्यह्यकिसी भी विधानसभा सदस्य, कर्मचारी और पत्रकार को पहचान पत्र के बिना परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। पश्चिमी गेट से केवल आगंतुक आ सकेंगे। उन्हें केवल दो घंटे के लिए विधानसभा परिसर के अंदर रहने की अनुमति होगी।ह्लह्ल इससे पहले आगंतुकों को पूरे दिन रुकने की अनुमति थी। उन्होंने कहा, ह्यह्यअगर कोई विधानसभा परिसर में निर्धारित अवधि से ज्यादा रुका पाया गया तो पुलिस उससे पूछताछ करेगी।

### एक महीने में 100 से ज्यादा ट्रेनें कैंसिल

# 2 लाख 35 हजार यात्रियों के टिकट रद्द, रेलवे को हुआ भारी नुकसान

**एजेंसी। झांसी**

भारतीय रेलवे अपनी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए समय-समय पर विकास कार्य करवाती रहती है. इसी के तहत अलग-अलग रेल मंडलों में हो रहे विकास कार्यों कारण 100 से अधिक ट्रेनों का संचालन निरस्त किया गया है. इसका खमियाजा रेलवे को राजस्व देकर चुकाना पड़ा. एक महीने के अंदर झांसी रेल मंडल में 2 लाख 35 हजार यात्रियों के टिकट रद्द हुए हैं. टिकट रद्द होने के बाद रेलवे ने यात्रियों को 16 करोड़ की रकम देनी पड़ी.

**करीब 130 ट्रेनों का संचालन निरस्तः** झांसी, मथुरा और लखनऊ समेत कई स्टेशनों के यार्ड में रीमॉडिलंग का काम किया जा रहा है. साथ ही अलग-अलग जगहों पर दूसरी व तीसरी रेल लाइन बिछ रही है. यह काम तेजी से हो रहा है, जिस कारण रेलवे ने अलग-अलग तिथियों में करीब 130 ट्रेनों का संचालन निरस्त किया है. ट्रेनों का संचालन निरस्त होने का खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है. जो ट्रेनें निरस्त हैं, उन ट्रेनों के यात्रियों को दूसरी चल रही ट्रेनों में यात्रा करनी पड़ रही है. जिस कारण संचालित हो रही ट्रेनों के जनरल कोच ठसाठस भरकर चल रहे हैं. स्लीपर और एसी कोचों में भी यात्री जबरन घुस जाते हैं. यात्रियों को एक-एक सीट पाने के लिए परेशान होना पड़ रहा है.



**9 लाख 48 हजार 654 यात्रियों ने बुक करवाए थे टिकट :** पिछले एक माह की बात करें तो इस दरम्यान झांसी रेल मंडल में करीब 9 लाख 48 हजार 654 यात्रियों ने ट्रेनों के टिकट बुक कराए थे, लेकिन ट्रेनों का संचालन निरस्त होने के कारण रेलवे 2 लाख 35 हजार 039 टिकट निरस्त करने पड़ गए. टिकट निरस्त होने के कारण रेलवे ने यात्रियों को 15 करोड़ 95 लाख रुपए की धनराशि वापस लौटाई है. झांसी रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि विकास कार्यों के कारण करीब 130 ट्रेनें निरस्त हुई हैं.

## बंगाल में तापमान 14 डिग्री के करीब, तापमान में गिरावट

एजेंसी

**कोलकाता।** महानगर कोलकाता समेत राज्य के अन्य हिस्सों में मौसम में सर्दी और बढ़ गई है। इस हफ्ते तापमान में गिरावट का सिलसिला जारी है। शुक्रवार को तापमान में बड़े पैमाने पर गिरावट दर्ज की गई है। इसके साथ ही आज मौसम का सबसे सर्द दिन है। मौसम विभाग की ओर से बताया गया है कि कोलकाता में न्यूनतम तापमान 14.7 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है जो सामान्य से एक डिग्री कम है। ऐसा पहली बार हुआ है जब इस मौसम में तापमान 14 डिग्री सेल्सियस के इतना करीब पहुंचा है। अधिकतम तापमान भी सामान्य से तीन डिग्री नीचे गिरकर महज 25 डिग्री सेल्सियस पर जा पहुंचा है। इसकी वजह से ठंड बढ़ गई है। कोलकाता के अलावा हावड़ा, हुगली, उत्तर और दक्षिण 24 परगना, पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर, पुरुलिया, बांकुड़ा समेत राज्य के अन्य हिस्सों में भी तापमान में गिरावट दर्ज की गई है और अधिकतर क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान 11 डिग्री से 13 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है जिसके कारण ठंड बढ़ गई है। उत्तर बंगाल के अलीपुरद्वार, कूचबिहार, जलपाईगुड़ी, दार्जिलिंग और कालिमपोंग में भी तापमान सामान्य से तीन से चार डिग्री सेल्सियस नीचे रह रहा है जिसके कारण वहां कड़ाके की सर्दी पहले से पड़ रही है।

मौसम विभाग ने बताया है कि सप्ताहांत तक तापमान में और अधिक गिरावट दर्ज की जाएगी। आसमान भी साफ है और तापमान में गिरावट का सिलसिला जारी रहेगा जिसके कारण ठंड और बढ़ेगी। शाम ढलते ही कोहरा छा रहा है जिसकी वजह से दृश्यता कम हो गई है। वाहन चालकों को सावधानी से वाहन चलाने की हिदायत दी गई है।

**व्यापार** पूरी तन्मयता से काम करने की जरूरत

## व्यापार करनेवालों को उजाड़ने के बजाय दुकान आबंटित कराए एमपी सरकार : मायावती

एजेंसी

**लखनऊ।** मध्य प्रदेश में जब से भाजपा सरकार बनी है, इसके बाद खुले में मीट और मछली का कारोबार करने वाले व्यापारियों व दुकानदारों को उजाड़ने का काम शुरू हो गया है।

इसको लेकर मायवती ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में खुले में स्वरोजगार करने वालों को उजाड़े नहीं बल्कि सरकार को दुकान आवंटित कराना चाहिए। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश की नई बनी भाजपा सरकार द्वारा बेरोजगारों व अन्य गरीब मेहनतकशों को रोटी-रोजी उपलब्ध कराने का जरूरी फैसला करने के बजाय, रोजगार के अभाव में मछली, अण्डा, मीट आदि का खुले में स्वरोजगार करने वालों पर दमन शुरू कर देना कितना उचित इस विवादित फैसले पर पुनर्विचार जरूरी। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार ही नहीं बल्कि सभी सरकारों से महंगाई, गरीबी व बेरोजगारी आदि को दूर करने पर ही पूरी तन्मयता से काम करने की जरूरत है। फिर भी इन वस्तुओं के खुले में व्यापार करने पर इतनी ज्यादा आपत्ति है तो उन्हें उजाड़ने से पहले दुकान एलाट करने की व्यवस्था सरकार क्यों नहीं करती है।




### उत्तर प्रदेश विधानसभा की बढ़ायी गयी सुरक्षा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा की सुरक्षा व्यवस्था में रात दिन कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों ने मुख्य द्वारों पर चेकिंग बढ़ा दी है। विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना के आदेश पर विधानसभा को बड़े सुरक्षा घेरे में रखने की तैयारी हो गयी है। जिससे नई दिल्ली में संसद के भीतर हुए धुंआ कांड जैसी घटना को कहीं पर दोहराया ना जा सके। संसद में धुंआ कांड के बाद उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने विधानसभा की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विधानसभा सचिवालय के अधिकारियों से वार्ता की। जिसमें विधानसभा की सुरक्षा व्यवस्था और आवश्यक इंतजाम देखने वाले अधिकारियों ने आधुनिक गैजेट्स लगाने, समस्त प्रवेश द्वार पर चेकिंग बढ़ाने, चेकिंग के लिए लगाये गये पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ाने, सीसीटीवी कैमरों को दुरुस्त करने, प्रवेश करने वाले व्यक्ति की स्थितियों की निगरानी रखने जैसे मुख्य विषय पर चर्चा की।

## कोर्ट में पेशी पर आए अभिषेक की गोली मारकर हत्या, दो हमलावर गिरफ्तार

एजेंसी

**पटना।** बिहार के पटना में पेशी के लिए जा रहे एक अपराधी की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। वारदात दानापुर में हुई है। मृतक की पहचान अभिषेक कुमार उर्फ छोटे सरकार के रूप में हुई है। पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि दानापुर व्यवहार न्यायालय परिसर में पेशी के लिए ले जाते समय अभिषेक पर हमला किया गया। पुलिसकर्मी की मौजूदगी में हमला होने से मौके पर हड़कंप मच गया है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। जानकारी के मुताबिक यह वारदात शुक्रवार दोपहर को हुई। जेल में बंद अपराधी अभिषेक कुमार उर्फ छोटे सरकार को दानापुर कोर्ट में पेशी के लिए ले जाया जा रहा था। तभी बदमाशों ने गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। मृतक बिहटा का रहने वाला था। उस पर कई मामले दर्ज थे। हत्या की वजह अभी साफ नहीं हो पाई है।



पुलिस ने गोली मारने वाले दो शख्स को गिरफ्तार किया है, उनसे पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि मरने वाला शख्स हिस्ट्रीशीटर था। वह बेऊर जेल में बंद था। उस पर हत्या, रंगदारी समेत अन्य कई गंभीर मामले दर्ज थे।

**सुपारी लेकर पूर्व विधायक की बेटी पर किया था हमला :** मृतक अभिषेक उर्फ छोटे सरकार एक सुपारी किलर था। मढौरा के पूर्व विधायक सुरेंद्र शर्मा ने उसे अपनी ही बेटी की हत्या के लिए 20 लाख रुपये की सुपारी दी थी। पिछले साल अभिषेक ने पैसे लेकर पूर्व एमएलए की बेटी पर हमला किया था, जिसमें वह बच गई थी।

## रांची सर्राफा

सोना (बिक्री) 57.750

चांदी (किलो) 78.500

## एक नजर

### रिटायर होगी धोनी की जर्सी : बीसीसीआई

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर के रूप में संन्यास लेने के तीन साल बाद पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की प्रतिष्ठित नंबर 7 जर्सी को रिटायर करने का फैसला किया है। यह कदम भारतीय क्रिकेट में धोनी की विरासत के सम्मान का प्रतीक है, जो उनके संन्यास के साथ एक युग के अंत का प्रतीक होगा। यह एक संकेत है जो खेल पर उनके विशाल प्रभाव को स्वीकार करता है। साथ ही यह सुनिश्चित करता है कि उनका जर्सी नंबर हमेशा मैदान पर उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों और नेतृत्व के साथ जुड़ा रहेगा। पूर्व कप्तान ने नंबर 7 पर रहते हुए भारत को सफेद गेंद में तीनों आईसीसी खिताब टी20 विश्व कप 2007, वनडे विश्व कप 2011 और चैंपियंस ट्रॉफी 2013 जीताया।सचिन तेंदुलकर इस तरह का सम्मान पाने वाले एकमात्र अन्य क्रिकेटर थे।

### शमी के द.अफ्रीका में टेस्ट सीरीज खेलने पर सस्पेंस

**नई दिल्ली।** भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का टखने की चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज में खेलना अनिश्चित है। 30 नवंबर को दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए टीम की घोषणा करते हुए शमी को टेस्ट सीरीज के लिए शामिल किया गया था, लेकिन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा था कि शमी फिलहाल मेडिकल ट्रीटमेंट से गुजर रहे हैं और उनकी उपलब्धता फिटनेस पर निर्भर है। गुरुवार को क्रिकबज की एक रिपोर्ट में बताया गया कि शमी टेस्ट के लिए चुने गए बाकी खिलाड़ियों के साथ दक्षिण अफ्रीका नहीं जाएंगे। इसमें बताया गया है, ₹कप्तान रोहित शर्मा सहित खिलाड़ियों का आखिरी जत्था शुक्रवार (15 दिसंबर) को जोहान्सबर्ग के लिए रवाना होने वाला है, लेकिन 33 वर्षीय अनुभवी तेज गेंदबाज उनमें शामिल नहीं होंगे।


### दीप्ति के पहले पंजे ने इंग्लैंड को 136 रन पर समेटा

**मुंबई।** दीप्ति शर्मा ने पहली बार पांच विकेट (7 रन देकर 5 विकेट) लिए और बल्लेबाजों को चकमा दे दिया, जिससे भारत की महिलाओं ने इंग्लैंड की महिलाओं को उनकी पहली पारी में 136 रन पर समेटकर चार दिवसीय मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को यहां डीवाई पाटिल स्टेडियम में एकमात्र टेस्ट में दबदबा बना लिया। भारत, जिसने अपनी पहली पारी में 428 रन बनाए, ने 292 रनों की बढ़त हासिल की और फॉलो-ऑन के लिए मजबूर करने के बजाय बल्लेबाजी करने का फैसला किया। दीप्ति शर्मा, जो सुबह 67 रन पर आउट हो गईं, जब भारत ने अपनी पहली पारी में 428 रन बनाए, अपने रात्रि स्कोर में 18 रन जोड़कर, 5.2-4-7-5 के आंकड़े के साथ समाप्त हुई, उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन उनके तीसरे टेस्ट में आया। जिस पिच पर कुछ गेंदें थोड़ी नीची रहती थीं, उस पर कभी-कभी तेज मोड़ लेने के लिए गति में कटौती करते हुए, दीप्ति ने अपनी गेंदों को उछाला, एक अच्छा लूप बनाया और बल्लेबाजों को अनुमान लगाने के लिए उन्हें सीधे गेंदों के साथ मिलाया।

# महेंद्र सिंह धोनी की याचिका पर आइपीएस अधिकारी को हुई जेल,

**एजेंसी। बेंगलुरु**

बेंगलुरु भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की याचिका पर मद्रास हाईकोर्ट ने शुक्रवार पुलिस अधिकारी को सजा सुना दी है। धोनी ने अधिकारी के खिलाफ कोर्ट की आवमानना से जुड़ी याचिका दाखिल की थी। दरअसल, यह मामला इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल में सट्टेबाजी और मैच फिक्सिंग के आरोपों से जुड़ा हुआ है। इससे पहले भी धोनी मानहानि का मुकदमा दाखिल कर चुके हैं। धोनी चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी करते हैं। शुक्रवार को जस्टिस एसएस सुंदर और जस्टिस सुंदर मोहन की बेंच ने भारतीय पुलिस सेवा (आइपीएस) अधिकारी संपत कुमार को 15 दिन कैद की सजा सुनाई है। इससे पहले धोनी ने उच्च न्यायालय में जी मीडिया, कुमार और अन्य के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था। पूर्व क्रिकेटर ने आरोप लगाए थे कि ये दुर्भावनापूर्ण बयान और ऐसी रिपोर्ट जारी कर रहे हैं, जिसमे दावा किया जा रहा है कि वह 2013 में आईपीएल में सट्टेबाजी और मैच फिक्सिंग में शामिल थे। न्यायमूर्ति सुंदर और न्यायमूर्ति मोहन की खंडपीठ ने सजा को 30 दिन के लिए निलंबित कर दिया ताकि संपत कुमार को सजा के खिलाफ अपील दायर करने का मौका मिल सके। धोनी ने मांग की थी कि कुमार और अन्य प्रतिवादियों को इस मामले में उनके खिलाफ गलत बयान जारी करने या प्रकाशित करने से रोका जाए। खास बात है कि कुमार ने ही आईपीएल सट्टेबाजी घोटाले की जांच की थी। हाईकोर्ट ने भी जी, कुमार और अन्य को धोनी के खिलाफ मानहानि के बयान देने से रोक दिया था।



### अब क्या हुआ

इसके बाद जी और अन्य की तरफ से लिखित बयान दिए गए। ये बयान मानहानि के मुकदमे के जवाब में दिए गए थे। अब इन बयानों के बाद धोनी की ओर से आवेदन दिया गया कि कुमार ने अपने लिखित जवाबों में उनके खिलाफ मानहानि के बयान दिए हैं। साथ ही पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने कोर्ट की अवमानना की कार्रवाई की मांग की।

# कभी नहीं सोचा था कि मैं 5 विकेट लूंगा : कुलदीप यादव

**एजेंसी। जोहान्सबर्ग**

भारत के बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने गुरुवार रात वांडरर्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे और अंतिम टी20 मैच में अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 5-17 विकेट लेने का शानदार प्रदर्शन किया। भारत द्वारा 106 रन की बड़ी जीत के बाद सीरीज 1-1 से बराबर होने के बाद, कुलदीप ने कहा कि उनका लक्ष्य टीम को जीत दिलाना है और वह इसमें योगदान देकर खुश हैं। ह्लयह एक विशेष दिन था। कभी नहीं सोचा था कि मैं (इस मैच में) पांच विकेट लूंगा। मैं बस यही चाहता था कि टीम मैच जीते और मैं योगदान देकर खुश हूं, जो अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "मैं अपनी लय को लेकर थोड़ा चिंतित था क्योंकि मैं कुछ देर बाद गेंदबाजी कर रहा था। यह एक आदर्श दिन था, गेंद अच्छी तरह से हाथ से निकल रही थी, स्थिति भी स्पिनरों के लिए अनुकूल थी। कुलदीप ने दक्षिण अफ्रीका में छह वनडे और दो टी20 मैच खेले हैं, जिसमें उन्हें कुल 23 विकेट मिले हैं। टी20 में अपना दूसरा पांच विकेट लेने के बाद, उन्हें लगा कि देश में विकेट स्पिनरों के लिए अधिक अनुकूल हैं। ईमानदारी से कहूं तो दक्षिण अफ्रीका में विकेट स्पिनरों के लिए बहुत अच्छे हैं। इन विकेटों की अच्छी बात यह है कि गेंद पिच करने के बाद बहुत तेजी से आती है।



## एसएलसी ने सनथ जयसूर्या को 'क्रिकेट सलाहकार' नियुक्त किया

**एजेंसी। कोलंबो**

श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने महान बल्लेबाज और पूर्व कप्तान सनथ जयसूर्या को एक साल की अवधि के लिए पूर्णकालिक क्रिकेट सलाहकार नियुक्त करने की घोषणा की है। 54 वर्षीय खिलाड़ी तुरंत अपनी नई भूमिका संभालेंगे और आर. प्रेमदासा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में हाई परफॉर्मेंस सेंटर में काम करेंगे। जयसूर्या, जिन्होंने 1996 में घरेलू धरती पर श्रीलंका को एकमात्र आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप खिताब दिलाने में प्रमुख भूमिका निभाई थी, द्वीप राष्ट्र के क्रिकेट कार्यक्रम के भीतर खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ की निगरानी के लिए जिम्मेदार होंगे। एसएलसी ने गुरुवार को एक बयान में कहा, ₹इस भूमिका के तहत, जयसूर्या यह सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होंगे कि एसएलसी राष्ट्रीय कार्यक्रम व्यावसायिकता का इष्टतम स्तर हासिल करें और उत्कृष्टता प्रदान करने के लिए सभी खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ की निगरानी की जाए।चल रहे खिलाड़ी विकास योजना के अनुरूप व्यक्तिगत कौशल विकास रणनीतियों के कार्यान्वयन और एसएलसी के एथलीट प्रबंधन के साथ संरेखित सभी खिलाड़ी रिपोर्टिंग के अनुपालन की देखरेख करेंगे।

### भारत महिला क्रिकेट टेस्ट मैच में एक दिन में 400 से अधिक रन बनाने वाली दूसरी टीम बनी

**मुंबई।** महिला क्रिकेट टेस्ट मैच के पहले दिन भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ 7 विकेट पर 410 रन बनाए। भारत एक दिन में 400 से अधिक रन बनाने वाली महिला टेस्ट में दूसरी टीम बन गई है। इससे पहले इंग्लैंड ने एक ही दिन में चार सौ रन बनाए थे। भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। दोनों टीम चार दिन के टेस्ट मैच में विजय हासिल करना चाहती हैं। इंग्लैंड ने 2014 में टेस्ट मैच में जीत हासिल की थी जिसके बाद उसे कोई विजय नहीं मिली।

# खेलो इंडिया पैरा गेम्स में हरियाणा 31 स्वर्ण, 84 पदकों के साथ शीर्ष पर

**एजेंसी। हरियाणा**

हरियाणा के प्रणव सूरमा ने एफ-51 वर्ग के पुरुषों के क्लब थ्रो में स्वर्ण पदक जीतकर अपने एशिया पैरा खेलों के आंकडों को बेहतर किया। बुधवार को खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2023 के मुख्य आकर्षण में, हरियाणा के इस खिलाड़ी ने नई दिल?ली में 33 दशमलव 54 मीटर दूर तक थ्रो किया। भारत के धरमबीर ने अब तक 31 दशमलव 09 मीटर का एशियाई रिकॉर्ड कायम किया था। जिस स्पर्धा में सूरमा ने स्वर्ण पदक जीता, उसी में उत्तर प्रदेश के राम रतन सिंह ने 25 दशमलव 43 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता और तमिलनाडु के अलेक्जेंडर एम ने 25 दशमलव 28 मीटर के थ्रो के साथ कांस्य पदक पर कब्जा किया। शूटिंग में पदक राउंड डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में शुरू हो गए हैं। एसएच2 श्रेणी में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करने वाले अनुभवी स्टार विजय सिंह कुंतल ने 618 दशमलव 3 के कुल स्कोर के साथ 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीता। पैरा नेशनल्स में पहले सीमा सुरक्षा बल के लिए पदक जीतने वाले विजय के बाद तेलंगाना के सत्य जनार्दन श्रीधर रायला ने 607 दशमलव 5 के स्कोर के साथ रजत और पंजाब के दलबीर सिंह ने 604 दशमलव 3 के साथ कांस्य पदक जीता । कल तीन और स्वर्ण पदकों का फैसला हुआ। राजस्थान की मोना अग्रवाल ने 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग वूमेन एसएच-1 में 619 दशमलव 7 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि हरियाणा की सिमरन शर्मा ने 606 दशमलव 5 अंकों के साथ रजत पदक हासिल किया।

### पहलवान अंतिम पंघाल उभरती हुई महिला स्टार नामित

**हरियाणा ।** कुश्ती के विश्व शासी निकाय यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग ने भारतीय पहलवान अंतिम पंघाल को वर्ष 2023 की उभरती हुई महिला स्टार नामित किया है। 53 किग्रा भार वर्ग की 19 वर्षीय पहलवान पंघाल का यह सीजन अच्छा रहा है। हरियाणा की वे ऐसी भारतीय पहलवान हैं जो दो बार जूनियर विश्व चैंपियन रह चुकी हैं। अंतिम पंघाल ने अपने सीजन की शुरूआत कजाकिस्तान के अस्ताना में एशियाई चैंपियनशिप में रजत पदक के साथ की। फाइनल में, वे जापान की अकारी फुजिनामी से हार गईं, जिन्होंने अभी तक अपने करियर में कोई सीनियर मुकाबला नहीं हारा।

# मुख्यमंत्री फुटबॉल कप प्रतियोगिता के दूसरे दिन कई रोमांचक मुकाबले

**एजेंसी। रांची**

रांची पर्यटन कला , संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के तत्वाधान में तीन दिवसीय रांची जिला पुरुष -महिला मुख्यमंत्री फुटबॉल कप प्रतियोगिता के दूसरे दिन मंदिर मैदान, मोरहाबादी में महिला वर्ग में अनगड़ा प्रखंड ने बूड़मू प्रखण्ड को 2-0 से हराकर विजेता बनी।सर्वप्रथम इस प्रतियोगिता के आयोजन सचिव सह जिला खेल पदाधिकारी, रांची शिवेंद्र कुमार ने दूसरे दिन खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। तत्पश्चात बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी में पुरुष वर्ग में कांके प्रखण्ड ने मांडर प्रखंड को 1-0 से हराया। एक अन्य मैच में बुन्डू प्रखंड ने राहे प्रखंड को 2-0 से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। जबकि पूरे प्रतियोगिता का संचालन वरीय प्रशिक्षक अजय झा एवं फुटबॉल प्रशिक्षक शाहिद अंसारी ने संयुक्त रूप से किया।



## व्यापार

# इस साल रियल्टी शेयरों में रही सबसे ज्यादा तेजी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

टाटा म्यूचुअल फंड की एक रिपोर्ट के अनुसार, 23 नवंबर को समाप्त एक साल में रियल्टी (59 प्रतिशत) और ऑटो (33 प्रतिशत) सेक्टरों ने सबसे अधिक लाभ कमाया, जबकि बैंक (तीन प्रतिशत) का प्रदर्शन सबसे कमजोर रहा। रिपोर्ट में कहा गया है कि नवंबर में सभी प्रमुख क्षेत्रों में बढ़त रही। इस महीने रियल्टी को सबसे ज्यादा फायदा हुआ। मिड-कैप और स्मॉल कैप इंडेक्स ने एक महीने और एक साल की अवधि में लार्ज कैप इंडेक्स से बेहतर प्रदर्शन जारी रखा है। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए अपेक्षित आय 15.0 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 15.8 प्रतिशत है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले 12 महीनों में निफ्टी 50 (7.33 फीसदी) ने एमएससीआई ईएम इंडेक्स (4.65 फीसदी) से बेहतर प्रदर्शन किया है। पी/ई के संदर्भ में, निफ्टी 50 एमएससीआई ईएम इंडेक्स के मुकाबले 69 फीसदी प्रीमियम पर कारोबार कर रहा है, जो इसके ऐतिहासिक औसत 48 फीसदी से ऊपर है। हालाँकि, प्रीमियम लगभग 12 महीने पहले के 80-85 प्रतिशत के शिखर से कम हो गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि स्थिर मैक्रोज व्यापक आय वृद्धि और मजबूत बैंकिंग/कॉर्पोरेट क्षेत्र की स्थिति प्रीमियम को बढ़ा रही है। हाल के राज्य चुनाव परिणामों के बाद चुनावी आयोजन से जोखिम कम हो गया है।



### एसबीआई ने कर्ज पर ब्याज दर बढ़ाई

**मुंबई।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपनी ब्याज दर 10.10 फीसदी से बढ़ाकर 10.25 फीसदी कर दी है, जिससे होम, ऑटो और पर्सनल लोन की ईएमआई बढ़ने की संभावना है। देश के अग्रणी बैंक की उधार दर की सीमांत लागत (एमसीएलआर) में वृद्धि अब 8 प्रतिशत से 8.85 प्रतिशत के बीच है। ओवरनाइट एमसीएलआर दर 8 प्रतिशत निर्धारित की गई है, जबकि एक महीने और तीन महीने की अवधि के लिए दरें 8.15 प्रतिशत से बढ़ाकर 8.20 प्रतिशत कर दी गई हैं। बैंकिंग सेक्टर में एसबीआई अग्रणी बैंक है। इसलिए संभावना है कि अन्य बैंक भी इसका अनुसरण करेंगे और ब्याज दरों में बढ़ोतरी कर सकते हैं।

### 50 दिनों में छक्कउ पोर्टफोलियो में 80,000 करोड़ रुपये का उछाल, स्टॉक 200% तक चढ़ा

**नई दिल्ली।** दलाल स्ट्रीट में सबसे बड़ा घरेलू संस्थागत निवेशक भारतीय जीवन बीमा निगम ( एलआईसी ) ने पिछले 50 ट्रेडिंग सेशन में लगभग 80,000 करोड़ रुपये का अनुमानित लाभ कमाया है ! इस दौरान, एलआईसी के पोर्टफोलियो में लगभग 110 शेयरों ने दोहरे अंकों में रिटर्न दिया है, जिसमें माइक्रोकैप स्टॉक गोकक टेक्सटाइल्स ने 204% रिटर्न दिया है. अन्य शीर्ष द3 परफॉर्मर में इंडस्ट्रियल इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट, ओरिएंट ग्रीन पावर कंपनी, अडानी टोटल गैस, बीएसई, स्पेंसर्स रिटेल, द न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी, स्वान एनर्जी और पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन शामिल हैं ! जबकि एलआईसी के पास अपने इक्विटी पोर्टफोलियो में सैकड़ों स्टॉक हैं, डिटेल्स केवल 260 स्टॉक पर उपलब्ध हैं जिनमें पीएसयू के पास कम से कम 1% हिस्सेदारी है. इसमें उन काउंटरों को बाहर कर दिया है जिनका वर्तमान में एक्सचेंजों पर कारोबार नहीं होता है !

## अगले साल से 25 और हवाई अड्डों पर उपलब्ध होगी डिजी यात्रा सुविधा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि 2024 में 25 और हवाई अड्डों पर डिजी यात्रा सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में घरेलू यात्रियों के लिए यह सुविधा 13 हवाई अड्डों पर उपलब्ध है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को यहां आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में यह बात कही। सिंधिया ने कहा कि डिजी यात्रा पहले चरण में 14 हवाई अड्डों पर और अगले साल दूसरे चरण में 11 हवाई अड्डों पर शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि 2024 के अंत तक डिजी यात्रा सुविध 25 और हवाई अड्डों पर उपलब्ध होगी। इससे डिजी यात्रा सुविधा वाले हवाई अड्डों की कुल संख्या बढ़कर 38 हो जाएगी। हवाई अड्डों पर भीड़-भाड़ से निपटने के लिए नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि पिछले साल की तुलना में जनशक्ति, एक्स-रे मशीनें, प्रस्थान प्रवेश द्वार, चेक-इन काउंटर और आव्रजन काउंटर बढ़ाए गए हैं। गौरतलब है कि डिजी यात्रा फेशियल रिकगनाइजेशन टेक्नोलॉजी (एफआरटी) के जरिए हवाई अड्डों पर विभिन्न जांच बिंदुओं पर यात्रियों की संपर्क रहित व निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करती है।




**डिजी यात्रा सुविधा वाले हवाई अड्डों की कुल संख्या बढ़कर 38 हो जाएगी**

## प्रदूषण कम करने की दिशा में बड़ा कदम

# 2026 में दुनियां में कोयले की मांग में गिरावट की उम्मीद: आईईए

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) की वार्षिक कोयला बाजार रिपोर्ट के नवीनतम संस्करण में शुक्रवार को कहा गया है कि इस साल अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंचने के बाद, 2026 में वैश्विक कोयले की मांग में 2.3 प्रतिशत की गिरावट आने की उम्मीद है। पहली बार रिपोर्ट में पूवार्नुमानित अवधि के दौरान वैश्विक कोयले की खपत में गिरावट की भविष्यवाणी की गई है। 2023 में कोयले की वैश्विक मांग 1.4 प्रतिशत बढ़कर पहली बार 8.5 बिलियन टन से अधिक हो गई है। 2023 में अधिकांश उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में उपभोग में तेजी से गिरावट आने वाली है, इसमें यूरोपीय संघ (ईयू) और अमेरिका में लगभग 20 प्रतिशत की रिकॉर्ड गिरावट भी शामिल है। इस बीच, उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में मांग बहुत मजबूत बनी हुई है, बिजली की बढ़ती मांग और कमजोर जलविद्युत उत्पादन के कारण 2023 में भारत में आठ प्रतिशत और चीन में पांच प्रतिशत की वृद्धि होगी। हालांकि, रिपोर्ट में उम्मीद जताई गई है कि मजबूत स्वच्छ ऊर्जा और जलवायु नीतियों की घोषणा और कार्यान्वयन करने वाली सरकारों की अनुपस्थिति में भी, 2023 के स्तर की तुलना में 2026 तक वैश्विक कोयले की मांग में 2.3 प्रतिशत की गिरावट आएगी।यह गिरावट 2026 तक तीन वर्षों में नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के विस्तार से प्रेरित होगी। इस वैश्विक नवीकरणीय क्षमता विस्तार का आधे से अधिक हिस्सा चीन में होने वाला है, जो वर्तमान में कोयले की दुनिया की आधे से अधिक मांग के लिए जिम्मेदार है। परिणामस्वरूप, चीनी कोयले की मांग 2024 में गिरने और 2026 तक स्थिर रहने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, स्वच्छ ऊर्जा तैनाती की गति, मौसम की स्थिति और संरचनात्मक बदलावों से आने वाले वर्षों में चीनी अर्थव्यवस्था में कोयले का दृष्टिकोण काफी प्रभावित होगा। कोयले की वैश्विक मांग में अनुमानित गिरावट - जो वर्तमान में बिजली उत्पादन, इस्पात निर्माण और सीमेंट उत्पादन के लिए सबसे बड़ा ऊर्जा स्त्रोत है, लेकिन मानव गतिविधि से कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2) उत्सर्जन का सबसे बड़ा स्त्रोत भी है - एक ऐतिहासिक मोड़ को चिह्नित कर सकता है। हालांकि, बाजार रिपोर्ट के अनुसार, 2026 तक वैश्विक खपत 8 बिलियन टन से अधिक रहने का अनुमान है। पेरिस समझौते के लक्ष्यों के अनुरूप उत्सर्जन दर में कमी लाने के लिए, निर्बाध कोयले के उपयोग में काफी तेजी से कमी लाने की आवश्यकता होगी। आईईए के ऊर्जा बाजार और सुरक्षा निदेशक कीसुके सदामोरी ने कहा,"हमने कई बार वैश्विक कोयले की मांग में गिरावट देखी है, लेकिन वे संक्षिप्त थीं और सोवियत संघ के पतन या कोविड-19 संकट जैसी असाधारण घटनाओं के कारण थीं।



### सैटेलाइट्स इंटरनेट नेटवर्क के जाल की तरह काम करेंगे : अमेजन

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेजन के 'प्रोजेक्ट कुइपर' इंटरनेट सैटेलाइट सिस्टम ने लो-अर्थ ऑर्बिट में ऑप्टिकल नेटवर्क का सफल परीक्षण पूरा कर लिया है। कंपनी ने एक बयान में कहा, "अपने प्रोटोटाइप सैटेलाइट्स के बीच 100 जीबीपीएस ऑप्टिकल लिंक प्रदर्शित करने के बाद, प्रोजेक्ट कुइपर स्पेस में नेटवर्क का जाल बनाने के लिए अपने समूह के प्रत्येक सैटेलाइट पर लेजर लिंक शामिल करेगा। अमेरिकी संघीय संचार आयोग को 2026 तक अमेजन को उस आंकड़े का कम से कम आधा हिस्सा तैनात करने की आवश्यकता है। अक्टूबर में दो प्रोटोटाइप सैटेलाइट्स के सफल प्रक्षेपण और तैनाती के बाद से प्रोजेक्ट कुइपर अपने एंड-टू-एंड कम्युनिकेशन पेलोड और नेटवर्क का व्यापक परीक्षण कर रहा है। पिछले महीने, कंपनी ने पुष्टि की थी कि उसने लॉन्च के 30 दिनों के भीतर सभी प्राथमिकता प्रणालियों और उप-प्रणालियों को मान्य कर दिया है।

## अक्टूबर में ईएसआई योजना के तहत 17 लाख नए श्रमिकों का नामांकन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के अस्थायी पेरोल डेटा के अनुसार अक्टूबर में 17.28 लाख नए कर्मचारी ईएसआई योजना के तहत जुड़े हैं। अक्टूबर में करीब 23,468 नए प्रतिष्ठानों को पंजीकृत किया गया है। इसके साथ ही इनके कर्मचारियों को कर्मचारी राज्य बीमा निगम के तहत सामाजिक सुरक्षा प्रदान करके अधिक कवरेज सुनिश्चित की गई है। केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि इस दौरान देश के युवाओं के लिए अधिक नौकरियां पैदा हुई हैं। मंत्रालय के मुताबिक अक्टूबर, 2023 के दौरान शामिल किए गए कुल 17.28 लाख कर्मचारियों में से 8.25 लाख कर्मचारी 25 वर्ष की आयु तक के हैं। ये नए पंजीकरणों में बहुतायत हैं, इनकी संख्या कुल कर्मचारियों का 47.76 फीसदी है। मंत्रालय की ओर से जारी पेरोल डेटा के लिंग-वार विश्लेषण से पता चलता है कि अक्टूबर, 2023 में कुल 3.31 लाख महिला सदस्यों का नामांकन हुआ है। डेटा से पता चलता है कि अक्टूबर महीने में कुल 51 ट्रांसजेंडर कर्मचारियों ने भी ईएसआई योजना के तहत पंजीकरण कराया है, जो यह दशार्ता है कि ईएसआईसी अपनी योजना का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

ESIC

**2023 के दौरान शामिल किए गए कुल 17.28 लाख कर्मचारियों में से 8.25 लाख कर्मचारी 25 वर्ष की आयु तक के हैं।**

### अमेजन फैशन के विंटर स्टोर के साथ खुद को फैशनेबल बनाएं

**रांची।** सर्दी के करीब आते ही जैसे-जैसे पारा गिरता जा रहा है, खुद को गर्म रखने और सुकून हासिल करने की इच्छा भी बढ़ती जा रही है। लेकिन ठंड बढ़ने बावजूद, खुद को फैशनेबल और ट्रेंडी बनाए रखना भी बहुत जरूरी है। फैशन एवं ब्यूटी से जुड़ी आपकी सभी जरूरतों का ख्याल रखने के लिए अमेजन फैशन अपने विंटर स्टोर के साथ एक बार फिर आ गया है। इस फैशन स्टोर पर अपैरल, ब्यूटी और सर्दी के मौसम से जुड़े जरूरी प्रोडक्ट के टॉप ब्रांडों को खासतौर पर एक ही स्थान पर पेश किया गया है। आइए अपना 'हर पल फैशनेबल बनाएं' और स्टाइलिश हुडी, स्वेटशर्ट, जैकेट, मफलर, दस्ताने और जूते की एक विस्तृत श्रृंखला में से अपने लिए खास प्रोडक्ट चुनें। इसके साथ ही अपनी त्वचा को विंटर मॉइस्चराइजर आदि के साथ अपना भरपूर प्यार दें।

## गागर में सागर

### सभी शिक्षण संस्थानों में गठित हो लीगल सेल : किशोर

**मेदिनीनगर।** जिले के शिक्षण संस्थानों में बच्चियों के साथ बढ़ती सेक्सुअल हरासमेंट की घटनाओं को देखते हुये झारखंड अभिभावक संघ ने समस्त सरकारी व गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों में लीगल व अवारनेस सेल के गठन की मांग की है। संघ के अध्यक्ष सह सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता किशोर कुमार पांडेय ने कहा कि बच्चियों के सेक्सुअल हरासमेंट की कई घटनायें हो चुकी हैं। हाल में चियांकी के मामले ने अभिभावकों की चिंता बढ़ा दी है। इसका प्रमुख कारण शिक्षण संस्थानों में लीगल व अवारनेस सेल का ना होना ही है। साथ ही इस संदर्भ में किशोरवय उम्र से ही छात्र-छात्राओं को आवश्यक जानकारी प्रदान करने की भी समुचित व्यवस्था करनी चाहिये। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र प्रेषित कर इस संबंध में तत्काल समुचित कदम उठाये जाने की मांग की है।

### शिविर कल, असाध्य रोगों का होगा इलाज


वार्ता करते समाजसेवी

**हरिहरगंज।** भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह समाजसेवी राजीव रंजन के सौजन्य से 17 दिसंबर को न्यू सब्जी बाजार के समीप नयन होटल सह रेस्टोरेंट के कम्यूनिटी हॉल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा। राजीव रंजन ने बताया कि शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से पटना के डा. जेपी कुमार अकेला, सीएमडी अजय तिवारी के द्वारा साइटिका, लकवा, पुराने दर्द सहित विभिन्न प्रकार के असाध्य रोगों का इलाज किया जाएगा। मौके पर सेवानिवृत्त शिक्षक मृत्युंजय सिंह, कृष्णा साव, भाजपा नेता टंटू मिश्रा, विनोद पासवान, दिनेश पासवान, अमित कुमार, बलराम ठाकुर, शशि कुमार, सोनू गुप्ता आदि मौजूद थे।

एनओसी नहीं मिलने से रुका है कार्य

# बिजली विभाग के 132 केवी ट्रांसमिशन लाईन निर्माण में वन विभाग का रोड़ा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज-छतरपुर 132 केवी ट्रांसमिशन लाईन के निर्माण में वन विभाग रोड़ा अटकाये बैठी है। वन विभाग द्वारा एनओसी नहीं दिये जाने से अभी तक महत्वपूर्ण ट्रांसमिशन लाईन का कार्य अधर में लटका है। बिजली विभाग ट्रांसमिशन लाईन के अभियंता विनय कुमार ने बताया कि डालटनगंज से छतरपुर के मध्य 132केवी ट्रांसमिशन लाईन के 28 स्थानों पर वन भूमि पड़ रही है। इसके लिये अभी तक अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं प्राप्त हुआ है। इससे उक्त स्थलों पर टावर लाईन का निर्माण रूका है। डालटनगंज से छतरपुर की सड़क मार्ग से दूरी 48 किलोमीटर है। एक टावर की दूसरे से दूरी 300 मीटर तक होती है। अभियंता विनय कुमार ने बताया कि ऐसा ही पेंच पांकी में ग्रिड निर्माण को लेकर भी फंसा है।

**बिजली विभाग के पास नहीं है अपनी जमीन :** बिजली विभाग के अधिकारी विनय कुमार ने बताया कि विभाग के पास कहीं भी अपनी जमीन नहीं है। गैर मजरूआ भूमि पर निर्माण के लिये भी उसे उपायुक्त से अनुमति लेनी पड़ती है। ऐसे में विभाग की कई परियोजनायें लंबे समय तक लंबित रहती हैं।

### पीटीआर में भी फंसा है पेंच

बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ऐसा ही मामला पीटीआर से गुजरने वाले 132केवी महुआडांड- लातेहार ट्रांसमिशन लाइन का भी है। इसमें न तो पीटीआर प्रबंधन ने अनापत्ति पत्र दिया है और ना ही वन विभाग ने। इस संदर्भ में क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक कुमार आशुतोष ने बताया कि बिजली विभाग को यह समझना होगा कि वन विभाग के अपने कायदे-कानून हैं। 1980 के वन संरक्षण अधिनियम के तहत वन भूमि पर , भूमि के ऊपर या वन्य भूमि से गुजरने वाले किसी भी तरह के क्रियाकलाप के लिए वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना आवश्यक है। विभाग को उचित माध्यम से जानकारी उपलब्ध करानी चाहिये।

# पलामू में बागेश्वर बाबा के कार्यक्रम पर 18 दिसंबर को झारखंड हाई कोर्ट में होगी सुनवाई

### 10 से 15 फरवरी तक सजेगा दरबार




**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू।** धीरेंद्र शास्त्री उर्फ बागेश्वर बाबा के पलामू में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर 18 दिसंबर को झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई होगी. इस आयोजन को लेकर शुक्रवार को हाई कोर्ट में सुनवाई होनी थी लेकिन अब मामले में 18 दिसंबर को सुनवाई होगी. पलामू में बाबा बागेश्वर धाम का कार्यक्रम 10 से 15 फरवरी के बीच निर्धारित किया गया है. इससे पहले पलामू में दिसंबर महीने में ही बागेश्वर बाबा के दरबार का आयोजन किया जाना था. बागेश्वर बाबा के कार्यक्रम के आयोजन को लेकर शुरूआत में अनुमति दी गई थी. लेकिन बाद में नदी के प्रदूषित होने की बात कह कर जिला प्रशासन ने अनुमति को रद्द कर दिया गया था. दिसंबर महीने में बाबा बागेश्वर के कार्यक्रम का आयोजन स्थल पलामू के सदर प्रखंड के खनवा में अमानत नदी के तट पर निर्धारित किया गया था. पूरे मामले में श्री हनुमंत कथा आयोजन समिति ने बागेश्वर बाबा के कार्यक्रम स्थल को बदलते हुए चैनपुर के ओड़नार में तय किया. दर्जनों की संख्या में ग्रामीणों ने आयोजन को लेकर अपनी जमीन देने की बात कही और हस्ताक्षर भी किया है. मेदिनीनगर नगर के पहली मेयर और आयोजन समिति के संयोजक अरुणा शंकर ने बताया कि आयोजन को लेकर 18 दिसंबर को हाई कोर्ट में सुनवाई होनी है. धीरेंद्र शास्त्री उर्फ बागेश्वर बाबा ने झारखंड में पहली बार पलामू में आने की अपनी स्वीकृति प्रदान की है. अरुणा शंकर ने कहा कि सरकार भावनाओं के साथ नहीं खेले, यह लाखों लोगों की आस्था से जुड़ा हुआ मामला है. अरुणा शंकर ने कहा कि वह सरकार से आग्रह करती हैं कि आपके द्वारा बाबा बागेश्वर के कार्यक्रम की अनुमति दी जाए.

# हुसैनाबाद प्रखंड में आये आवेदन के निष्पादन में लायें तेजी : डीसी


समीक्षा बैठक करते डीसी

### अबुआ आवास के लिए डेडीकेटेड टीम गठन का निर्देश

उपायुक्त ने अबुआ आवास योजना की समीक्षा करते हुए डीडीसी को प्रत्येक ब्लॉक में एक अलग से डेडीकेटेड टीम का गठन करने का निर्देश दिया। कहा कि प्रखंड के स्थानीय कर्मी को इस डेडीकेटेड टीम में लगायें व तेज गति से आवेदनों का वेरिफिकेशन करवायें। इसके साथ ही सभी अंचलों में शत-प्रतिशत कंबल वितरण कराने की बात कही। वहीं स्वास्थ्य विभाग के डीपीएम को अधिक से अधिक आयुष्मान कार्ड बनवाने पर बल दिया।

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशिरंजन ने आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिले में लगाये जा रहे शिविरों में आये आवेदन एवं उनके निष्पादन के स्थिति की वर्चुअल समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अबतक लगाये गये शिविरों में प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। उन्होंने हुसैनाबाद प्रखंड में आए आवेदनों के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया। इसी तरह योजना वार समीक्षा करते हुए उपायुक्त श्री रंजन ने मुख्यमंत्री पशुधन योजना के आवेदनों की स्वीकृति में हो रहे बिलंब पर चिंता जाहिर जताते हुए आवेदनों का शीघ्र निष्पादन किये जाने पर बल दिया। वहीं सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से संबंधित आवेदनों का निष्पादन तेज गति से करने का निर्देश जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को दिया।

11 बूथों पर मतदान करेंगे 550 अधिवक्ता मतदाता

# पलामू बार का चुनाव आज, तैयारियां पूरी

**16 विभिन्न पदों पर 50 उम्मीदवार आजमा रहे किस्मत, प्रतिष्ठापरक अध्यक्ष पद पर आमने-सामने की टक्कर**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन चुनाव के लिये मतदान आज किया जायेगा। इसके लिये सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। मतदान केंद्र पर स्थापित 11 बूथों पर 550 अधिवक्ता मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। बार एसोसिएशन के 16 विभिन्न पदों पर 50 उम्मीदवार अपना किस्मत आजमा रहे हैं। प्रतिष्ठापरक अध्यक्ष पद पर मात्र दो उम्मीदवारों के होने से आमने-सामने की टक्कर के कारण इस बार का चुनाव काफी रोचक हो गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त बैद्यनाथ चौबे ने बताया कि मतदान को सुचारू तरीके से संपन्न कराने के लिये 11 बूथों का निर्माण किया गया है। इनमें नौ बूथ ऊपर अधिवक्ता संघ व दो बूथ नीचे परिसर में बनाया गया है। क्रमांक संख्या एक से लेकर सौ तक के मतदाता नीचे एवं क्रमांक संख्या 101 से लेकर 550 तक के मतदाता ऊपर के बूथों पर मतदान करेंगे। उन्होंने बताया कि स्टेट बार काउंसिल से आये आब्जर्वर की मौजूदगी में मतदान सुबह 10.30 बजे शुरू हो जायेगा। निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव के लिये मतदान केंद्र व परिसर में भी सीसीटीवी कैमरे लगवाये गये हैं। व्यवस्थापक संजय दुबे के नेतृत्व में शुक्रवार देर शाम तक मतदान की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।

**सदस्यों को सौंपा गया दायित्व :** मुख्य चुनाव आयुक्त बैद्यनाथ चौबे एवं चुनाव आयुक्त सतीश मेहता व शौकत अली द्वारा गहन मंत्रणा के बाद मतदान व मतगणना का कार्य सुचारू ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से चुनाव समिति के सदस्यों को दायित्व सौंपा गया। उम्मीदवार भी मतदान के पूर्व संध्या पर चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दिये हैं।

### हुसैनाबाद में सरदार पटेल की मनी 72वीं पुण्यतिथि

**हुसैनाबाद।** शहर के पटेल चौक स्थित देश के प्रथम गृहमंत्री व भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 72 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। जिसमें कई राजनीतिक व सामाजिक संगठनों के लोगों ने माल्यार्पण व श्रद्धासुमन अर्पित किया। हुसैनाबाद (उतरी) भाग के जिप सदस्य राजू मेहता उर्फ एसपी मेहता ने कहा कि सरदार पटेल भारत के आजादी के महानायक थे। उनके नेतृत्व क्षमता से अखंड भारत का निर्माण किया। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि सरदार पटेल दूरदर्शी नेतृत्व व अटूट प्रतिबद्धता वाले नेता थे। जिन्होंने आधुनिक भारत की नींव रखकर अनुकरणीय कार्य से एक मजबूत देश के निर्माण की दिशा में मार्गदर्शन देते रहे। समृद्ध भारत के लिये उनके सपने को साकार करने के लिए कार्यों व जीवन से सभी वर्ग के लोगों को प्रेरणा लेने की जरुरत है।

### पलामू सांसद वीडी राम करेंगे दो गांवों में संकल्प यात्रा का आगाज आज

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद वीडी राम 16 दिसंबर को पाटन प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत उताकी एवं ग्राम पाल्हे कला स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर के प्रांगण में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। उक्त कार्यक्रमों में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्तागण भी उपस्थित रहेंगे। सांसद के निजी सचिव अलख दुबे ने बताया कि कार्यक्रमों के दौरान स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया है। जिसमें ग्रामीण अपने स्वास्थ्य की जांच करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सभी गांवों में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि योजना, केसीसी, पोषण अभियान, जनधन योजना, सुरक्षा बीमा योजना,जल जीवन मिशन आदि योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। इस दौरान ड्रोन दीदी कार्यक्रम के अंतर्गत ड्रोन से दवाईयों एवं खाद के छिड़काव का जीवंत प्रदर्शन किसानों के समक्ष किया जायेगा।

### जनता के पैसे से ठेकेदार व अभियंताओं की चांदी:रूचिर

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी व जिला कमेटी सदस्य नसीम राइन ने शुक्रवार सुबह सरकारी बस डिपो व थोक सब्जी मार्केट का निरीक्षण किया। दोनों जगहों पर व्याप्त अव्यवस्थाओं पर पदाधिकारियों ने गहरा रोष जताया। इस दौरान थोक सब्जी व्यापारियों ने बताया कि सरकारी बस डिपो में प्राइवेट बसों का जमावड़ा लगा रहता है। जिसके चलते थोक व्यवसायियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सरकारी बस डिपो में बहुत पहले निर्मित यात्री पड़ाव भी अत्यंत जर्जर स्थिति में पहुंच गया है। इससे कभी भी भीषण हादसे की आशंका बनी हुई है। स्टैंड के मरम्मती कार्य में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता पर सवालिया निशान लगाते हुये उन्होंने कहा कि इसी प्रकार जनता के टैक्स के पैसे की चोरी कर ठेकेदार व अभियंता मालामाल हो रहे हैं। श्री तिवारी ने कहा कि नगर निगम में भी इसी प्रकार का काम टेंडर मैनेज करके किया जा रहा है। उन्होंने उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराते हुये इस संबंध में तत्काल आवश्यक कदम उठाये जाने की मांग की है।

### लिलिपुट प्ले स्कूल में पेपर्स फैशन शो

**मेदिनीनगर।** नावाटोली स्थित लिलिपुट प्ले स्कूल में शुक्रवार को अनूठा पेपर्स फैशन शो का आयोजन किया गया। शो में बच्चों के साथ उनके अभिभावकों की भी मेहनत व रचनात्मकता देखने को मिली। कार्यक्रम के दौरान सबसे पहले तो स्कूल को पेपर से निर्मित आकर्षक ड्रेसों से सजाया गया। इसके बाद बच्चों ने फैशन रैंप पर जब चलना शुरू किया तो अन्य बच्चों की तालियों की गड़गड़ाहट ने समा बांध दिया। बच्चों के साथ स्कूल की दो शिक्षिकाओं करनाली व नैंसी ने भी पेपर ड्रेस में रैंप वॉक किया। बच्चों की बेजोड़ प्रस्तुति ने निर्णायकों को भी असमंजस में डाल दिया। स्कूल की प्राचार्या रेणु गोयल ने विजेताओं के नाम की घोषणा की।

### शिविर में उमड़ी भीड़, 1352 आवेदनों में 491 का निष्पादन

**बरवाडीह।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को प्रखंड के केड पंचायत सचिवालय में किया गया। इसका उद्घाटन बीडीओ राकेश सहाय, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह पिंटू, लालमन उरांव मुखिया, पीएम आवास कोऑर्डिनेटर दीपक कुमार आदि ने किया। कार्यक्रम में पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में लोग अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे। शिविर में 1352 आवेदन विभिन्न स्टॉल में प्राप्त हुए, जिनमें 491 आवेदनों का ऑन द स्पोर्ट निष्पादन किया गया, जबकि शिविर में सबसे अधिक 538 आवेदन अबुआ आवास योजना के प्राप्त हुए। वहीं शिविर में सावित्री फुले बाई योजना का बालिकाओं के बीच प्रमाणपत्र वितरण, धोती साड़ी, कंबल आदि का भी वितरण किया गया।

# 1640 आवेदनों में 195 का निष्पादन

### खरौंधी प्रखंड की सिसरी पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

खरौंधी प्रखंड के सिसरी पंचायत भवन परिसर में शुक्रवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख आभा रानी, बीडीओ रविन्द्र कुमार, अंचलाधिकारी सुनील कुमार, उपप्रमुख देवदत प्रसाद आर्य सिसरी पंचायत के मुखिया श्वेता देवी ने संयुक्त रूप से किया। मुखिया स्वेता देवी ने कहा कि आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में सबसे अधिक फॉर्म अबुआ आवास के लिए आ रहा है। प्रखंड प्रमुख आभा रानी ने कहा कि झारखंड सरकार का सबसे सफलतम कार्यक्रम में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को दिलाने के लिये लगातार प्रयास कर रही है।

बीडीओ रविंद्र कुमार ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जनता को कई प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अबुआ आवास, सावित्रीबाई फुले सहित अन्य प्रकार की योजनाओं का लाभ लोगों को दिया जा रहा है। शिविर में सभी विभागों के स्टॉल लगाये गये थे। सभी स्टॉलों पर संबंधित विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 1640 आवेदन प्राप्त हुये, जिनमें 195 आवेदनों का त्वरित रूप से निष्पादन किया गया, जबकि 1445 आवेदन लंबित रहे। जिन विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए उनमें अबुआ आवास योजना के तहत सर्वाधिक 1010, आयुष्मान कार्ड के लिए 8, मनरेगा के नया जॉब कार्ड के लिये 22, गुरुजी स्टूडेंट्स क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 57, राशन कार्ड में संशोधन के लिये 10, बिजली की समस्या के लिए 1, पशुपालन विभाग से 20, कंबल वितरण के 11, सर्वजन पेंशन के 13, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 22, किसान क्रेडिट कार्ड के 8, आधार पंजीकरण के 5, स्वच्छता व पेयजल के 350, कल्याण विभाग के 1, आजीविका मिशन के 11, स्वास्थ्य जांच 102 के, राजस्व एवं भूमि सुधार से सबंधित एक आवेदन प्राप्त हुआ।

### जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का किया उद्घाटन

# ग्रामीण खिलाड़ियों को आगे आने का मिलेगा मौका :डीडीसी

**बालक वर्ग में पांच व बालिका वर्ग में तीन मैच खेला गया**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर के शाहपुर में स्थित सहोदय उच्च विद्यालय के खेल मैदान पर आयोजित जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल (बालक एवं बालिका) प्रतियोगिता 2023-24 का शुभारंभ शुक्रवार को जिले के उप विकास आयुक्त रवि आनद ने फुटबॉल को किक मारकर किया। खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुये डीडीसी ने उनका हौसला बढ़ाया। कहा कि टूनामेंट में बेहतर प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विजय हासिल कर जिले का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका प्रदान करना है। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ प्रदर्शन करने की नसीहत दी। शुक्रवार को बालक वर्ग में पहला मैच मेदिनीनगर एवं हैदरनगर के बीच खेला गया। जिसमें मेदिनीनगर की टीम 1-0 से विजयी रही। दूसरे मुकाबले पांकी ने पड़वा 1-0 से मात दी। तीसरे मुकाबले में मेदिनीनगर ने हरिहरगंज को एक गोल से हराया। चौथा मुकाबला नावाबाजार एवं पाटन के बीच खेला गया जिसमें पाटन की टीम 2-1 से जीत दर्ज की। पांचवे मैच में चैनपुर ने छतरपुर को 1-0 से हराया। बालिका वर्ग में प्रथम मैच तरहसी एवं हरिहरगंज के बीच खेला गया। जिसमें तरहसी की टीम 2-1 से विजयी रही। दूसरे मैच में रामगढ़ ने मेदिनीनगर को 2-1 से हराया। तीसरे मैच में लेस्लीगंज ने तरहसी को 1-0 से परास्त किया। आगामी 17 दिसंबर को बालिका वर्ग में फाइनल मुकाबला रामगढ बनाम लेस्लीगंज के बीच खेला जाएगा। मौके पर जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, सेवानिवृत्त शिक्षक कमलानंद दुबे, महेश तिवारी, उमर राशिद जिया,सिद्धार्थ कुमार, प्रदीप मेहता, इदरीस अंसारी, सत्येंद्र कुमार, सिकंदर कुमार,सुनील यादव, बालमुकुंद पाण्डेय उपस्थित थे। विदित हो कि जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण कप फुटबॉल प्रतियोगिता में जिले के सभी प्रखंडों के बालक एवं बालिका वर्ग की विजयी टीमें भाग ले रही हैं। जिला स्तर पर विजयी टीम जोनल स्तरीय प्रतियोगिता में खेलेगी।

## पेज एक के शेष

### अबुआ आवास योजना के ...

विदेश में उच्च शिक्षा लेने की इच्छा रखते हों तो आपको मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के तहत आपको शत-प्रतिशत स्कॉलरशिप प्रदान किया जाएगा। वर्तमान में खूंटी, सिमडेगा और गुमला समेत अन्य जिला की बेटियां विदेश में उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहीं हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं की बदौलत हमने लम्बी लड़ाइयां जीती हैं। कोरोना संक्रमण काल में गांव की महिलाओं ने सरकार को बड़ी मजबूती के साथ सहयोग दिया है। इस महामारी में उन्होंने अपनी जान की बाजी लगाकर निःशुल्क भोजन कराया था। मुझे इस बात का दुःख होता है कि कई महिलाएं हाट-बाजार में हड़िया-दारू बेचने का कार्य करती हैं, इससे हमारा समाज पीछे जाएगा और कुछ लोगों ने इसे सुनियोजित व्यापार का माध्यम बना लिया है। मैं उन महिलाओं से कहना चाहूंगा कि राज्य सरकार आपके लिए फूलो झानो आशीर्वाद योजना लेकर आयी है। अब आप अपने माथे पर जो हड़िया-दारू नहीं, बल्कि सरकार की योजना लेकर चलिए फिर देखिएगा आप और समाज कितने मान-सम्मान के साथ आगे बढ़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा, झारखण्ड की बेटियां खेल के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। जिला स्तर पर एस्ट्रोटर्फ मैदान बनाने का कार्य आपकी सरकार ने किया है। हमने नई खेल नीति बनाई है। अब खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि भी दिया जाएगा। आने वाले समय में खिलाड़ियों को नौकरी में भी हिस्सा देने का विचार कर रहें हैं। हम बेटियों को और मजबूती प्रदान कर सकें। महिला हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन झारखंड में जिस प्रकार किया गया यह ऐतिहासिक आयोजन था। हमें नहीं लगता है कि इस तरह का आयोजन देश के किसी भी राज्य में किया गया हो। आने वाले वर्षों में भी इसी तरह के अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय खेल आयोजन झारखंड में होंगे यह राज्य सरकार का प्रयास है।

### पीएलएफआई के खिलाफ...

व्यापारियों, ट्रांसपोर्टरों, रेलवे ठेकेदारों और व्यापारियों से जबरन वसूली के माध्यम से धन जुटाने में शामिल थे। वे सुरक्षा बलों पर हमले, हत्या, आगजनी सहित विभिन्न उग्रवादी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश भी रच रहे थे। साथ ही समाज में आतंक पैदा करने के लिए विस्फोटक का उपयोग कर रहे थे। यह भी पता चला है कि झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ और अन्य पीएलएफआई प्रभावित राज्यों में संगठन को पुनर्जीवित और विस्तारित करने का प्रयास किया जा रहा था।

### देश आगे बढ़ रहा है...

बाजार की चेन को भी दुरुस्त करना जरूरी है जहां उचित कीमत नहीं मिलने से किसान हताश हो जाते हैं। एग्री स्मार्ट विलेज का खाका इन कमियों को दूर कर मॉडल गांव बनाने की दिशा में एक पहल है, यह मॉडल सफल हुआ तो झारखंड आयातक राज्य से निर्यातक राज्य में जल्द ही बदलेगा।

### पुलिस ने खदेड़कर दो...

इसी क्रम में असित ने दोनों अपराधियों के साथ गाली-गलौज कर दिया था। इसी बात को लेकर दोनों अपराधी गुरुवार की रात साढ़े नौ बजे असित के जनता फ्लैट स्थित मकान में पहुंच गए। उस वक्त असित अपने घर पर ही था। आते ही बाइक सवार अपराधी बब्लू सिंह और बिट्टू सिंह ने असित के मकान के बाहर खड़े होकर गाली-गलौज करते हुए दो राउंड फायरिंग की और ललकारने लगे। धमकी दी कि वह घर से नहीं निकलेगा तो उसकी हत्या कर देंगे। इसकी जानकारी मिलते ही अरगोड़ा थानेदार बृजकुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस को देखते ही दोनों अपराधी हथियार लहराते हुए भागने लगे। तैनात जवानों ने खदेड़कर दोनों अपराधियों को दबोच लिया। पुलिस के अनुसार दोनों अपराधी पूरी तैयारी के साथ मौके पर पहुंचे थे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## एक नजर

### पीएम व खड़गे ने सरदार पटेल को उनकी पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को सरदार वल्लभभाई पटेल को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी। एक्स पर एक पोस्ट में, पीएम मोदी ने कहा, महान सरदार वल्लभभाई पटेल को उनकी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि। उनके दूरदर्शी नेतृत्व और देश की एकता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता ने आधुनिक भारत की नींव रखी। खड़गे ने कहा, "सरदार पटेल का व्यक्तित्व और विचार आने वाली पीढ़ियों को देश सेवा के लिए सदैव प्रेरित करते रहेंगे।"

### हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी के बाद केसीआर को अस्पताल से मिली छुट्टी

**हैदराबाद।** हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी के एक सप्ताह बाद तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव को शुक्रवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। एर्रावल्ली स्थित अपने फार्महाउस पर 8 दिसंबर को गिरने के कारण फ्रैक्चर होने के बाद उन्हें हैदराबाद के सोमाजीगुडा स्थित यशोदा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसी दिन उनकी हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी हुई थी। बीआरएस के अध्यक्ष ने अस्पताल में उनकी देखभाल करने वाले डॉक्टरों, नर्सों और अन्य कर्मचारियों को धन्यवाद दिया। डॉक्टरों के मुताबिक, केसीआर का बाईं तरफ टोटल हिप रिप्लेसमेंट ऑपरेशन हुआ था। ठीक होने में छह से आठ सप्ताह लग सकते हैं।

### कांग्रेस नेता केपी विश्वनाथन का निधन

**तिरुवनंतपुरम।** वयोवृद्ध कांग्रेस नेता के.पी. विश्वनाथन का शुक्रवार सुबह एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 83 वर्ष के थे और लंबे समय से बीमार चल रहे थे। विश्वनाथन केरल के त्रिशूर में कांग्रेस के सबसे बड़े नेताओं में से एक थे, लेकिन पिछले कुछ समय से उन्होंने खुद को सक्रिय राजनीति से दूर रखा हुआ था। छह बार के विधायक, विश्वनाथन, के. करुणाकरण (1991-94) की कैबिनेट और 2004-2005 की ओमन चांडी कैबिनेट में भी मंत्री थे, जब उन्हें प्रतिकूल अदालत के फैसले पर इस्तीफा देना पड़ा था। 2006 और 2011 के विधानसभा चुनाव हारने के बाद, विश्वनाथन ने व्यावहारिक रूप से सक्रिय राजनीति छोड़ दी।

### पाक में हिली धरती, 4.2 तीव्रता का भूकंप आया

**इस्लामाबाद।** पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान में शुक्रवार की सुबह 9:13 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.2 मापी गई। यह जानकारी नई दिल्ली में नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) ने दी है। एनसीएस के अनुसार पाकिस्तान से अभी तक जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

### महुआ मोइत्रा की याचिका पर सुनवाई 3 जनवरी तक टली

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को लोकसभा से निष्कासन के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा की याचिका पर सुनवाई अगले साल 3 जनवरी तक के लिए टाल दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और एस.वी.एन.भट्टी की पीठ ने मोइत्रा की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी से कहा कि शीतकालीन अवकाश के बाद अदालत फिर से खुलने पर मामले की सुनवाई की जाएगी, क्योंकि पीठ मामले की फाइलों पर गौर नहीं कर सकी है। पीठ ने आदेश दिया, "3 जनवरी, 2024 को पुनः सूचीबद्ध करें।"

## हंगामे के कारण लोकसभा में नहीं हो पाया कामकाज

# सदन की कार्यवाही 18 तक स्थगित



**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा की सुरक्षा में हुई चूक को लेकर सरकार और विपक्ष के बीच गतिरोध बना हुआ है। हंगामे के कारण शुक्रवार को भी लोकसभा में कोई कामकाज नहीं हो पाया और सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित करना पड़ा।

लोकसभा की अगली बैठक अब सोमवार, 18 दिसंबर को सुबह 11 बजे होगी। शुक्रवार को जैसे ही सुबह 11 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू हुई, वैसे ही विपक्षी सांसद प्लेकार्ड लहराते और नारेबाजी करते हुए वेल में आ गए। सदन के हालात देखकर पीठासीन सभापति राजेन्द्र अग्रवाल ने कुछ ही सेकंडों के भीतर लोकसभा की कार्यवाही को दो बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।

दोपहर दो बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही सदन में फिर हंगामा होते देखकर तत्कालीन पीठासीन सभापति किरीट प्रेमजी भाई सोलंकी ने कुछ सेकंडों के भीतर ही सदन की कार्यवाही को 18 दिसंबर सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। विपक्षी सांसद लोकसभा की सुरक्षा में हुई चूक के मामले में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान की मांग को लेकर नारेबाजी कर रहे थे।

विपक्षी सांसद लोकसभा की सुरक्षा में सेंध लगाने वाले आरोपियों का लोकसभा के दर्शक दीर्घा का पास बनवाने वाले भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी कर रहे थे।

दरअसल, लोकसभा की सुरक्षा में हुई चूक के मामले में विपक्ष गृह मंत्री अमित शाह के बयान की मांग पर अड़ा हुआ है। वहीं, सरकार अतीत में हुई इस तरह की कई घटनाओं का जिक्र करते हुए यह कह रही है कि सदन के कस्टोडियन स्पीकर हैं और पहले भी इस तरह की घटनाओं में स्पीकर ने ही फैसले किए हैं।

### कांग्रेस सांसदों ने संसद सुरक्षा उल्लंघन पर चर्चा के लिए लोस और रास में दिया नोटिस



कांग्रेस के लोकसभा सांसद मनीष तिवारी और राज्यसभा सांसद सैयद नसीर हुसैन ने 13 दिसंबर के सुरक्षा उल्लंघन पर चर्चा के लिए शुक्रवार को संसद में नोटिस दिया। पंजाब के आनंदपुर साहिब से सांसद तिवारी ने लोकसभा में अपने नोटिस में कहा, यह सदन दुर्भाग्यपूर्ण सुरक्षा उल्लंघन के संबंध में चर्चा करने के लिए शून्यकाल, प्रश्नकाल और दिन के अन्य कामकाज को निलंबित करता है। राज्यसभा में अपने नोटिस में, हुसैन ने कहा, यह सदन संसद में सुरक्षा के गंभीर उल्लंघन पर चर्चा करने के लिए शून्य काल और प्रश्नकाल और दिन के अन्य कामकाज के लिए प्रासंगिक नियमों को निलंबित कर देता है।" उन्होंने यह भी कहा कि इस घुसपैठ से पहले, दो प्रदर्शनकारियों ने संसद भवन के बाहर प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने धुआं बम भी जलाए। उन्होंने कहा, ये घटनाएं एक समन्वित प्रयास का हिस्सा लगती हैं, जिसमें कुल पांच व्यक्ति शामिल हैं: लोकसभा कक्ष के अंदर दो घुसपैठिए, दो प्रदर्शनकारी और एक अतिरिक्त व्यक्ति, सभी पर मिलीभगत से काम करने का संदेह है और इसे देखते हुए स्थिति की गंभीरता और संसद की प्रतिष्ठित संस्था और उसके सदस्यों की सुरक्षा पर इसका सीधा प्रभाव, मेरा प्रस्ताव है कि हम इस मामले के संबंध में गृह मंत्री से एक बयान की मांग करें। इसके बाद, मेरा सुझाव है कि सदन तत्काल मुद्दे पर व्यापक चर्चा करे। भविष्य में ऐसे उल्लंघनों को रोकने के लिए सुरक्षा उपाय किए जाए।

### निलंबित सांसदों ने नए संसद भवन के मेन गेट पर किया प्रदर्शन, सदन चलने देने की अपील



लोकसभा की सुरक्षा में हुई चूक को लेकर सरकार और विपक्ष के बीच गतिरोध लगातार बना हुआ है। लोक सभा से गुरुवार को पूरे सत्र के लिए निलंबित किए गए सांसदों ने नए संसद भवन के मेन गेट पर प्रदर्शन किया। सोनिया गांधी ने भी मेन गेट पर बैठे निलंबित सांसदों से जाकर मुलाकात की। इसके बाद निलंबित सांसदों के साथ-साथ विपक्षी दलों के तमाम सांसदों ने प्लेकार्ड लहराते हुए संसद भवन परिसर में स्थित गांधी प्रतिमा के पास जाकर प्रदर्शन किया। आपको बता दें कि, विपक्षी सांसदों के हंगामे के कारण शुक्रवार को भी लोक सभा की कार्यवाही नहीं चल पाई। शुक्रवार को जैसे ही सुबह 11 बजे लोक सभा की कार्यवाही शुरू हुई, विपक्षी सांसद प्लेकार्ड लहराते हुए और नारेबाजी करते हुए वेल में आ गए। सदन के हालात देखकर पीठासीन सभापति राजेन्द्र अग्रवाल ने कुछ ही सेकंडों के भीतर लोक सभा की कार्यवाही को दो बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। विपक्षी सांसद लोक सभा की सुरक्षा में हुई चूक के मामले में सदन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान की मांग को लेकर नारेबाजी कर रहे थे। विपक्षी सांसद लोकसभा की सुरक्षा में सेंध लगाने वाले आरोपियों का लोक सभा के दर्शक दीर्घा का पास बनवाने वाले भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी कर रहे थे।

### संसद सुरक्षा उल्लंघन मामला- सीन को 'रिक्रिएट' करेगी पुलिस

संसद सुरक्षा उल्लंघन मामले में स्पेशल सेल शनिवार या रविवार को आरोपितों को संसद परिसर में ले जाकर बुधवार की संसद सुरक्षा उल्लंघन के दृश्य को फिर से रिक्रिएट करेगी। पुलिस सूत्रों की मानें तो क्राइम सीन को रिक्रिएट करने के लिए आरोपितों को संसद ले जाया जाएगा। इससे पुलिस को यह पता लगाने में मदद मिलेगी कि आरोपित कलर स्प्रे के साथ संसद भवन में कैसे दाखिल हुए। उन्होंने अपनी योजना को कैसे अंजाम दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि वारदात के तरीके को समझने के लिए और इसका सुक्ष्म विश्लेषण करने के लिए दिल्ली पुलिस यह तरीका अपनायेगी। स्पेशल सेल आरोपितों को संसद परिसर के गेट से बिल्डिंग के अंदर तक ले जाएगी। गुरुवार को संसद की कार्यवाही चलने के कारण स्पेशल सेल की टीम गिरफ्तारी के बाद का सीन रीक्रिएट नहीं कर पाई है। टीम शनिवार या रविवार को उस दृश्य को फिर से बनाने की कोशिश कर रही है जब संसद सत्र नहीं चल रहा होगा। सूत्रों के मुताबिक, स्पेशल सेल की टीम आरोपितों को गुरुग्राम स्थित उनके उस फ्लैट पर भी ले जाएगी, जहां उनकी मुलाकात हुई थी। सूत्रों के अनुसार पुलिस टीम ने 50 मोबाइल नंबरों की एक सूची भी तैयार की है, जिन पर आरोपितों ने पिछले 15 दिनों में फोन किया था। पुलिस इन नंबरों पर कॉल कर उनकी पहचान कर रही है।

### राज्यसभा में भी हंगामा जारी, सदन की कार्यवाही स्थगित

राज्यसभा में शुक्रवार को भी हंगामा जारी रहा। हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही शुरू होने के कुछ देर बाद ही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी। दरअसल विपक्षी सांसद सुरक्षा के विषय पर सदन में चर्चा चाहते थे। विपक्ष के 23 सांसदों ने नियम 267 के अंतर्गत चर्चा के लिए सभापति को नोटिस दिए लेकिन चर्चा के लिए दिए गए यह सभी नोटिस अस्वीकार कर दिए गए। इसके ऊपर सदन में हंगामा शुरू हो गया और कार्यवाही दोपहर तक के लिए स्थगित कर दी गई। दरअसल 13 दिसंबर को लोकसभा में दो व्यक्तियों के घुस आने के बाद से यह मुद्दा खड़ा हुआ। लोकसभा में बुधवार को दो युवक दर्शक दीर्घा से कूद कर सदन में घुस आए थे। इन युवकों ने लोकसभा में सांसदों के बीच रंग वाले पटाखों से धुआं फैला दिया। इससे सदन में पीला धुआं हो गया। राज्यसभा में सुरक्षा में गंभीर चूक बता रहे हैं। शुक्रवार को इस मुद्दे पर चर्चा के लिए जमकर हंगामा हुआ। विपक्ष सुरक्षा में गंभीर चूक का आरोप लगाते हुए गृहमंत्री से जानकारी व जवाब देने की मांग कर रहा है। मांग न माने जाने पर विपक्ष ने नारेबाजी की। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने लोकसभा में दो लोगों के कूदने को गंभीर मुद्दा बताया है। उन्होंने कहा, मामला बहुत गंभीर है। यह सिर्फ लोकसभा और राज्यसभा का सवाल नहीं है, बात यह है कि कड़ी सुरक्षा के बावजूद दो लोग कैसे अंदर आए और सुरक्षा में सेंध लगाई। राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा का कहना है कि क्या सुरक्षा में चूक पर विपक्ष की चर्चा की मांग नाजायज है। अगर संसद सुरक्षित नहीं, तो क्या देश सुरक्षित है, यह बड़ा सवाल खड़ा होता है। सदन को भरोसे में लिया जाए और उस पर एक चर्चा हो, यही हमारी मांग है। उन्होंने कहा कि यह दलगत राजनीति की बात नहीं, सरकार को यह मांग स्वीकार करनी चाहिए। सरकार से जवाब मांगना राजनीति करना नहीं है, अगर सरकार से जवाब नहीं मांगेंगे तो किस से मांगेंगे। इस बीच राज्यसभा में बन रहे इस गतिरोध को खत्म करने के लिए सभापति जगदीप धनखड़ ने नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, नेता सदन पीयूष गोयल समेत राज्यसभा में सभी फ्लोर लीडर्स को चर्चा के लिए अपने चेंबर में आमंत्रित किया है।

### संसद सुरक्षा उल्लंघन मामले में दो और लोग हिरासत में

ललित झा को गिरफ्तार करने के बाद, दिल्ली पुलिस ने 13 दिसंबर के संसद सुरक्षा उल्लंघन मामले की जांच के सिलसिले में दो और लोगों को हिरासत में लिया है। ललित झा को गुरुवार रात गिरफ्तार किया गया। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के सूत्रों के मुताबिक, पुलिस ने दो और लोगों को हिरासत में लिया है, जिनकी पहचान महेश और कैलाश के रूप में हुई है। सूत्र ने यह भी कहा कि स्पेशल सेल यह समझने के लिए संसद के बाहर क्राइम सीन रीक्रिएट करने की भी संभावना है कि वे धुएं के डिब्बे के साथ लोकसभा के अंदर कैसे जाने में कामयाब रहे। सूत्र ने यह भी कहा कि गुरुवार रात गिरफ्तार किए गए झा को अदालत में पेश किया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि झा ने गुरुवार रात नई दिल्ली जिले के कर्तव्य पथ पुलिस थाने में आत्मसमर्पण कर दिया और घटना की आगे की जांच के लिए उन्हें विशेष शाखा को सौंप दिया गया। दिल्ली की एक अदालत ने संसद सुरक्षा उल्लंघन मामले में गिरफ्तार चार आरोपियों को गुरुवार को सात दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया।

## हमास की कमर टूटी, आत्मसमर्पण के लिए मजबूर

**एजेंसी। गाजा**

इजराइल के आक्रामक सैन्य अभियान ने फिलिस्तीनी आतंकवादी संगठन हमास की कमर तोड़ कर रख दी है। गाजा पट्टी में छिड़े युद्ध के 70वें दिन शुक्रवार को भी हमास के आतंकवादियों का हथियार डालने का सिलसिला जारी है। अब तक सैकड़ों आतंकवादी समर्पण कर चुके हैं। इजराइली सैन्य बलों ने कमल अदवान अस्पताल के पास मुठभेड़ में हमास के कई गुर्गों को मार गिराया। प्रमुख अखबार द यरुशलम पोस्ट के अनुसार, इजरायल-हमास युद्ध आज 70वें दिन में प्रवेश कर गया। हमास के आतंकवादी बड़े समूहों में आईडीएफ के सैनिकों के सामने आत्मसमर्पण कर रहे हैं। आज सुबह भी हमास के आतंकवादियों ने हथियार डाल दिए। अखबार के अनुसार इजराइल रक्षा बलों के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल जोनाथन कॉनरिकस ने कहा है कि गाजा में इजराइल भारी कीमत चुका रहा है, लेकिन उसका लक्ष्य अटल है। आईडीएफ की गुरुवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार, कमल अदवान अस्पताल के क्षेत्र में हमास की एक इमारत से बड़ी संख्या में हथियार मिले हैं। मुठभेड़ में सैनिकों ने कई आतंकवादियों को मार गिराया। इस दौरान 70 से अधिक आतंकवादी हथियार लेकर अस्पताल से बाहर निकल आए। उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया। बाद में इनको पूछताछ के लिए खुफिया निदेशालय की यूनिट 504 भेज दिया गया।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद पर दखल देने से सुप्रीम कोर्ट ने किया इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद पर विवादित परिसर के सर्वे के लिए कोर्ट कमिश्नर को नियुक्त करने के इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश में दखल देने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा है कि मस्जिद पक्ष की वह याचिका उसके सामने है, जिसमें श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद से जुड़े मुकदमों को इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर करने को चुनौती दी गई है। कोर्ट ने कहा कि वह इस पर नौ जनवरी को सुनवाई करेगा और फिलहाल कोई अंतरिम आदेश जारी करने की जरूरत नहीं है।



## उपलब्धि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने किया एनआईटी-आरडी में एक रोबोटिक यूनिट का उद्घाटन

# शहरों की संख्या पिछले नौ वर्षों में 3 गुना बढ़ी : मांडविया

**एजेंसी। नई दिल्ली**




केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि सीजीएचएस के तहत कवर किए गए शहरों की संख्या साल 2014 में 25 थी, जो बढ़कर 2023 में 80 हो गई। पिछले नौ सालों में सीजीएचएस शहरों की संख्या तीन गुना से अधिक हो गई है। आने वाले दिनों में इस सुविधा का 100 शहरों तक विस्तार किया जाएगा। डॉ. मांडविया शुक्रवार को अलकनंदा, रोहिणी सेक्टर-16, वसंत विहार में तीन सीजीएचएस वेलनेस सेंटर के साथ-साथ एनआईटी और आरडी में एक रोबोटिक यूनिट के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि देश में 341 सीजीएचएस वेलनेस सेंटर 44 लाख लाभार्थियों को सेवा दे रहे हैं और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टीबी एंड रेस्पिरेटरी डिजीज (एनआईटी एंड आरडी) में तीन सीजीएचएस वेलनेस सेंटर और रोबोटिक यूनिट की स्थापना से उनकी स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सर्जरी की आवश्यकता वाले तपेदिक से पीड़ित रोगियों के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए रोबोटिक सर्जरी उन्हें सही देखभाल प्रदान करने में सहायक होगी। देश के अंतिम छोर तक सुलभ और किफायती स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना हमारा लक्ष्य है और एक स्वस्थ राष्ट्र की नींव है। उन्होंने कहा कि दुनिया में निर्धारित 10 में से 4 दवाएं भारत में बनी जेनेरिक दवाएं हैं। जन औषधि दवाएं सीजीएचएस कल्याण केंद्रों में भी प्रदान की जाती हैं। भारत में 1.6 लाख से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित हैं, प्रत्येक 10,000 लोगों पर 1 आरोग्य मंदिर जनता को समग्र उपचार प्रदान करता है। इस कार्यक्रम में राज्य मंत्री डॉ. भारती प्रवीण पवार, मंत्री डॉ. मीनाक्षी लेखी, सांसद रमेश बिधूड़ी के साथ स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के संयुक्त सचिव डॉ. मनस्वी कुमार, निदेशक डॉ. मनोज जैन और वरिष्ठ सरकारी अधिकारी उपस्थित थे।

## कर्नाटक में महिला के साथ बदसलूकी का मामला

# कर्नाटक सरकार को एनएचआरसी की नोटिस

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने बेलगावी में एक महिला को निर्वस्त्र कर उसके साथ की गई मारपीट के मामले का संज्ञान लिया है। आयोग ने कर्नाटक सरकार के मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक को नोटिस भेजकर चार सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। इसमें एफआईआर की स्थिति, जांच में प्रगति, गिरफ्तारी, पीड़ित को मुआवजा और राज्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए उठाए गए कदम शामिल होने चाहिए। उल्लेखनीय है कि 12 दिसंबर कर्नाटक के बेलगावी के होसा वंतमुरी गांव में एक 42 वर्षीय महिला को निर्वस्त्र कर नग्न घुमाया गया और बिजली के खंभे से बांध उसके साथ मारपीट की गई। ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि महिला का बेटा उसी गांव की एक लड़की के साथ भाग गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए, आयोग ने अपने डीआइजी, जांच को जल्द से जल्द मौके पर तथ्यान्वेषी जांच करने और दो सप्ताह के भीतर एक रिपोर्ट सौंपने के लिए एक टीम गठित करने को भी कहा है।

### कर्नाटक घटना की भाजपा ने की निंदा, पांच सदस्यीय जांच समिति गठित

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कर्नाटक के बेलगावी में आदिवासी महिला को नग्न घुमाने की बर्बर घटना की कड़ी निंदा की है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आज यहां एक बयान में कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार सत्ता में आने के बाद से विशेष रूप से महिलाओं के खिलाफ ऐसे अपराध नियमित अंतराल पर हो रहे हैं। इससे राज्य में कांग्रेस सरकार का गैरजिम्मेदाराना व्यवहार उजागर होता है। उन्होंने कहा कि इस जघन्य घटना की जांच के लिए पांच सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। शुक्रवार को इस घटना की जांच के लिए पांच सदस्यीय समिति का गठन किया है। यह समिति घटना स्थल का दौरा करेगी और जल्द से जल्द अपनी रिपोर्ट पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को सौंपेगी। इस पांच सदस्यीय समिति में सांसद अपराजिता सारंगी, सुनीता दुग्गल, लॉकेट चटर्जी, रंजीता कोली और पार्टी की राष्ट्रीय सचिव आशा लाकरा शामिल हैं। यह समिति घटना स्थल पर जा कर तथ्यों का पता लगाएगी और अध्यक्ष को रिपोर्ट सौंपेगी।

## राष्ट्रपति भवन में आज नहीं होगा चेंज ऑफ गार्ड समारोह



**एजेंसी। नई दिल्ली**

ओमान के सुल्तान के लिए निर्धारित गार्ड ऑफ ऑनर के कारण शनिवार (16 दिसंबर) को राष्ट्रपति भवन में चेंज ऑफ गार्ड समारोह नहीं होगा। राष्ट्रपति भवन ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के निमंत्रण पर ओमान सल्तनत के राज्य प्रमुख सुल्तान हैथम बिन तारिक 16 दिसंबर को राजकीय यात्रा पर भारत आएंगे। उनके साथ वरिष्ठ मंत्रियों और अधिकारियों सहित एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आएगा। सुल्तान हैथम बिन तारिक की भारत की यह पहली राजकीय यात्रा भारत और ओमान सल्तनत के बीच राजनयिक संबंधों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। 16 दिसंबर को सुल्तान हैथम बिन तारिक का राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत किया जाएगा। वह प्रधानमंत्री के साथ द्विपक्षीय चर्चा करेंगे। इस दौरान उनके सम्मान में दोपहर भोज का भी आयोजन किया गया है।

## फिल्म जगत

### पोते अगस्त्य के बारे में बात कर भावुक हुए अमिताभ बच्चन



**अमिताभ** बच्चन के पोते और फिल्म 'द आर्चीज' के अभिनेता अगस्त्य नंदा टीवी शो 'कौन बनेगा करोड़पति-15' में नजर आए। इस शो में अगस्त्य के साथ शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान, श्री देवी की छोटी बेटी खुशी कपूर, वेदांग रैना, मिहिर आहूजा, अदिति और युवराज मेंदा और फिल्म की डायरेक्टर जोया अख्तर भी आईं। इस एपिसोड के दौरान अमिताभ पुरानी यादें ताजा करते नजर आ रहे हैं। उनका कहना है कि उन्होंने अपनी बेटी श्वेता नंदा के बेटे अगस्त्य को उसके जन्म के पांच मिनट बाद पहली बार गोद में लिया था। सोनी टीवी के इस प्रसिद्ध शो के एक एपिसोड में अगस्त्य अपने 'नानू' यानी अमिताभ बच्चन से एक सरल प्रश्न पूछने का अनुरोध करता है। उन्होंने शायराना अंदाज में ये गुजारिश की। अगस्त्य ने पूछा, नानू आप ओजी, नानू आप महान, केबीसी के सवाल देदो आप आसान। वह दो पंक्तियां कहते हैं, लेकिन बिग बी ने उनकी बात मानने से इनकार कर दिया। बाद में अमिताभ बच्चन ने अगस्त्य का परिचय कराया। उन्होंने कहा कि अगस्त्य उनकी बेटी श्वेता नंदा का बेटा है। उसके जन्म के पांच मिनट बाद मैंने उसे अपनी बांहों में लिया था। वह अपनी उंगली से मेरी दाढ़ी को खरोंचता था। अब वह बड़ा हो गया है और एक कलाकार भी बन गया है।' यह बताते हुए अभिताभ और अगस्त्य भावुक हो गए। टीवी शो के इस एपिसोड में बिग बी ने शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान, श्रीदेवी की छोटी बेटी खुशी कपूर को भी दर्शकों से मिलवाया। फिल्म 'द आर्चीज' 7 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो गई है। इस फिल्म का निर्देशन जोया अख्तर ने किया है।